✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 36 ✶ अंक : 183 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, रविवार, 30 नवम्बर 2025 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लखनऊ में आयोजित ब्रह्माकुमारीज के ध्यान अभियान का उद्घाटन किया

## संक्षिप्त समाचार

### महागठबंधन विधायक दल के नेता बने तेजस्वी

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव हारने के बाद तेजस्वी यादव ने महागठबंधन के सभी घटक दलों के विधायकों के साथ बैठक की। बैठक में तेजस्वी यादव को महागठबंधन विधायक दल के नेता चुना गया है। मीटिंग खत्म होने के बाद तेजस्वी यादव आवास से बाहर निकले लेकिन मीडिया से बात नहीं की। पत्रकारों ने उन्हें रोकने की कोशिश की लेकिन वह सिर्फ अभिवादन करते हुए आगे बढ़ गए।

### टॉप टेन अपराधी सोनू सिंह गिरफ्तार

**लखीसराय (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मेदनी चौकी पुलिस ने जिले के टॉप टेन अपराधियों में शामिल सोनू कुमार उर्फ सोनू सिंह और उसके भाई राजू कुमार को अवगिल गांव से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एसपी अजय कुमार ने बताया कि सोनू सिंह पर सूर्यगढ़ा और मेदनी चौकी थाना क्षेत्रों में हथियार, रंगदारी और लूट जैसे गंभीर अपराधों के 17 से अधिक मामले दर्ज हैं।

### नाइजीरिया का नागरिक बिना वीजा के गिरफ्तार

**सहरसा(नबिटा ब्यूरो)।** रेलवे सुरक्षा बल ने एक विदेशी नागरिक को बिना पासपोर्ट और वीजा के शुक्रवार देर रात गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने उसे राजकीय रेलवे पुलिस को सौंप दिया जहां उसके खिलाफ शनिवार दोपहर मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरपीएफ पोस्ट कमांडर धनंजय कुमार ने जीआरपी को दी गई लिखित सूचना में बताया कि ट्रेन संख्या 18625 की नियमित जांच के दौरान एक जनरल बोगी में एक विदेशी व्यक्ति बिना टिकट यात्रा कर रहा था। पूछताछ में उसने अपनी पहचान अब्राहम (45) के रूप में बताई जो नाइजीरिया के इमो राज्य के इसाला गांव का निवासी है।

### एसएसबी जवान ने गोली मारकर की आत्महत्या

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** भारत-नेपाल सीमा के सोनबरसा एसएसबी कैंप में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब गोली की गूंज सुनाई पड़ी। भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएबी जवान ने खुदकुशी कर ली। दरअसल जवान ने अपने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की शिनाख्त नयन बराल के रूप में हुई है। नयन पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिला के हाबड़ा का रहने वाला है।

### पटना सहित सूबे की जेलों में औचक छापेमारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सूबे में जेलों के अंदर से होनेवाले अपराध को लेकर सरकार की सख्ती बढ़ गयी है। गृह विभाग के निर्देश पर शनिवार को पटना सहित राज्य भर की जेलों में औचक छापेमारी की गयी। स्थानीय एसपी, एसडीओ और एसडीपीओ के नेतृत्व में घंटों चली छापेमारी में जेलों के अंदर वार्डों को खंगाला गया। हालांकि किसी जेल से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद होने की सूचना नहीं है।

# भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भोजपुरी भारत की समृद्ध और सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है तथा इसे संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। देश-विदेश में फैले भोजपुरी समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए सरकार भाषा के उत्थान के लिए ठोस पहल कर रही है। यह बात सूबे के उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को सारण जिले के अमनौर बहुरिया रामस्वरूपा देवी नगर के परिसर में आयोजित 28वें अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन का उदघाटन करते हुए कही। डिप्टी सीएम ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार जनता के विश्वास के अनुरूप तेजी से काम कर रही है। बिहार के युवाओं को 2030 से पहले राज्य में ही रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में बड़े स्तर पर योजनाएं लागू की जा रही हैं। कानून-व्यवस्था पर उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि बिहार में माफिया के लिए अब सिर्फ जेल ही जगह है, साथ ही स्कूल-कालेज परिसर और आसपास महिला सुरक्षा को और सुदृढ़ किए जाने का आश्वासन दिया। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि बंद चीनी मिलों को पुनः चालू कराना सरकार की प्राथमिकता है। मढ़ौरा की बंद पड़ी चीनी मिल को लेकर उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करते हुए इसे अगले एक वर्ष के भीतर चालू कर दिया जाएगा। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल ने कहा कि भोजपुरी भाषा और इसका समाज अब विश्वभर में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में विकास की रफ्तार बढ़ी है और भोजपुरी भाषा को भी नया सम्मान मिल रहा है। मंत्री नितिन नवीन ने भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की दिशा में सरकार की गंभीरता दोहराई। उन्होंने कहा कि भोजपुरी की लोकप्रियता देशभर में बढ़ी है और इसे आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। इससे पहले सम्मेलन के अध्यक्ष एमएलसी संजय मयूख, डॉ. ब्रह्म भूषण मिश्र, जयकांत सिंह जय, मनोज सिंह और शिवानुग्रह नारायण सिंह ने उपमुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जयकांत सिंह जय और विधान परिषद सदस्य संजय मयूख ने संयुक्त रूप से किया।



# एलआरडीसी के कार्यों का मूल्यांकन करेगी सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने कहा है कि सरकार भूमि सुधार उप समाहर्ता (एलआरडीसी) के कार्यों का मूल्यांकन करेगी। शनिवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण के समापन पर सचिव ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और विशेषज्ञों द्वारा साझा किए गए अनुभवों को अपने कार्यक्षेत्र में लागू कर राजस्व से संबंधित सभी सेवाओं को और अधिक प्रभावी, समयबद्ध और पारदर्शी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि दो दिनों तक राजस्व क्षेत्रों के विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा दी गई जानकारी का प्रत्यक्ष लाभ तभी संभव है जब आमजन को समय पर और सटीक राजस्व सेवा मिले। विशेष सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पूरे अनुमंडल क्षेत्र की कार्यप्रणाली डीसीएलआर के प्रदर्शन से प्रदर्शित होती है। राजस्व कार्यों में दक्षता, संवेदनशीलता और पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। विभाग द्वारा इतने बड़े पैमाने पर आयोजन आमजनों को राजस्व के कार्यों में हो रही परेशानी को दूर करने के उद्देश्य से ही किया गया है।आपका दायित्व क्षेत्र में रैयतों के कार्य को आसान बनाना है। सेवानिवृत अपर सचिव विनोद कुमार झा ने दाखिल-खारिज, बीएलडीआर एक्ट एवं रुल पर विस्तृत जानकारी देते हुए सुनवाई और निष्पादन की प्रक्रिया की जानकारी दी। झा ने इस दौरान रेवेन्यू कोर्ट के कार्य, सैरात बंदोबस्ती, भूमि बंदोबस्ती नियमावली की विस्तार से जानकारी दी। गौरतलब है कि पूर्व में अंचलाधिकारियों का भी मूल्यांकन किया जाता रहा है।



# सचिवालय सेवा के अधिकारियों को नीतीश सरकार का तोहफा

## 855 अधिकारियों को मिला प्रमोशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नीतीश सरकार के एक ऐतिहासिक निर्णय के तहत बिहार सचिवालय सेवा के 855 अधिकारियों को प्रोन्नति दी गई है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से शनिवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। यह तुरंत प्रभावी भी हो गया। अधिसूचना के अनुसार बिहार सचिवालय सेवा के 31 उप सचिवों को संयुक्त सचिव में, 79 अवर सचिवों को उपसचिव में, 226 प्रशाखा पदाधिकारियों को अवर सचिव में एवं 519 सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों को प्रशाखा पदाधिकारी में प्रोन्नति दी गई है। सरकार ने यह निर्णय बिहार सचिवालय सेवा संघ की पहल पर किया है। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कई बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिल कर प्रोन्नति की मांग की थी। उन्होंने आश्वासन भी दिया था। संघ ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव तथा सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव के प्रति आभार व्यक्त किया है। संघ के अध्यक्ष आदर्श वैभव, महासचिव राणा रणजीत कुमार, वरुण पांडे, संजीव तिवारी ने कहा कि प्रोन्नति मिलने के बाद इस संवर्ग के अधिकारी पूरी निष्ठा एवं दुगुने जोश के सरकार की योजनाओं को पूरा करेंगे। संघ ने कहा कि पूर्व में बिहार सचिवालय सेवा में प्रोन्नति के अवसर सीमित थे। बिहार सचिवालय सेवा संघ की मांग पर मुख्यमंत्री द्वारा सकारात्मक निर्णय लेते हुए अक्टूबर 2025 में पदों की संख्या में वृद्धि की गई थी, जिसके फलस्वरुप आज बिहार सचिवालय सेवा के 855 पदाधिकारियों को प्रोन्नति दी गई है। इससे पूरे सचिवालय में उत्साह का माहौल है।

# इंटर की दो व मैट्रिक परीक्षा 17 फरवरी से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शनिवार को मैट्रिक, इंटर एवं विविध परीक्षाओं से संबंधित वर्ष 2026 का वार्षिक कैलेण्डर जारी कर दिया गया है। इस बात की जानकारी बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनन्द किशोर ने दी। उन्होंने बताया कि बिहार बोर्ड अब तक एक निश्चित समय पर मैट्रिक, इंटर एवं अन्य परीक्षाओं को कदाचारमुक्त और स्वच्छ माहौल में करा रही है। इस बार दो से 13 फरवरी तक इंटरमीडिएट की परीक्षा ली जाएगी। वहीं 17 से 25 फरवरी से 10वीं बोर्ड यानी मैट्रिक की परीक्षा ली जाएगी। बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर वैसे भी अब नई सरकार की सोच है कि बिहार में आयोजित होने वाली सभी परीक्षाएं समय पर हों और उसका रिजल्ट भी समय पर आए ताकि बिहार के बच्चों में पढ़ाई और अपने भविष्य को आत्मविश्वास के साथ उसे विकसित कर सकें।

# कैमूर में फंदे से लटके मिले भाई-बहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर बधार में भाई, बहन फंदे से लटके मिले हैं। दोनों की पहचान 10 साल की शिवानी और 12 साल के सुधीर के रूप में हुई है। पिता ने बताया कि बेटी खेत में काम करने गई थी। वहां घर नहीं आई तो दूसरी बेटी के साथ भाई उसे देखने गया था। दोनों ने शिवानी को फंदे से लटका देखा इसके बाद वह मुझे घटना के बारे में बताने के लिए घर आई। भाई वहीं रुक गया। जब मैं मौके पर पहुंचा तो बेटी की शव जमीन पर रखा था जबकि बेटा फंदे से लटका था। दोनों को लेकर अस्पताल आया। बेटी को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बेटे का 6 दिन तक इलाज चला। शुक्रवार को उसकी भी मौत हो गई। पिता ने आरोप लगाया है कि कुछ दिन पहले गांव के दबंग ने बच्चों को पानी पीने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पिता घुरबीगन राजभर ने बताया कि शिवानी को चंदौली अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसका पोस्टमॉर्टम वहीं करवाया गया। गंभीर स्थिति में सुधीर का इलाज चल रहा था लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने सुधार कुमार के शव का पंचनामा कर भभुआ सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया। भभुआ डीएसपी मनोरंजन भारती ने बताया कि दोनों के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। परिजनों के आवेदन पर 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है। घटनास्थल खेत के बीच का है जहां मड़ई में फंदे से झूलती डेड बॉडी मिलने की बात परिजनों ने बताई है। सभी संदिग्धों से पूछताछ करते हुए और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पीड़ित परिवार के साथ है। जो भी दोषी होगा उसे नहीं छोड़ा जाएगा।

# आम नागरिकों से शिष्टाचार के साथ करें व्यवहार : डीजीपी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के पुलिस मुख्यालय ने राज्य पुलिस के सभी पदाधिकारी और कर्मियों को आम नागरिकों से शिष्टाचार के साथ व्यवहार और बातचीत करने का निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने वाले पुलिस पदाधिकारी और कर्मी के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। बिहार के पुलिस महानिदेशक ने इसको लेकर सभी अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, जिलों में तैनात वरीय आरक्षी अधीक्षक एवं आरक्षी अधीक्षक और समादेष्टा व प्राचार्य को निर्देश दिया है। बैठक में बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने हाल के दिनों में पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा नागरिकों के साथ असभ्य व्यवहार किए जाने के दृष्टांत के बारे में बताया गया। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि इस तरह की घटना से न केवल बिहार पुलिस की छवि धूमिल होती है बल्कि जनविश्वास एवं सहयोग में भी कमी आती है।

# राजस्थान में 85 स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य प्रगति पर : वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जयपुर।** रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शनिवार को जैसलमेर स्टेशन से नई जैसलमेर-दिल्ली (शकूरबस्ती) विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए श्री वैष्णव ने घोषणा की कि जैसलमेर-दिल्ली (शकूरबस्ती) एक्सप्रेस का नाम 'स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस' रखा जाएगा। नई जैसलमेर-दिल्ली (शकूरबस्ती) जैसलमेर एक्सप्रेस के शुरू होने से राष्ट्रीय राजधानी और राजस्थान के पश्चिमी क्षेत्र के बीच रेल संपर्क में बड़ा सुधार होगा। रामदेवरा, जोधपुर, मकराना, जयपुर और अलवर जैसे शहर अब दिल्ली से और भी आसानी और सुविधा के साथ जुड़ सकेंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेल तीव्र गति से प्रगति कर रही है और हर दिन नए माइलस्टोन स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय रेल विकास की नई ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि राजस्थान में रेलवे विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं और लगभग 55,000 करोड़ की परियोजनाएं वर्तमान में प्रगति पर हैं। जैसलमेर स्टेशन के पुनर्विकास का उल्लेख करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि इसका कायाकल्प 140 करोड़ की लागत से पूरा किया गया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान के 85 स्टेशनों का लगभग 4,000 करोड़ की लागत से पुनर्विकास कार्य चल रहा है। रेलवे अवसंरचना मजबूत होने से राज्य में 6 जोड़ी वंदे भारत ट्रेनें, 1 जोड़ी अमृत भारत ट्रेन सहित अन्य सेवाएं चलाई जा रही हैं और पिछले छह महीनों में, इस ट्रेन सहित 8 नई ट्रेनें शुरू की गई हैं। उन्होंने जैसलमेर-जोधपुर के बीच ट्रैक नवीकरण कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश भी दिए।




# सीएम नीतीश ने अपने पिता को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पूज्य पिता अमर स्वतंत्रता सेनानी स्व. कविराज रामलखन सिंह की पुण्य तिथि के अवसर पर अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा जाकर 'कविराज रामलखन सिंह स्मृति वाटिका में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने अपनी माताश्री स्व. परमेश्वरी देवी एवं धर्मपत्नी स्व. मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के बड़े भाई सतीश कुमार सहित मुख्यमंत्री के परिवार के अन्य सदस्यों तथा निकट संबंधियों ने अमर स्वतंत्रता सेनानी स्व. कविराज रामलखन सिंह, स्व. परमेश्वरी देवी एवं स्व. मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सासंद कौशलेन्द्र कुमार, विधायक कृष्णा मुरारी शरण, विधायक जितेन्द्र कुमार, विधायक कौशल किशोर, विधायक रूहेल रंजन, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद ललन सर्राफ, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, पूर्व विधायक ई. सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र राणा, जिलाधिकारी पटना डॉ. त्यागराजन एसएम, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी सहित अनेक सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं परिजनों ने अमर स्वतंत्रता सेनानी स्व. कविराज रामलखन सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा के भगवती मंदिर (देवी स्थान) में पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक घर के निकट स्थित तालाब में मछलियों को दाना डाला। कल्याण बिगहा एवं आसपास के लोग मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर अत्यधिक प्रफुल्लित थे। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों की समस्यायें सुनी और उसके समाधान के लिये अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।






C M Y K

# डॉ. दिलीप और सम्राट चौधरी ने बीएलए 1 को किया सम्मानित

## बीएलए 1 के परिश्रम से भाजपा प्रदेश में सबसे अधिक विधायकों की पार्टी बनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज चुनाव प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बीएलए 1 को प्रदेश अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल और बिहार के उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी बूथ स्तर एजेंटों की प्रशंसा की गई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं संगठन महामंत्री भीखू भाई दालसनिया ने सभी बीएलओ 1 को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस समारोह में आये लोगों को सम्बोधित करते हुए बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार चुनाव में मतदाताओं ने अपना जनादेश देकर एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनाई है। उन्होंने इस चुनाव और उससे पहले किए गए परिश्रम के लिए सभी कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके बिना यह जीत आसान नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह बड़ा सम्मान का विषय है कि हम सभी बीएलए 1 सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर सभी सम्मानित बूथ लेवल एजेंट साथियों को सम्मानित कर रहे हैं। इन सभी लोगों ने जिस तरह से परिश्रम किया, उसका नतीजा चुनाव परिणाम में दृष्टिगोचर है। उन्होंने कहा कि इनके परिश्रम का परिणाम है कि आज भाजपा प्रदेश में सबसे अधिक विधायकों की पार्टी बनी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार को विकसित बिहार बनाने के लक्ष्य को लेकर काम कर रही है। इधर, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए के प्रचंड जनादेश में एक-एक कार्यकर्ता के जी-तोड़ मेहनत का योगदान है। उन्होंने कहा कि दिन-रात मेहनत कर कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण प्रदर्शित करने वाले बीएलओ-1 को सम्मानित करना अद्‌भुत है। सभी साथियों का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोगों ने अपना कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इन सभी को 243 सीटों की जिम्मेदारी दी गई थी और 202 सीटों पर एनडीए के उम्मीदवारों को जीत दिलाकर उन्होंने प्रचंड बहुमत दिलाने का काम किया। उन्होंने सभी साथियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य बिहार को विकसित बनाना है। समारोह में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसानिया, प्रदेश महामंत्री राधा मोहन शर्मा, राकेश कुमार, राधिका रमन, संयोजक, चुनाव प्रबंधन विभाग भाजपा, अधिवक्ता कृष्णनंदन सिंह, अवधेश सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, प्रभात मालाकार सहित सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि मंत्री ने किया रोटरी डिस्ट्रिक्ट फाउंडेशन सेमिनार का उद्घाटन

## रोटरी क्लब बिहार के युवाओं के बीच कृषि उत्पाद के मूल्य वर्धन का जनजागरण अभियान चलाएं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना स्थित निजी होटल में रोटरी क्लब पटना मिलेनियम द्वारा आयोजित 'उपहार-डिस्ट्रिक्ट फाउंडेशन सेमिनार' का उद्घाटन बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मंत्री ने रोटरी इंटरनेशनल द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों–स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण में किए जा रहे उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। कृषि मंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा रोटरी क्लब सेवा, संवेदना और समर्पण का प्रतीक है। मैं रोटरी परिवार को आश्वासन देता हूं कि सरकार की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। आपको कभी निराश नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कृषि बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का लगभग 21% योगदान है। विकसित बिहार और रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए कृषि का तेजी से विकास अत्यंत आवश्यक है। मंत्री ने रोटरी क्लब के सदस्यों से अनुरोध किया कि संस्था बिहार के युवाओं के बीच कृषि और कृषि उत्पाद के मूल्य वर्धन का जनजागरण अभियान चलाएं। बिहार के युवा कृषि को उद्योग और रोजगार के अवसर के रूप में अपनाएं। इस संस्था का अंतरराष्ट्रीय दायरा है। इसका इस्तेमाल कृषि के क्षेत्र में नए-नए तकनीक को बढ़ावा देना और बिहार के कृषि उत्पाद को लोकल से ग्लोबल बनाने में करें। किसानों के सशक्तिकरण के लिए भी आगे आएं और साझेदारी की संभावनाओं पर मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि राज्य में कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना, कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन, अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक निर्यात बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं और इन प्रयासों में रोटरी जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का सहयोग अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो सकता है।

# पर्यटन विकास के लिए तैयार करें ठोस रोडमैप : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पर्यटन सुविधाओं को मजबूत और विश्वस्तरीय बनाने के लिए शनिवार को विभाग में महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई। पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद के पदभार संभालने के बाद पहली विभागीय समीक्षा बैठक पर्यटन निदेशालय सभागार में की गयी जिसमें विभाग की योजनाओं, प्रगति और आगे की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह, निदेशक सह विशेष सचिव उदयन मिश्रा समेत निगम और विभाग के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विभाग की संरचना, कार्यप्रणाली और प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। वहीं निदेशक उदयन मिश्रा ने बिहार के प्रमुख पर्यटन सर्किट–बुद्ध सर्किट, ईको सर्किट, सिख सर्किट, जैन सर्किट, रामायण सर्किट, सूफी सर्किट, शिव शक्ति सर्किट और गांधी सर्किट से जुड़े स्थलों की प्रगति और संचालन का ब्योरा प्रस्तुत किया। प्रजेंटेशन में राज्य और केंद्र सरकार के सहयोग से चल रही योजनाओं की वर्तमान स्थिति, उन पर हो रहे व्यय, और मुख्यमंत्री की प्रगति यात्राओं के दौरान की गई घोषणाओं पर काम की रिपोर्ट भी शामिल थी। इसके अलावा केंद्रीय बजट में गया, बोधगया, नालंदा और राजगीर के विकास से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति पर भी मंत्री को विस्तृत जानकारी दी गई। मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने विभाग की प्रस्तुति को उत्साहजनक बताया और कहा कि इससे स्पष्ट है कि विभाग पर्यटन को बढ़ावा देने में संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। उन्होंने विभाग को निर्देश दिया कि अगले 100 दिनों के भीतर पर्यटन विकास का एक ठोस रोडमैप तैयार किया जाए, जो बिहार को देश और दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित कर सके। मंत्री ने कहा कि बिहार पर्यटन को एक वैश्विक ब्रांड के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। इसके लिए विभाग को नवाचार और रणनीतिक योजनाओं के साथ आगे बढ़ना होगा। मंत्री ने कहा कि विभाग में कितने पद रिक्त हैं, इसकी विस्तृत समीक्षा कर रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यटन क्षेत्र से बड़े पैमाने पर स्थायी और अस्थायी रोजगार का अवसर पैदा होता है और विभाग को इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि रिक्तियों को भरने और नई नियुक्तियों के प्रस्ताव जल्द तैयार कर सरकार को भेजें।

# वैशाली तीर्थ पर भव्य धार्मिक अनुष्ठान, पटना से सैकड़ों जैन श्रद्धालु पहुंचे वैशाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना/ वैशाली।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की पावन जन्मभूमि श्री वैशाली जी दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र एक ऐतिहासिक और मांगलिक क्षण का साक्षी बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। रविवार 30 नवंबर 2025 से प्रारंभ होने वाले भव्य धार्मिक अनुष्ठान को लेकर तीर्थ क्षेत्र में तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। पूरा परिसर अध्यात्म और भक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है। इस भव्य आयोजन की सबसे विशेष बात यह है कि यह 'सराक केशरी' मुनि श्री 108 विशल्य सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में संपन्न होने जा रहा है। मुनि श्री अपने संघ के साथ वैशाली तीर्थ पर विराजमान हो चुके हैं जिससे क्षेत्र का वातावरण अत्यंत पवित्र और ऊर्जावान हो गया है। मुनि श्री के दर्शन और प्रवचन श्रवण के लिए पटना एवं अन्य स्थानों से श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला शुरू हो चुका है। कार्यक्रम की रूपरेखा अत्यंत भव्य बनाई गई है। धार्मिक क्रियाओं का शुभारंभ विधि-विधान के साथ होगा। आयोजन की शुरुआत भव्य श्री जी के अभिषेक, शांतिधारा, घटयात्रा और मांगलिक विधान के साथ होगी जिसके पश्चात मंदिर के शिखर की शुद्धि की जाएगी। इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण मंदिर के शिखर पर 'स्वर्ण कलश' की स्थापना और 'स्वर्ण ध्वज' का आरोहण होगा। यह मांगलिक कार्य मुनि श्री विशल्य सागर जी के सानिध्य में संपन्न होगा जो जैन समाज के लिए एक गौरवमयी क्षण होगा। संपूर्ण कार्यक्रम की धार्मिक विधियां सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठाचार्य पंडित मुकेश जी शास्त्री, अम्बा (मुरैना) के निर्देशन में संपन्न होंगी। उनके प्रतिष्ठाचारित्व में मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ सभी पूजन कार्य पूर्ण किए जाएंगे जिससे तीर्थ क्षेत्र की पवित्रता और अधिक प्रबल होगी। एम पी जैन ने बताया कि बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारियां कर ली है। कमिटी के मानद मंत्री श्री पराग जैन तैयारियों की देख रेख कर रहे हैं। क्षेत्रीय मंत्री वैशाली सुबोध जैन ने बताया कि व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अलग-अलग टीमों को कार्य सौंपे गए हैं। मौके पर एम पी जैन ने कहा कि वैशाली की धरती भगवान महावीर के अहिंसा और सत्य के संदेशों को पुनः गुंजायमान करने के लिए तैयार है। स्वर्ण कलश एवं स्वर्ण ध्वज स्थापना के इस ऐतिहासिक पल को लेकर जैन समाज में अपार उत्साह है और यह आयोजन बिहार के धार्मिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है।

# गया सेंट्रल जेल में छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गया सेंट्रल जेल में शनिवार की सुबह पुलिस-प्रशासन ने अचानक छापेमारी कर दी। सुबह करीब साढ़े पांच बजे सदर एसडीओ क्रिसलय श्रीवास्तव और टाउन एसडीपीओ सरोज कुमार, ट्रैफिक डीएसपी सुधीर कुमार व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में यह कार्रवाई शुरू हुई। छापेमारी के दौरान कैदी अपनी दैनिक दिनचर्या में व्यस्त थे, तभी पुलिस बल को एक साथ जेल परिसर में प्रवेश करते देख कैदियों में हड़कंप मच गया। करीब तीन घंटे तक चले इस तलाशी अभियान में जेल के सभी वार्डों, सेल, महिला वार्ड, बैरकों और अन्य संवेदनशील जगहों को खंगाला गया। सघन जांच के बावजूद पुलिस को किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। अधिकारियों ने कहा कि तलाशी अभियान नियमित औचक निरीक्षण की प्रक्रिया का हिस्सा है। ताकि जेल के अंदर कानून-व्यवस्था सख्ती से बनी रहे। तलाशी के बाद जेल में तैनात पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही कुख्यात एवं सजायाफ्ता कैदियों पर कड़ी निगरानी रखने का आदेश दोहराया गया। सिटी एसपी रामानंद कुमार कौशल ने बताया कि समय-समय पर ऐसे औचक निरीक्षण किए जाते हैं जिससे संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके और सुरक्षा व्यवस्था चुस्त बनी रहे। छापेमारी अभियान में साइबर डीएसपी साक्षी राय, मगध मेडिकल थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार, सिविल लाइन थानाध्यक्ष मो शमीम व अन्य शामिल थे।

# पूनम सिंघी ने रजिस्ट्रार जनरल को भेंट की जस्टिस भंडारी की पुस्तक

## त्वरित न्याय मॉडल बना राष्ट्रीय चर्चा का विषय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राजस्थान हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश गणपत सिंह भंडारी द्वारा रचित प्रख्यात पुस्तक डिलिवरिंग इंस्टेंट जस्टिस की प्रति पटना हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल प्रदीप कुमार मल्लिक को भेंट की गई। यह पुस्तक श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, पटना के अध्यक्ष पूनम सिंघी द्वारा औपचारिक रूप से सुपुर्द की गई। सिंघी ने कहा कि जस्टिस भंडारी द्वारा लिखित यह पुस्तक देशभर के सभी राज्यों के उच्च न्यायालयों में वितरित की जा चुकी है। न्यायमूर्ति भंडारी के कार्यकाल की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहने दिया और सदैव त्वरित एवं प्रभावी न्याय प्रदान किया जो न्यायिक व्यवस्था के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण है। इस मौके पर वयोवृद्ध सदस्य तनसुख लाल बैद ने विचार व्यक्त किया कि पुस्तक में निहित सिद्धांत और अनुभव भारत की न्यायिक प्रणाली में महत्वपूर्ण सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। यदि त्वरित न्याय की यह पद्धति व्यापक स्तर पर अपनाई जाए तो देश में लंबित मुकदमों में उल्लेखनीय कमी आ सकती है और आमजन को शीघ्र न्याय प्राप्त होगा जिससे आर्थिक एवं सामाजिक दोनों स्तरों पर लाभ मिलेगा। पुस्तक में उद्योग से जुड़े मामलों पर टिप्पणी करते हुए बताया गया कि भूमि अधिग्रहण, औद्योगिक स्वीकृतियों तथा अन्य कारणों से लंबित मामलों के चलते उद्योगपति एवं सरकार दोनों को भारी आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। समय पर निर्णय न आने से ब्याज, देरी से भुगतान, कर राजस्व में कमी जैसे अनेक नुकसान सामने आते हैं।

# 1 दिसंबर को बिहार कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा आगामी 1 दिसंबर को अति महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित की जा रही है। इस बाबत कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने बताया कि बैठक में प्रदेश कांग्रेस के सभी जिलाध्यक्षों और कार्यकारी अध्यक्षों के साथ फ्रंटल प्रमुख, मोर्चा और संगठन प्रमुख को अनिवार्य रूप से इस बैठक में शामिल होने का निर्देश प्रदेश मुख्यालय से निर्गत किया गया है। बैठक की अध्यक्षता बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम करेंगे। चुनाव के बाद राज्य कमिटी की यह पहली वृहद बैठक होगी। बताते चलें कि आगामी 14 दिसंबर को वोट चोरी के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर विरोध प्रदर्शन के लिए रैली का आयोजन दिल्ली में होना सुनिश्चित हुआ है और इसकी तैयारी को लेकर भी इस बैठक में अहम चर्चा होगी।

# डाबर च्यवनप्राश से अपनी इम्यूनिटी बढ़ाएं और आनंद उठाएं सर्दियों का

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सर्दी का मौसम किसे अच्छा नहीं लगता, लेकिन जब इस सर्दी में खांसी, जुकाम एवं श्वांस संबंधी बीमारियां हो जाये तो सर्दी का मजा फीका पड़ जाता है। आमतौर पर ये बीमारियां तापमान में होने वाले बड़े बदलाव एवं बदलते मौसम में किसी भी व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता के कम हो जाने के कारण होती हैं। ऐसे में हजारों वर्षों से प्रसिद्ध, लाखों-करोड़ों लोगों द्वारा सफलतापूर्वक आजमाया हुआ आयुर्वेदिक उत्पाद च्यवनप्रास काफी राहत देता है। डाबर च्यवनप्राश का सेवन न केवल हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर हमें इस सीजन में प्रायः होने वाली खांसी, जुकाम जैसी बीमारियों से बचाता है बल्कि हमारे शरीर के अनेक अंगों की क्रियाओं को अच्छा करता हुआ शरीर को बलशाली भी बनाता है। डाबर का प्रमुख हेल्थकेयर ब्रांड डाबर च्यवनप्राश ने आज देश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक मेगा जागरूकता पहल की शुरूआत की घोषणा की। इस पहल के तहत प्रमुख डॉक्टर के साथ मिलकर डाबर च्यवनप्राश ने परिवर्तनशील मौसम, सामान्य बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने के लिए एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने की आवश्यकता पर बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रतिरक्षा सत्र आयोजित किया।

# गंगा देवी महिला महाविद्यालय में शिक्षकों को मिला उन्नत प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**फुलवारी शरीफ।** शनिवार को गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पटना में आयोजित 12 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का सफल समापन हुआ। यह कोर्स एम0 एम0 टी0 टी0 सी0, आई0 आई0 टी0 पटना के सौजन्य से संचालित किया गया था। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 विजय लक्ष्मी ने बताया कि इस कोर्स का उद्देश्य शिक्षकों और शोधकर्ताओं को नवीनतम तकनीकों तथा आधुनिक ज्ञान से अपडेट करना था। कोर्स की कोऑर्डिनेटर डा0 रेणू कुमारी ने कहा कि प्रतिभागियों को एआई, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, सोशल साइंस, ह्यूमैनिटीज, एग्रीकल्चर, मानसिक स्वास्थ्य एवं अन्य विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कोर्स के डायरेक्टर डा0 संजोय कुमार परिदा (आई0 आई0 टी0 पटना) ने ऑफलाइन और ऑनलाइन क्लासेस के माध्यम से एआई से जुड़े विविध क्षेत्रों पर गहन जानकारी प्रदान की। आई0 आई0 टी0 पटना के डायरेक्टर प्रो0 टी0 एन0 सिंह ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। समापन समारोह में प्रो0 टी0 एन0 सिंह, प्रो0 विजय लक्ष्मी, कोर्स कन्वेनर एवं प्रोग्राम डायरेक्टर, डा0 संजोय कुमार परिदा, कोऑर्डिनेटर डा0 अभिनोय कुमार सिंह, कोऑर्डिनेटर डा0 रेणू कुमारी, प्रबंधन समिति की डा0 भव्या झा, डा0 स्वेता गुप्ता, डा0 विधु वाला तथा सभी प्रतिभागी उपस्थित थे। यह रिफ्रेशर कोर्स 17 नवम्बर 2025 से प्रारंभ हुआ था। 17-11-2025 से 22-11-2025 तक यह ऑफलाइन मोड में तथा 24-11-2025 से 29-11-2025 तक ऑनलाइन मोड में संचालित किया गया। कुल 72 घंटे के हाइब्रिड प्रारूप वाले इस कोर्स में विभिन्न विश्वविद्यालयों से शिक्षक और रिसर्च स्कॉलर जुड़े।

# सीएचसी में सफाई कर्मियों को दिए गए कंबल

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत सफाई कर्मी को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कंबल वितरण किया। डॉ अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत सफाई कर्मचारी को सर्दी के मौसम देखते हुए कंबल दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने सफाई कर्मचारियों के कड़ी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए यह कदम उठाया। उन्होंने कहा कि सर्दी आते ही सभी कर्मचारियों को कंबल देकर सम्मानित करना एक परंपरा है। इस अवसर पर गार्ड सुपरवाइजर पप्पू रजक, एंबुलेंस एमटी विनय यादव, और सफाई कर्मी पार्वती देवी, रेखा देवी, पिंकी देवी, संजू देवी, किरण देवी, रामरूप राम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा वाल्मीकिनगर भारत-नेपाल सीमा पर कंबल वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**वाल्मीकिनगर।** कड़ाके की ठंड के बीच मानवता की मिसाल पेश करते हुए अंतरराष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान ने भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में लावारिस, दिव्यांग, असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया। सेवा कार्य की शुरुआत ई-टाइप कॉलोनी से की गई। संस्था के संरक्षक फौजी विद्यासागर राणा के सहयोग से उपलब्ध कराए गए कंबलों का वितरण संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद द्वारा किया गया। इस अवसर पर संगीत आनंद ने कहा कि संस्था हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ठंड से प्रभावित लोगों की सहायता के उद्देश्य से यह अभियान चला रही है। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी ने कहा कि जब तक समाज में एक भी व्यक्ति ठंड, भुखमरी और दिव्यांगता से जूझ रहा है, तब तक यह सेवा यात्रा निरंतर जारी रहेगी। कंबल पाकर असहाय लोगों के चेहरे पर दिखाई देने वाली राहत और संतोष ने सेवा कार्य की सफलता को स्पष्ट कर दिया। संस्था के संस्थापक डी. आनंद ने कहा कि मानवता और इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। कंबल वितरण के साथ-साथ प्रतिदिन की तरह जरूरतमंदों को भोजन पैकेट भी उपलब्ध कराया गया। समाजसेवी धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने इस पहल को मानवीय जिम्मेदारी बताया जबकि वर्ल्ड मीडिया इन्फोटेनमेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि ऐसी सेवाभावना समाज के लिए प्रेरणादायक है। कृषि वैज्ञानिक विनय कुमार ने इसे पीड़ित मानवता की सेवा बताया। संस्था के सचिव अखिलानंद और संरक्षक विजय कुमार ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कंबल वितरण अभियान मानव संवेदनाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों में निर्माता एचेल थारू, मुखिया खूबलाल बड़घड़िया, लोकगायक नौरंगिया स्टार राजन दीवाना, निर्माता अरविंद अकेला, गायक शिवचंद्र शर्मा, प्रदीप कुमार, नवरत्न प्रसाद, जगदीश प्रसाद, किशोर कुमार, संतोष कुमार, महिला समाजसेवी स्वरांजलि सरगम, वरिष्ठ टीटीई सुधीर कुमार, पवन भट्टराई और धर्मपाल गुरु वशिष्ठ महाराज शामिल थे। इस दौरान छाता चौक, गोल चौक, थ्री आर. डी पुल, टंकी बाजार, हवाई अड्डा परिसर, लवकुश घाट, तीन नंबर पहाड़, अस्पताल कॉलोनी और अन्य इलाकों में रहने वाले असहाय एवं दिव्यांगजन लाभान्वित हुए।

# लेडी स्टीफेन्सन हॉल ने मनाया स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** लेडी स्टीफेन्सन हॉल प्रबंधन समिति ने अपना स्थापना दिवस अत्यंत गरिमा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर रेशमा आरिफ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। लेडी स्टीफेन्सन हॉल की आधारशिला वर्ष 1932 में लेडी स्टीफेन्सन द्वारा रखी गई थी जिसका उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देना था। इस महनीय विरासत को आगे बढ़ाते हुए स्थापना दिवस समारोह को श्रद्धा, उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया गया। लेडी गवर्नर का गर्मजोशी से स्वागत सचिव जयंती लाल और संयुक्त सचिव सुमिता साही ने शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इसके पश्चात अध्यक्षा श्रीमती माया लाल ने प्रेरणादायक स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

# गर्भवती महिलाओं के लिए सदर अस्पताल में मुफ्त अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू

## महिला ओपीडी में की गयी व्यवस्था, सीएस डॉ चंदेश्वरी रजक ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भभुआ।** जिलेवासियों के लिए राहत भरी खबर है कि सदर अस्पताल में शुक्रवार से अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा भी शुरू हो गयी है। महिला ओपीडी में स्थापित इस बहुप्रतीक्षित सुविधा का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ चंदेश्वरी रजक और वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ किरण सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके साथ ही अब मरीजों को अल्ट्रासाउंड जांच के लिए निजी अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। हालांकि, सदर अस्पताल में शुक्रवार से शुरू हुई अल्ट्रासाउंड की सुविधा फिलहाल गर्भवती महिलाओं को ही मिलेगी और उनका निःशुल्क अल्ट्रासाउंड किया जायेगा। सिविल सर्जन ने बताया कि सदर अस्पताल में शुरू हुई अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क होगी और खासतौर पर गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। बताया कि अल्ट्रासाउंड से जटिल प्रसव मामलों की समय पर पहचान और प्रबंधन में काफी मदद मिलेगी। साथ ही यह मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम करने में भी कारगर साबित होगा। वहीं, अब आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को जांच के लिए अपनी गाढ़ी कमाई भी खर्च नहीं करनी होगी। सीएस ने कहा कि सदर अस्पताल में कार्यरत स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ किरण सिंह और डॉ मनीषा नारायण की निगरानी में यह सुविधा संचालित की जायेगी। शुक्रवार को सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा की सेवा शुरू होने के दौरान सीएस डॉ चंदेश्वरी रजक ने अल्ट्रासाउंड मशीन का निरीक्षण किया और संचालन प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह सुविधा मरीजों के लिए समय और पैसे दोनों की बचत करेगी। साथ ही बीमारियों की समय पर पहचान में मदद करेगी। डीएचएस प्रबंधक ऋषिकेश जायसवाल ने बताया कि सदर अस्पताल में जब डॉ किरण सिंह की ड्यूटी महिला ओपीडी में रहती थी तो उनके द्वारा अल्ट्रासाउंड किया जाता था, लेकिन अब इसे रविवार छोड़कर हर दिन के लिए शुरू कर दिया गया है। फिलहाल गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड किया जायेगा। टेक्नीशियन सहित अन्य व्यवस्था हो जाती है तो जल्द ही यह सुविधा हर जरूरी मरीजों को मिलने लगेगी। इसके अलावा अब सदर अस्पताल में ही हर दिन अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलने से इलाज के लिए सदर अस्पताल आयी हुई गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को दलालों और बिचौलियों के फेर में पड़कर प्राइवेट क्लिनिक के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इसलिए यह सुविधा सरकारी इलाज को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

# नसबंदी कराने वाले पुरुषों को मिलेगी तीन हजार की प्रोत्साहन राशि

## सीएचसी पर जागरूकता मेला का किया गया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दुर्गावती।** पुरुष नसबंदी पखवारे को लेकर स्थानीय सीएचसी पर जागरूकता मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संगीता सिन्हा ने किया। इस दौरान इच्छुक महिला पुरुषों को परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों का स्वास्थ्य कर्मी द्वारा वितरण किया गया। साथ ही परिवार नियोजन के स्थायी साधनों को अपनाने की सलाह दी गयी। मिशन परिवार विकास अभियान के तहत पुरुष नसबंदी जागरूकता पखवारा आगामी 12 दिसंबर तक इलाके में चलाया जाना है। इसके माध्यम से आशा हर घर पहुंच दंपती को नसबंदी के लिए जागरूक करेगी। इस संबंध में स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव ने कहा इसके तहत अधिक से अधिक पुरुषों की नसबंदी का लक्ष्य रखा गया है। क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से आमजनों में जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं की जानकारी पहुंचाना व योग्य दंपतियों को इच्छित सेवा प्रदान करना है। अभियान के दौरान दो और तीन बच्चों के पिता को पुरुष नसबंदी करवाने के लिए प्रेरित किया जायेगा। साथ ही एक बच्चे के पिता को परिवार नियोजन के अस्थायी उपाय व दो और तीन बच्चों के पिता को पुरुष नसबंदी करवाने के लिए प्रेरित कर इसके लिए आवश्यक साधन भी उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान के तहत नसबंदी कराने वाले पुरुषों को प्रोत्साहन के रूप में तीन हजार रुपये की राशि भी मिलेगी।

# पाली रेल ओवरब्रिज मार्च तक चालू होगा : बबल कश्यप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी के पाली पुल मार्च तक चालू हो जाएगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल में शनिवार को आयोजित मंडल रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक में सदस्य व भाजपा नेता बबल कश्यप को यह जानकारी डी आर एम उदय सिंह मीणा ने दी। उन्होंने डिहरी स्टेशन के सर्वांगीण विकास और यात्री सुविधाओं के विस्तार का मुद्दा प्रमुखता से रखा। उन्होंने पाली पुल का शीघ्र परिचालन प्रारम्भ करने को लेकर यात्रियों और आम नागरिकों की आवाजाही को सुगम बनाया जा सके। उन्होंने स्वचालित सीढ़ी (एस्केलेटर), लिफ्ट और अन्य आवश्यक यात्री सुविधाओं को जल्द से जल्द चालू और क्रियान्वित करने की पुरजोर मांग की। उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस, दुर्गियाना एक्सप्रेस का डिहरी स्टेशन पर ठहराव, आरा-सासाराम पैसेंजर का डिहरी तक विस्तार सहित अन्य प्रमुख ट्रेनों के ठहराव पर गंभीरता से चर्चा हुई। उन्होंने डालमियानगर रेल कारखाना का निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। मंडल रेल प्रबंधक श्री मीणा व अन्य अधिकारियों ने सभी मांगों को अत्यंत गंभीरता से लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि डिहरी स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विकास और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाएगा।

# महिलाओं ने सीएम की बातों को रुचि के साथ सुना

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चांद।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से महिलाओं को विशेष जानकारी दी गयी। महिलाएं काफी रुचि के साथ सीएम की बातों को सुना। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद हदीद खान ने बताया कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जिन महिलाओं के खाते में राशि नहीं भेजी गयी थी, उन्हें आज लाइव वेब कास्टिंग के माध्यम से भेजा जा रहा है। मौके पर काफी संख्या में जीविका सहायिका व सेविकाएं मौजूद रहीं।

# डीएम ने जनता दरबार में फरियादियों की समस्या समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा दैनिक लोक साक्षात्कार के क्रम में कुल 10 व्यक्तियों से साक्षात्कार किया गया। उक्त साक्षात्कार के क्रम में आवेदक ओम प्रकाश चौरसिया (होटल डिलक्स) सासाराम चैंबर ऑफ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष एवं रोहतास शांति समिति के सदस्य के द्वारा अतिक्रमण एवं सासाराम रेलवे स्टेशन पर यातायात को सुचारू रूप से चलाने हेतु आवेदन दिया गया। आवेदक - देवमुनी सिंह, ग्राम-बलभद्रपुर, प्रखंड - करगहर के द्वारा छुटे हुए जमाबंदी के सुधार हेतु आवेदन प्राप्त किया गया एवं आवेदक - राजू कुमार, ग्राम-कझांव, पोस्ट-नाद, प्रखंड-शिवसागर के द्वारा उत्पन्न भूमि विवाद को सुलझाने हेतु आवेदन दिया गया। उक्त तीनों आवेदन पत्रों को निष्पादन हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास को अग्रसारित किया गया। आवेदिका - खुदैजा बीबी, पति - स्वर्गीय सतार अंसारी, मुहल्ला- शाहजलालपीर, पोस्ट / थाना - सासाराम के द्वारा परिचारी के पद पर कार्यरत पुत्र का स्थानांतरण कराने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे शीघ्र निष्पादन हेतु स्थापना उप समाहर्ता, रोहतास को निदेशित किया गया। इसी प्रकार प्राप्त शेष सभी आवेदन पत्रों को अविलंब निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों/कार्यालयों को निदेशित किया गया।


**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा**

E-Mail Id- agriculturegarhwa2015@gmail.com

**आम सूचना**

झारखण्ड राज्य मिलेट योजना अन्तर्गत मिलेट बैंक हेतु इच्छुक कृषि विज्ञान केन्द्रों, किसान उत्पादक संगठनों (एफ.पी.ओ.) स्वयं सहायता समूहों (एस.एच.जी.) कृषक पाठशालाओं और सहकारी समितियों से पोर्टल के माध्यम से आवेदन अमत्रिंत किये जाने हेतु योजना की पात्रता मापदण्ड हेतु आवश्यक सूचना निम्न प्रकार हैः–

- मिलेट बीज बैंक को विभिन्न प्रकार के फसलोपरान्त उपकरण, बीज प्रसंस्करण, अवसंरचना, भण्डारण सुविधाएं सब्सिडी पर उपलब्ध कराई जाएगी।
- मिलेट बीज बैंक की न्यूनतम क्षमता 1 टन तथा अधिकतम 100 टन होनी चाहिए।
- मिलेट बीज बैंक के पास वैद्य बीज लाईसेंस होना चाहिए
- मिलेट बीज बैंक मिलेट बीज की खरीद, प्रसंस्करण और भण्डारण करेगा।
- मिलेट बीज बैंक केवल अपने सदस्य किसानों से मिलेट खरीदेगा जो उचित मूल्य पर मिलेट बीज बैंक को अपनी उपज बेचने के इच्छुक है।
- शेयरधारक/सदस्य किसान यह निर्णय ले सकते है कि वे किस दर पर अपना उत्पाद बेचना चाहते हैं तथा किस दर पर सदस्य किसानों या शेयरधारकों को स्वच्छ मिलेट बीज बेचा जाएगा।
- मिलेट बीज बैंक वाणिज्यिक उद्देश्य के लिए बीज की बिक्री नहीं करेगा।
- मिलेट बीज बैंक अपने सदस्य किसानों को उचित दर पर मिलेट बेचेगा।
- मिलेट के बीज गुणवत्ता मिलेट बीज बैंक की जिम्मेदारी है।
- राज्य सरकार बीज की गुणवत्ता, मात्रा और अंकुरण की विफलता आदि से उत्पन्न मुद्दों के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
- राज्य सरकार भारत सरकार के बीज अधिनियम के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मिलेट बीज बैंक के परिसर का सत्यापन और जॉच कर सकती है।
- मिलेट बीज बैंक डी.एम.एम.सी. द्वारा अधिसूचित किया जाएगा।
- आवेदन करने हेतु पार्टल की विवरणीः– jhmm.jharkhand.gov.in

जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.367397 Agriculture(25-26):D


# कंप्यूटर विजन और जेनरेटिव ए आई का हैंड्स-ऑन इंट्रोडक्शन सेमिनार आयोजित

## नारायण नर्सिंग कॉलेज में बी एनआरसी और प्रेरणा के सहयोग से नर्सों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर वेबिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सूचना प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी विभाग ने 29 नवंबर 2025 को दोपहर 12:15 बजे से 2.15 बजे तक 'रियल-वर्ल्ड ए आई एप्लीकेशन बनानाः कंप्यूटर विजन और जेनरेटिव ए आई का हैंड्स-ऑन इंट्रोडक्शन' नाम का एक जानकारी भरा सेमिनार आयोजित किया। इस सेमिनार का मकसद छात्रों और फैकल्टी मेंबर्स को कंप्यूटर विजन और जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रैक्टिकल और तेजी से आगे बढ़ रहे डोमेन से परिचित कराना था जो ऑटोमेशन, इंटेलिजेंट डिसीजन-मेकिंग और क्रिएटिव कंटेंट जेनरेशन के जरिए इंडस्ट्रीज को बदल रहे हैं।

इस सत्र को मिस्टर मनीष कुमार ने लीड किया जो एक जाने-माने लीड डेटा साइंटिस्ट, एम एल ओ पी एस इंजीनियर एवं जेनरेटिव ए आई और कंप्यूटर विजन के एक्सपर्ट हैं जिन्होंने बड़े पैमाने पर ए आई सॉल्यूशन डेवलप करने और डिप्लॉय करने में अपना बहुत ज्यादा प्रोफेशनल एक्सपीरियंस शेयर किया। सेमिनार के दौरान मिस्टर कुमार ने पार्टिसिपेंट्स को ए आई-ड्रिवन विजुअल सिस्टम के बेसिक कॉन्सेप्ट्स से इंट्रोड्यूस कराया और दिखाया कि कंप्यूटर विजन मॉडल इमेज को कैसे एनालाइज करते हैं, पैटर्न को कैसे पहचानते हैं और ऑब्जेक्ट डिटेक्शन, फेशियल रिकग्निशन और ऑटोनॉमस सिस्टम जैसे रियल-वर्ल्ड एप्लीकेशन को कैसे सपोर्ट करते हैं। उन्होंने जेनरेटिव ए आई टेक्नोलॉजी का एक हैंड्स-ऑन ओवरव्यू भी दिया जिसमें मॉडर्न जेनरेटिव मॉडल के पीछे काम करने के प्रिंसिपल्स को समझाया और दिखाया कि वे इमेज कैसे बनाते हैं क्रिएटिविटी को बढ़ाते हैं और ऑटोमेशन वर्कफ्लो को सपोर्ट करते हैं। सेशन में भरोसेमंद, स्केलेबल और प्रोडक्शन-रेडी ए आई सिस्टम बनाने के लिए जरूरी एम एल ओ पी एस प्रैक्टिस पर भी जोर दिया गया। स्टूडेंट्स ने इंटरैक्टिव डिस्कशन और प्रैक्टिकल उदाहरणों के जरिए एक्टिव रूप से हिस्सा लिया जिससे ए आई इकोसिस्टम में उभरते ट्रेंड्स और करियर के मौकों के बारे में क्लैरिटी मिली। सेमिनार ने पार्टिसिपेंट्स की टेक्निकल समझ को सफलतापूर्वक मजबूत किया और उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में एडवांस्ड रिसर्च और इनोवेशन को एक्सप्लोर करने के लिए इंस्पायर किया। इस तरह के आगे की सोच वाले एकेडमिक इनिशिएटिव्स के जरिए, हाई-क्वालिटी, इंडस्ट्री-रिलेटेड लर्निंग एक्सपीरियंस देने और तेजी से बदलते ग्लोबल टेक्नोलॉजी लैंडस्केप में एक्सीलेंट होने के लिए लर्नर्स को तैयार करने के अपने कमिटमेंट को बनाए रखता है। इसी बीच विश्वविद्यालय के नारायण नर्सिंग कॉलेज ने बी एनआरसी और प्रेरणा के सहयोग से नर्सों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर वेबिनार का आयोजन किया। यह कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. के. लता, डीन-सह-प्राचार्या के मार्गदर्शन में और उप-प्राचार्या डॉ. श्वेता शर्मा की सह-अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न संस्थानों के शिक्षकों से 131 पंजीकरणों के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। कार्यक्रम के सम्मानित वक्ताओं डी. ज्ञान सुंदरम एआई इन हेल्थकेयर विशेषज्ञ/साइबर सुरक्षा सलाहकार प्रबंधन कोच और कॉर्पोरेट तकनीकी प्रशिक्षक ने दैनिक नर्सिंग चुनौतियों, स्मार्ट प्रलेखन, पूर्वानुमानित रोगी निगरानी, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, जोखिम स्कोर को समझने, महत्वपूर्ण नर्सिंग निर्णय पर चर्चा की। इस वेबिनार में स्वास्थ्य देखभाल में एआई को संभालने के ज्ञान और कौशल को विकसित किया गया था।


**Govt of Jharkhand**

**Department of Mines and Geology District- Palamau**

**Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats**

**(Through E-Procurement mode over https://www.jharkhandtenders.gov.in)**

**The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025** में उल्लेखित प्रावधानों के तहत **Category-2** के बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :–

1. चतुर्थ ई–नीलामी कार्यक्रम :–

<table>
<tr><th>NIT.No-<br>MINES/ PALAMAU/ SAND/</th><th>बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालूघाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी।</th><th>निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/–रू0+ GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि</th><th>ई–नीलामी से पूर्व प्री–बीड बैठक एवं प्रशिक्षण का समय एवं स्थान</th><th>अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की प्रारम्भिक एवं अंतिम तिथि एवं समय</th><th>तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि</th><th>ई–नीलामी की तिथि एवं समय</th></tr>
<tr><td>1</td><td>2</td><td>3</td><td>4</td><td>5</td><td>6</td><td>7</td></tr>
<tr><td>39/2025</td><td>KANKE KHURD</td><td rowspan="19">01.12.2025<br>समय–11:00 बजे पूर्वाह्न से।</td><td rowspan="19">समाहरणालय ब्लॉक–ए, सभा कक्ष<br>तिथि–02.12. 2025<br>समय–11:00 बजे पूर्वाह्न में।</td><td rowspan="19">02.12.2025, 11:00 AM<br>एवं<br>16.12.2025, 11:00 AM</td><td rowspan="19">19.12.2025, 11:00 AM</td><td rowspan="19">22.12.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 6:00 बजे अपराह्न तक।</td></tr>
<tr><td>40/2025</td><td>BARWAIYA</td></tr>
<tr><td>41/2025</td><td>KABRA KALAN</td></tr>
<tr><td>42/2025</td><td>GURTURI, KUMHRADIH</td></tr>
<tr><td>43/2025</td><td>JAITUKHAND</td></tr>
<tr><td>44/2025</td><td>LALGARA</td></tr>
<tr><td>45/2025</td><td>MISIR PATRA</td></tr>
<tr><td>46/2025</td><td>BIRITIYA, DANDAR KUMHRADIH</td></tr>
<tr><td>47/2025</td><td>PARTA</td></tr>
<tr><td>48/2025</td><td>DANGWAR</td></tr>
<tr><td>49/2025</td><td>KOLHUA SONBARSA</td></tr>
<tr><td>50/2025</td><td>GORHO</td></tr>
<tr><td>51/2025</td><td>BARWADIH,UKSU</td></tr>
<tr><td>52/2025</td><td>MALLHATOLI, JINJIRA, TOLRA</td></tr>
<tr><td>53/2025</td><td>MERAL</td></tr>
<tr><td>54/2025</td><td>DELHA, BARKOMA, VISHUNPUR</td></tr>
<tr><td>55/2025</td><td>GANGI, LIDKI, KAKTUA</td></tr>
<tr><td>56/2025</td><td>RAMPUR, BOKEYA KHURD, BOKEYA KALAN</td></tr>
<tr><td>57/2025</td><td>SINGRAHA KALAN, SINGRA KHURD</td></tr>
</table>

2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट पर उपलब्ध है। निविदा खुलने की तिथि **17.12.2025 (11:00 AM)** को निर्धारित है।
3. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी प्रक्रिया, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in से करायी जाएगी।
4. ई–नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUF को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www. Jharkhandtenders.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।
7. बालूघाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 के नियम–3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
8. निविदादाता द्वारा ई–पोरक्योमेंट/ई–नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा। BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
9. एतद संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.in एवं जिले के website पर उपलब्ध है।

ह0/– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, पलामू

ह0/– जिला कोषागार पदाधिकारी, पलामू

ह0/– जिला खनन पदाधिकारी, पलामू

ह0/– अपर समाहर्ता, राजस्व, पलामू

ह0/– उप निदेशक, खान, पलामू अंचल, मेदिनीनगर

ह0/– उपायुक्त, पलामू

PR 367364 (District)25-26*D


# पांच लाख की संपत्ति की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र के इसलामगंज से दूध दुहने आये युवक ने बीस हजार रुपये, आभूषण व जरूरी कागजात की चोरी कर ली। पुलिस के अनुसार सुनीता देवी के घर इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के पीपीसीएल कॉलोनी निवासी सनोज सिंह उनके घर गाय का दूध दुहने आता है। दूध दुहने के बाद उसने जाने को कह घर में ही छिप गया जब वह घर में ताला बंद कर अपने चाय पकौड़े के दुकान में चली गई जब वह लौटी तो घर के बक्से का ताला टूटा था। उसमें रखा 20 हजार रुपये, गहना व जरूरी कागजात था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** विदेशी टोला से छापेमारी कर 7.4 लीटर देसी महुआ शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि शुक्रवार को थाना क्षेत्र के विदेशी टोला निवासी दीनानाथ चौधरी के पुत्र सतेन्द्र चौधरी से 7.4 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया है। वहीं शराब निर्माण करने वाली एक तसला व गैस सिलेंडर को जब्त किया है।

# करजांव गांव से फरार आरोपित गिरफ्तार

**चैनपुर।** करजांव गांव में छापेमारी के दौरान पुलिस ने पूर्व के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित करजांव गांव निवासी स्वर्गीय रूपा बिंद का पुत्र गिरधारी बिंद बताया जाता है। थानाध्यक्ष विजय प्रसाद ने बताया कि गिरधारी बिंद काफी समय से फरार चल रहा था जिसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था।

# खेलो इंडिया महिला एथलेटिक्स लीग का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**सासाराम।** भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण, दिल्ली तथा खेलो इंडिया के द्वारा प्रायोजित भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के तत्वावधान में रोहतास जिला एथलेटिक्स संघ के द्वारा आज खेलो इंडिया 'अस्मिता वूमेंस एथलेटिक्स लीग' का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस बात की जानकारी देते हुए रोहतास जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव विनय कृष्ण ने बताया कि एकदिवसीय खेलो इंडिया अस्मिता वूमेंस लीग का आयोजन शांति प्रसाद जैन महाविद्यालय के खेल मैदान में किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय, जेल अधीक्षक सासाराम सुजीत कुमार राय तथा शांति प्रसाद जैन महाविद्यालय के प्राचार्य नवीन कुमार ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों द्वारा किए गए मार्च पास्ट की सलामी ली तथा गुब्बारा उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में जिले के लगभग सभी प्रखंडों के विभिन्न विद्यालयों के 263 बालिका एथलीटों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर राष्ट्रीय खिलाड़ी सुमन कुमारी ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाया तथा आठ राज्य स्तरीय खिलाड़ियों ने मशाल प्रज्वलित कर पूरे ट्रैक का चक्कर लगाया जिसमें प्रीति कुमारी, आराध्या कुमारी, काजल कुमारी, हिना कुमारी, ज्योति कुमारी शामिल रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने खिलाड़ियों को कई मजेदार उत्साहवर्द्धन की कविता सुना कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। साथ ही जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय ने खिलाड़ियों का मनोबल अपने शब्दों से बढ़ाते हुए कहा कि खेल को एक कैरियर के रूप में बनाएं ताकि आप जीवन में आगे बढ़ सकें। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य नवीन कुमार ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन अपने शब्दों से किया। इस अवसर पर जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार राय ने भी अपने उत्साहवर्द्धक शब्दों से खिलाड़ियों की तालियां बटोरी। आगत अतिथियों का स्वागत रोहतास जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने करते हुए कहा कि जिले की बेटियां को खेल का उचित मंच दिलाना हमारा कर्तव्य है इसके लिए हम लोग लगातार प्रयासरत हैं। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त खुशबू कुमारी ने प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों के प्रदर्शन को आंकती रही। आज की स्पर्धा में दो आयु वर्ग में प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें अंडर 14 में ट्रायथलॉन ए,बी,सी के अंतर्गत लंबी कूद, 60 मीटर दौड़, ऊंची कूद, बैक थ्रो और 600 मीटर दौड़ की स्पर्धा आयोजित की गई।

# परवलपुर में सीएसपी संचालक से दिनदहाड़े तीन लाख की लूट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** परवलपुर थाना क्षेत्र के बाजार इलाके में शनिवार को अपराधियों ने बेखौफ होकर दिनदहाड़े बड़ी वारदात को अंजाम दिया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, परवलपुर शाखा से 3 लाख 31 सौ रुपये निकालकर लौट रहे सीएसपी संचालक से बाइक सवार दो बदमाशों ने पिस्टल का भय दिखाकर राशि लूट ली। महावीर नगर निवासी सीएसपी संचालक रामाशीष प्रसाद उर्फ छोटे यादव पैसे निकालने के बाद अपने केंद्र पर पहुंचे। जैसे ही उन्होंने बाइक की डिक्की खोली, पीछे से आए दो बदमाशों ने उन्हें हथियार दिखाकर नोटों का बंडल छीन लिया और एकंगरसराय की ओर फरार हो गए। बदमाशों ने हेलमेट पहन रखा था, जिससे पहचान छिपी रही। उनकी उम्र करीब 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है। पीड़ित ने बताया कि बदमाश पिछले 2-3 दिनों से इलाके में घूमते नजर आ रहे थे। उन्होंने कई बार प्रशासन से बाजार में गश्त बढ़ाने और एक पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की मांग की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उनके अनुसार अपराधियों ने पूरी योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जिनमें दोनों बदमाशों की तस्वीर साफ दिखाई दे रही है। पुलिस उनकी पहचान कर रही है और जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और आम लोगों में दहशत का माहौल है। बाजार क्षेत्र में लगातार बढ़ रही घटनाओं को लेकर लोग पुलिस से कड़ी गश्त और सुरक्षा कवर बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

## स्वच्छ भारत मिशन/लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान में प्रगति की डीडीसी ने की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** समाहरणालय स्थित हरदेव भवन के सभागार में उप विकास आयुक्त श्रीकांत कुण्डलिक खाण्डेकर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान में प्रगति की समीक्षा की गई। ग्राम पंचायतों के वार्डों में हो रहे कचरा उठाव संबंधी जानकारी स्वच्छता मित्र एप पर प्रविष्ट करने का निदेश दिया गया। सभी वार्ड में कार्यों को सुचारु रुप से संचालन का निदेश दिया गया। समीक्षा के क्रम में योग्य लाभुकों द्वारा निर्मित व्यक्तिगत शौचालय का भुगतान जांचों उपरांत करने का निदेश दिया गया।

ओडीएफ प्लस मॅडल गाँव के मानक को पूर्ण करने वाले गांव को चिन्हित करते हुए उसे मॅडल गांव मार्क करने का निदेश दिया गया। अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई जो निर्माणाधीन है, उसे पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। ग्राम पंचायत को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के मद में व्यय की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जिला को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। डिजिटल कम्युनिकेशन मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत पंजीकृत परिवारों को राज्य कार्यालय से प्राप्त स्वच्छता संदेश को व्हाट्सएप के माध्यम से साझा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही भेजे गए संदेशों के संदर्भ में फीडबैक कॉल एवं गृह भ्रमण कराने का निदेश दिया गया।

हमारा शौचालय-हमारा भविष्य अभियान के सफल संचालन कराने का निदेश दिया गया। इस बैठक में अजीत कुमार प्रसाद निदेशक, जिला समन्वयक, जिला सलाहकार सीबी & आइइसी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा सभी प्रखंड समन्वयक शामिल हुए।

## टी.एस.कॉलेज हिसुआ में स्नातक सेमेस्टर -III परीक्षा शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ।** नगर परिषद स्थित महाविद्यालय टी.एस.कॉलेज, हिसुआ में मगध विश्वविद्यालय बोधगया द्वारा आयोजित स्नातक सेमेस्टर III की परीक्षा शांतिपूर्ण तथा कदाचार मुक्त शुरू हो गया है। केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शर्मा ने बताया कि मगध विश्वविद्यालय द्वारा नारदीगंज कॉलेज नारदीगंज स्नातक सेमेस्टर III का परीक्षा केंद्र टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में बनाया गया है , स्नातक विज्ञान, कला, तथा वाणिज्य संकाय के 1507 छात्र/ छात्राओं परीक्षा केंद्र बनाया गया है,स्नातक सेमेस्टर III का सैद्धांतिक परीक्षा 29 नवंबर 2025 से 6 दिसंबर 2025 तक परीक्षा होगी, प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा ने बताया कि परीक्षा कार्य में परीक्षा नियंत्रक अर्जुन कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक सिंधुकांत, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में आज पहला दिन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से दिनों पाली में सम्पन्न हुआ, परीक्षा कार्य में डॉ मिथिलेश पासवान, डॉ सुनील कुमार दुबे, डॉ संजय कुमार चौहान, डॉ. अमरदीप मोहन अमहोरे,डॉ परमानंद राम, डॉ.सुधा कुमारी, डॉ दिव्या पांडे, डॉ अंजली कुमारी, डॉ शांडिल्य, डॉ.गरिमा वर्मा, डॉ राकेश चौधरी, डॉ धनंजय कुमार,डॉ पप्पू कुमार, डॉ पम्मी कुमारी, डॉ उत्तम कुमार सहित सभी शिक्षक तथा कुछ कर्मचारी लगे हुए हैं।

## आस्ट्रेलियाई चित्रकार ने नवादा के वैज्ञानिक को बनाया हमसफर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** कहते हैं कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती और यह बात एक बार फिर साबित हो गई, जब ऑस्ट्रेलिया की मशहूर चित्रकार टेसा बार्थोलोमियो ने बिहार के नवादा जिले के वैज्ञानिक केतन पटेल के साथ हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह रचा लिया। शुक्रवार को पटना के दानापुर स्थित सीओआई क्लब में धूमधाम से यह अनोखी शादी संपन्न हुई। दूल्हा केतन पटेल नवादा जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष रंजीत कुमार पटेल के पुत्र और प्रसिद्ध अधिवक्ता मदन प्रसाद के पौत्र हैं। वर्तमान में वे ऑस्ट्रेलिया की एडिलेड यूनिवर्सिटी में रसायन शास्त्र के रिसर्च साइंटिस्ट हैं और हाइड्रोजन पर शोध कर रहे हैं। वहीं दुल्हन टेसा बार्थोलोमियो ऑस्ट्रेलिया की जानी-मानी पेंटर हैं, जिनकी पेंटिंग्स कई अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में लग चुकी हैं। टेसा को भारतीय संस्कृति से गहरा लगाव है। उन्होंने कहा, "मुझे यहां के लोग, उनका अपनापन और सौहार्द बहुत पसंद है। केतन बहुत अच्छे इंसान हैं और मैं उनसे बहुत प्यार करती हूं।" दोनों की पहली मुलाकात ऑस्ट्रेलिया में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हुई थी। दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई और आखिरकार दोनों ने भारतीय परंपरा से शादी करने का फैसला किया।

**शादी में ऑस्ट्रेलिया से आया पूरा सराती पक्ष**

टेसा के पिता जॉन बार्थोलोमियो (जो कभी बरघीमम शील्ड लीग में काउंटी क्रिकेट खेल चुके हैं और बाद में ऑस्ट्रेलियन सरकार में मार्केटिंग ट्रेनर रहे), मां कैरोलिन, बहन लिनसे किफ्ट टूटेल, जीजा डैन जॉन टूटेल और उनके बच्चे भी भारत आए। समधी मिलन की रस्म में जॉन ने भारतीय अंदाज में रंजीत पटेल का स्वागत किया और माला पहनाई। बाराती बैंड-बाजे के साथ निकली, बाराती-साराती ने जमकर डांस किया। द्वार-पूजा, गाल सेकाई, वरमाला से लेकर वैदिक मंत्रों के बीच केतन ने टेसा की मांग में सिंदूर भरा। दोनों संस्कृतियों का यह खूबसूरत मेल हर किसी के लिए यादगार बन गया। इस मौके पर पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ पंकज कुमार सिन्हा, संजय सिन्हा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे ।

# नवादा के बाद अब रजौली में भी बुलडोजर चलाने की तैयारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय में पुरानी बस स्टैंड से लेकर ब्लॉक तक एवं रजौली बाईपास से लेकर बिजली ऑफिस तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमणकारियों ने तांडव मचा रखा है। इसके कारण बेवजह लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। हालांकि अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध जिला मुख्यालय में बुलडोजर चलाकर चौक-चौराहे एवं बाजार क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त किया जा रहा है। रजौलीवासी के साथ-साथ आसपास के गांवों के लोग अतिक्रमण के कारण होने वाले जाम से अत्यधिक परेशान रह रहे हैं।ऐसे में कई इमरजेंसी सेवाएं जैसे एंबुलेंस, अग्निशमन, डायल 112 एवं पुलिस के अलावे कैश वैन आदि के आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। इस दौरान नवादा मुख्यालय में अधिकारियों के नेतृत्व में बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। नवादा के तर्ज पर रजौली के स्थानीय प्रशासन द्वारा भी रजौली क्षेत्र में व्याप्त अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की गई है। प्रभारी नगर पंचायत पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि अतिक्रमण को लेकर बिजली विभाग एवं अन्य लोगों द्वारा कई बार शिकायत की जा चुकी है। इसी के मद्देनजर रजौली बाजार क्षेत्र में कुल 56 अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर उन्हें नोटिस दिया जा रहा है। अतिक्रमणकारियों में कुछ लोगों को नोटिस दिया जा चुका एवं कुछ लोगों को नोटिस देने की प्रक्रिय जारी है। अंचलाधिकारी ने कहा कि नोटिस के बाद भी अतिक्रमणकारी अतिक्रमण को नहीं हटाएंगे,तो उसके विरुद्ध प्रशासन कार्रवाई करने पर मजबूर हो जाएगी। वहीं दूसरी ओर अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर आम जनता में रोष व्याप्त था,किंतु स्थानीय प्रशासन की पहल के बाद लोग इसकी सराहना भी कर रहे हैं।

**फुटपाथी दुकानदारों के लिए जगहों का चयन**

अंचलाधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में व्याप्त अतिक्रमण को हटाने के बाद स्थानीय फुटपाथी दुकानदारों के लिए कुछ जगहों को चिन्हित किया गया है,जहां वे अपनी दुकान बिना किसी समस्या के लगा पाएंगे।उन्होंने बताया कि फुटपाथी दुकानदारों को बकरी बाजार,डीएवी स्कूल के सामने एवं पुराना पुल के बाएं साइड में परती भूमि में शिफ्ट किया जाएगा।

## कल्याण बिगहा स्टेडियम में स्व. राम लखन सिंह की पुण्यतिथि पर क्रिकेट प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत के कल्याण बिगहा स्टेडियम में शनिवार को स्वतंत्रता सेनानी स्व. कविराज राम लखन सिंह की पुण्यतिथि पर क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस आयोजन का संचालन क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नालंदा ने किया, जबकि आयोजन की जिम्मेदारी स्व. मंजू देवी क्लब ने संभाली। नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और स्व. राम लखन सिंह के देशसेवा व सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन और टीम भावना विकसित करता है। प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों और युवाओं ने कुर्सी दौड़, चित्रांकन, दौड़ और पेंटिंग जैसे खेलों में भाग लिया। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष हर्षवर्धन ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार और सम्मान दिया गया। सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने घोषणा की कि सरकार प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर संभव मदद प्रदान करेगी। इस कार्यक्रम में नालंदा जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी डॉ. संजय, रिक्की कुमार, मुकेश कुमार, अंकित सिंह, अमन आदित्य, गौरव कुमार, सिद्धार्थ सहित कई खिलाड़ी और सदस्य उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका परवेज़ मुस्तफा और सिकंदर यादव ने निभाई। प्रतियोगिता ने न केवल खेल को बढ़ावा दिया, बल्कि स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों में सामाजिक एकजुटता का संदेश भी फैलाया।

# पीडब्ल्यूडी की मनमानी से 57 विद्यालयों के शिक्षकों का एचआरए फंसा

**नगर पंचायत क्षेत्र के आठ किलोमीटर दायरे के विद्यालयों को एचआरए वृद्धि का लाभ देने की प्रक्रिया बाधित, विभाग की 'टालमटोल' से शिक्षकों में गहरा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददता**

**रजौली (नवादा)।** रजौली प्रखंड के शिक्षकों के लिए मकान किराया भत्ता वृद्धि का लाभ अब विभाग की कथित मनमानी के कारण अधर में लटक गया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र भेजने और दूरी प्रमाण पत्र की मापी पूरी होने के बावजूद, पथ निर्माण विभाग के स्थानीय कार्यालय ने शिक्षकों के आवेदन स्वीकार करने से साफ इनकार कर दिया है। पीडब्ल्यूडी कार्यालय के इस कदम से रजौली नगर पंचायत की आठ किलोमीटर की परिधि में आने वाले 57 विद्यालयों के शिक्षक आक्रोशित हैं। इन शिक्षकों को उम्मीद थी कि दूरी प्रमाण पत्र जमा होने के बाद उन्हें बढ़े हुए एचआरए का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। यह मामला तब सामने आया जब मध्य विद्यालय छपरा, मध्य विद्यालय नावाडीह, और उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय रजौली पूर्वी के प्रधानाध्यापक दूरी प्रमाण पत्र के साथ आवेदन जमा करने पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंचे। कार्यालय कर्मियों ने उनसे आवेदन लेने से मना कर दिया। सूत्रों के अनुसार, कर्मियों ने साफ तौर पर कहा कि 'साहेब ने निर्देश दिया है कि अब मार्च 2026 के बाद



ही आवेदन लिए जाएंगे'। जबकि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी को यह सूचित किया था कि 57 विद्यालयों के दूरी प्रमाण पत्र निर्गत किए गए हैं, जो कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग के पत्रांक 917, 918, 919 (दिनांक 15.10.2025) और 975 (दिनांक 03.11.2025) के आलोक में रजौली नगर पंचायत सीमा से दूरी के आधार पर तैयार किए गए हैं। शिक्षकों का कहना है कि यह एक गंभीर विडंबना है कि पीडब्ल्यूडी कार्यालय ने पहले दूरी मापी का कार्य पूरा कराया और अब आवेदन लेने से मना कर रहा है।शिक्षकों ने मौजूदा स्थिति पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि एचआरए वृद्धि में दोहरी नीति अपनाई जा रही है। एक ओर, रजौली नगर पंचायत में अवस्थित विद्यालयों के शिक्षकों को भी अब तक बढ़ा हुआ आवास भत्ता नहीं मिला है, वहीं दूसरी ओर, नगर पंचायत में कार्यरत अन्य विभागों के नियमित शिक्षकों को बढ़े हुए आवास भत्ते का लाभ पहले से ही मिल रहा है।शिक्षकों ने तत्काल प्रभाव से शिक्षा विभाग और पथ निर्माण विभाग के वरीय अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि पीडब्ल्यूडी कार्यालय आवेदनों को स्वीकार करे और 57 विद्यालयों के शिक्षकों को अविलंब उनका बढ़ा हुआ मकान किराया भत्ता मिल सके।

## भारतीय जीवन बीमा निगम के नये शाखा कार्यालय का उद्घाटन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारतीय जीवन बीमा निगम नवादा शाखा कार्यालय का उद्घाटन 28 नवम्बर 2025 को भारतीय जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेमेंद्र हरि के कर कमलों के द्वारा नवादा के नये बीएसएनल भवन में किया गया। सर्वप्रथम पंडित अभिमन्यु पांडे के द्वारा मंत्रोचार के साथ द्वार पूजा किया गया, उसके पश्चात दीप प्रज्वलन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ पटना मंडल वन के वरीय मंडल प्रबंधक राजेश आनंद, मार्केटिंग मैनेजर अभय कुमार सुमन, वरीय शाखा प्रबंधक जयप्रकाश, सहायक शाखा प्रबंधक राकेश कुमार, विकास अधिकारी अजीत कुमार, एसोसिएट आरपी साहू के द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेमेंद्र हरि ने शिलापट्ट का पर्दा हटाकर भवन को नवादा शाखा को सुपुर्द किया। इस अवसर पर शाखा के सहायक प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप कुमार जितेंद्र कुमार सुखदेवसिंह के साथ-साथ शाखा के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं सैकड़ो अभिकर्ता उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शाखा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गया जिसमें दिनेश तिवारी, कृष्ण कुमार चंचल, मनोज कुमार, प्रेम रंजन, दिनेश प्रसाद चौरसिया, गणेश पासवान, कृष्ण कुमार, संजय कुमार, उचित कुमार, लक्ष्मी नारायण सिंह, भोला, स्वीटी देवी, शंकर प्रसाद एवं खुशबू कुमारी को पुष्प कुछ एवं अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया। अभिकर्ता रिंकी देवी को इलेक्ट्रिक कार की चाबी देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आरपी साहू के द्वारा नवादा की विशेषताओं को बताते समारोह का समापन किया गया।

## शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी में बच्चों के उत्थान पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राज्य परियोजना निदेशक शाहिला के निर्देश पर शनिवार को नवसृजित उर्दू प्राथमिक विद्यालय कमालपुर नवादा में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधान शिक्षक जतिन कुमार ने मौके पर कहा कि शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का थीम अब हर बच्चा होगा विद्यालय का हिस्सा एवं निपुण बनेगा बिहार हमारा था, जिसके अलोक में पीटीएम हुआ। साथ ही बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की महत्ता, बच्चों को हर दिन स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करना, बच्चों का स्वास्थ्य और पोषण का ध्यान रखना, किसी बच्चे की तुलना दूसरे बच्चे से न करना आदि पर जोर रहा। इसके अलावा समावेशी शिक्षा से ही बच्चे आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी समाज का निर्माण कर सकते हैं तथा बच्चों को मोबाइल और टीवी का उपयोग सीमित कर किताब पत्र पत्रिका आदि से जोड़ कर उनमें आमूलचूल परिवर्जन ला सकते हैं, जैसे विषयों पर प्रेरित किया गया। जतिन कुमार ने अभिभावकों को कहा कि बच्चों को भोजन करा कर ही स्कूल भेजें, यह उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए सही कदम है।

## एक नजर

### दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड स्थित बीआरसी परिसर में शनिवार को बिहार शिक्षा परियोजना समग्र शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समावेशी शिक्षा की इस पहल में 3 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का नेतृत्व प्रशिक्षक संजय कुमार और बेबी कुमारी ने किया। प्रतियोगिता में बच्चों को पाँच प्रकार के खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला जिसमें कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, चित्रांकन, दौड़ और पेंटिंग शामिल था। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर कुछ छात्रों का चयन आगामी 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांगता दिवस पर साठोंपुर, बिहारशरीफ में होने वाली जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किया गया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम की बैठक

**नारदीगंज।** प्रखंड मुख्यालय में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को एएनएम की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.नवीन कुमार ने की। मिशन परिवार विकास के तहत पुरुष नशबंदी पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा यह कार्यक्रम बीते 28 नवम्बर से शुरु हुआ है,जो 12 दिसम्बर तक चलेगा। आप सभी अपने पोषक क्षेत्र में लोगों को जागरुक करें, ताकि अधिक से अधिक पुरुष नशबंदी हो। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। मौके पर हेल्थ मैनेजर इरशाद अहमद,लेखापाल धीरज कुमार,एएनएम शोभा देश पांडेय, रीना कुमारी, कुमार ऋषभ, रवि रंजन कुमार, लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार समेत अन्य रहे।

### उर्वरक विक्रेताओं को पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण समाप्ति के बाद मिला प्रमाण पत्र

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में 15 नवम्बर से शुरू हुए उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषयक प्रशिक्षण का समापन शनिवार को किया गया। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण करते हुए ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह-प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह व विषय वस्तु विशेषज्ञ रविकांत चौबे,रौशन कुमार,अंगद कुमार, कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. शशांक शेखर सिंह,सुमिताप रंजन,अनिल कुमार आदि ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले शुरू हुए इस प्रशिक्षण में बिहार राज्य के गया,लखीसराय नवादा, शेखपुरा, जमुई समेत विभिन्न जिलों के 70 प्रतिभागी शामिल हुए थे। मौके पर सहयोगी पिंटू पासवान, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।

### राजकीय मध्य विद्यालय हड़िया में शिक्षक अभिभावकों की बैठक

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय हड़िया में शनिवार को शिक्षक अभिभावकों की बैठक हुई। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार झा ने की। यह बैठक बिभागीय अधिकारियों के आदेशानुसार की गई है। बैठक का मुख्य विषय रहा-निपुण रहेगा,बिहार हमारा। हर बच्चा होगा,विद्यालय का हिस्सा पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कहा गया अभी ठंड का मौसम चल रहा है। इस मौसम में गर्म कपड़े पहनने की बात कही गई,और स्वेटर पहनकर विद्यालय आये । ताकि ठंड से बचाव हो सके। बच्चों को नियमित विद्यालय भेजे। यहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संतुलित भोजन भी बच्चों को दिया जाता है। मौके पर अभिभावकों में अशोक मिश्र, शंभु कुमार, निशु कुमारी, रिंकी देवी समेत अन्य अभिभावक के अलावा शिक्षक अखिलेश किशोर, पूजा वर्मा, कुंदन कुमार व अन्य रहें। इसके अलावा अन्य विद्यालयों में भी शिक्षक अभिभावकों की बैठक हुई।

### निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का किया स्थलीय निरीक्षण



**नवादा।** जिला पंचायती राज पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय द्वारा आज कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र नियंत्रण संगठन; प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, नवादा सदर; राजस्व अधिकारी, नवादा सदर, अंचल अमीन तथा ग्राम पंचायत ओरैना के मुखिया की उपस्थिति में ओरैना ग्राम पंचायत स्थित निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही सीएससी ब्लॉक एवं आवासीय परिसर हेतु निर्धारित भूमि का सीमांकन कराते हुए संबंधित स्थल का अवलोकन किया गया। जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने मुखिया को निर्देश दिया कि सीमांकन पूर्ण होने के उपरांत निर्धारित मानकों एवं स्वीकृत योजना के अनुरूप अविलंब कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि पंचायत सरकार भवन एवं सीएससी ब्लॉक का निर्माण समय पर पूरा हो सके।

### डॉ मुकेश को दूसरी बार प्रमाणपत्र देकर किया गया सम्मानित

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की उत्तरी ग्राम पंचायत पकरीबरावां के प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू के प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा को लीप फॉर वर्ड के फाउंडर और सीईओ प्रानील नाइक के हस्ताक्षर से जारी प्रमाणपत्र दिया गया। उन्हें यह प्रमाणपत्र दूसरी बार दिया गया है। उन्हें इंग्लिश लिटरेसी प्रोग्राम को अपने वर्गकक्ष में बच्चों को सिखाए जाने के कारण प्रमाणपत्र दिया गया। उनसे आशा की गई है कि भविष्य में भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर इंडिया इंग्लिश लिटरेट में अपना योगदान देंगे। डॉ. मुकेश को प्रमाणपत्र मिलने पर विद्यालय के वरीय शिक्षक मो. अख्तर, विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव रूही आफरीन, शिक्षक मो. सोहराब कुरैशी, रेखा कुमारी, फरहत जहां, अजय कुमार विश्वकर्मा, अभिजीत कुमार, शिक्षा सेवक नुरैसा खातून आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है। डॉ. मुकेश ने कहा कि लीप फॉर वर्ड द्वारा चलाए जा रहे इंग्लिश लिटरेसी प्रोग्राम शिक्षक एवं बच्चों दोनों के लिए काफी लाभप्रद है। इससे बच्चों को काफी लाभ मिल रहा है।

### साइबर सुरक्षा जागरूकता के लिए रवि रंजन बने 'अंबेसडर', गांधीनगर में सम्मानित



**रजौली।** बिहार-झारखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में साइबर सुरक्षा को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले हैंड इन हैंड इंडिया के रवि रंजन को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार और आइएसइए एवं सी-डेक हैदराबाद द्वारा राज्य के लिए साइबर सुरक्षा एंबेसडर नियुक्त किया गया है। उन्हें यह सम्मान 28 नवंबर को गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय फोरेंसिक एवं विज्ञान विश्वविद्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रदान किया गया। रवि रंजन को पूरे पूर्वोत्तर राज्य से साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने और जागरूकता फैलाने के लिए मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। रवि रंजन पिछले दो वर्षों से बिहार और झारखंड के गांव, शहर और दुर्गम क्षेत्रों में जाकर विद्यार्थियों, महिलाओं और आम जनमानस को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उनके अन्य उल्लेखनीय कार्यों में सबसे अधिक ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में जगह मिलना, प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम के टॉप वीनर बनना, और माई गवर्नमेंट प्लेटफॉर्म द्वारा 'चेंजमेकर' के रूप में सराहा जाना शामिल है। रवि रंजन को यह प्रतिष्ठित सम्मान मिलने पर 'हैंड इन हैंड इंडिया' के तुलसी कुमार साव, सविता कुमारी, दीपक कुमार, रूपेश कुमार, राकेश कुमार, नीतीश पांडे, सुमन्त सिंह, निलेश त्रिवेदी, राजेश कुमार, शशि सिंह, अनिल कुमार, मोहम्मद गुलाम जैकी उल्लाह, डॉ अभय कुमार, डाक्टर अभिजीत राय, और गुरुदेव प्रसाद सहित कई लोगों ने बधाई दी है। इन लोगों ने कहा कि यह सम्मान साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है।

## गया में डॉ प्रेम कुमार ने की शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा

# स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने और निर्माण कार्यों पर दिया जोर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता और गया टाउन से विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में शिक्षा व्यवस्था, छात्र उपस्थिति और विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में गया टाउन क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में छात्रों की कम उपस्थिति पर चिंता जताई गई। विधायक ने प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि अभिभावकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सरकारी योजनाओं की जानकारी छात्रों तक पहुंचाई जाए और मासिक उपस्थिति लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि छात्रों की अनुपस्थिति भविष्य के लिए चिंताजनक है, इसलिए उपस्थिति सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। बैठक में स्कूलों की आधारभूत संरचना का मुद्दा भी प्रमुख रूप से उठाया गया। कई शहरी विद्यालयों में आवश्यक सुविधाओं की कमी को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने स्पष्ट कहा कि निर्धारित मानकों और दिशा-निर्देशों के अनुरूप अविलंब सुधार कार्य सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। कई प्रधानाध्यापकों ने निरीक्षण और अभिलेखों की अनुपलब्धता पर भी चिंता जताई। इस पर विधायक ने निर्देश दिया कि कार्यपालक अभियंता और सहायक अभियंता संयुक्त रूप से निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए निर्माण कार्य समिति गठित किए जाने की घोषणा की। बैठक के बाद डॉ. प्रेम कुमार ने राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय, जिला +2 स्कूल, मध्य विद्यालय समीर तकिया और बनवाली बाबा विद्यालय का निरीक्षण किया। राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय में आयोजित अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति ही शिक्षा की गुणवत्ता का आधार है। उन्होंने कहा कि हर बच्चा अपने माता-पिता के सपनों को साकार करने की क्षमता रखता है, बशर्ते नियमित अध्ययन सुनिश्चित हो। इस दौरान कौशलेंद्र प्रताप, सुनील सिन्हा, प्रेम सागर, विक्की शर्मा, दीपक कुमार दीपू, निशांत कुमार गुप्ता, राजनंदन गांधी, सागर सचदेवा, बंटी वर्मा, विराज कुमार और जितेंद्र कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## लाखों की चोरी, जेवर व 25 हजार नकद ले उड़े

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के चबूरा नारायणपुर गांव में चोरों ने घर में घुसकर लाखों रुपये के सामान की चोरी कर ली। पीड़ित राम लखन यादव ने बताया कि परिवार के लोग नींद से जगे तो देखा कि घर के कमरे अस्त-व्यस्त पड़े हैं। बक्से में रखे जेवर, 25 हजार रुपये नकद और कई महत्वपूर्ण कागजात गायब थे। चोर घर के पीछे खिड़की का ईंट हटाकर भीतर प्रवेश किए और आराम से घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई जिसके बाद आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने मौके पर निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शनिवार सुबह 8 बजे पीड़ित की लिखित शिकायत पर कांड संख्या 147/25 दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और संभावित संदिग्धों की तलाश में जुटी है। घटना से गांव में दहशत का माहौल है तथा ग्रामीणों ने रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है।


## जिला परिवहन पदाधिकारी ने किया इ-रिक्शा, ऑटो रिक्शा के परिचालन का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक यातायात द्वारा आज गया शहर के विभिन्न प्रमुख चौक चौराहों पर औचक रूप से ई-रिक्शा ऑटो रिक्शा के परिचालन का निरीक्षण किया गया है। इस निरीक्षण के क्रम में लगभग 200 से अधिक टोटो, ऑटो, इ-रिक्शा का जांच किया गया है। आज वाहनों की जांच मुख्य रूप से जिला पदाधिकारी कार्यालय गोलंबर, जीबी रोड, एपीआर गोलंबर एवं गवालबीघा के पास जांच की गई है। जांच के दौरान कुछ टोटो ऑटो इ-रिक्शा चालक बिना लाइसेंस, बिना इंश्योरेंस, बिना रजिस्ट्रेशन के वाहन चला रहे थे, उन संबंधित सभी वाहनों से साढ़े चार लाख रुपया फाइन वसूल की गई है। इसके साथ ही चेतावनी दी गई कि किसी भी हाल में बिना रजिस्ट्रेशन सहित और अन्य कागजातों के पूर्ण रखे बिना इ-रिक्शा टोटो का परिचालन नहीं करें अन्यथा कठोरता से कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि हर हाल में यातायात नियमों का पालन करवाया जाएगा जिससे शहर के अंदर कहीं जाम की समस्या नहीं रहे। यत्र-तत्र ऑटो लगाने के कारण यात्रियों को जाम की समस्याओं का सामना करना पड़ता है आज से लगातार शहर के अंदर सभी चौक-चौराहों पर जांच दल गठित की गई है, उनके माध्यम से लगातार जांच अभियान चलाया जाएगा एवं परिवहन विभाग के नियमों का पालन करवाया जाएगा जो भी नियम का पालन नहीं करेंगे उनके विरुद्ध फाइन की वसूली एवं कार्रवाई की जाएगी।

## कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने पूर्व प्रति कुलपति प्रो. के.एन. पासवान का किया स्वागत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने आज कुलपति कार्यालय में विश्वविद्यालय के पूर्व प्रति कुलपति प्रो. के.एन. पासवान का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर कुलपति ने उन्हें अंग-वस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान कुलपति ने प्रो. पासवान के विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विकास में दिए अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि प्रो. पासवान की निष्ठा, नेतृत्व क्षमता व दूरदर्शी दृष्टिकोण सदैव प्रेरणादायक रहे हैं। प्रो. के.एन. पासवान ने भी इस स्नेहपूर्ण स्वागत के लिए कुलपति एवं विश्वविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वविद्यालय के सतत प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के शिक्षक-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## मगध विश्वविद्यालय के गणित विभाग में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** मगध विश्वविद्यालय के गणित विभाग के सभागार में चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन किया गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के पूर्व प्रतिकुलपति प्रोफेसर के एन पासवान, विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रोफेसर बी आर के सिन्हा, कुलसचिव प्रोफेसर बीके मंगलम, विज्ञान संकायध्यक्ष प्रोफेसर एस एन पी यादव दिन, कुलानुशासक प्रोफेसर उपेंद्र कुमार, गणित विभाग अध्यक्ष डॉ सुनील सुमन, सीसी डीसी प्रोफेसर संजय कुमार तिवारी, इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर मुकेश कुमार, संकायध्यक्ष शिक्षा प्रोफेसर सुधीर मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। स्वागत अतिथियों का विभाग के द्वारा प्रतीक चिन्ह पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया। मुख्य अतिथि अपने भाषण में शोध की गुणवत्ता पर जोड़ दिया एवं साथ ही साथ सेमिनार इत्यादि में सक्रियता पूर्ण करते रहने का विचार व्यक्त किया। अपने भाषण में प्रति कुलपति ने कहा कि शोध शिक्षकों के गुणवत्ता के लिए अति आवश्यक है वही विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के लिए सेमिनार में सक्रिय प्रतिभागिता के ऊपर जोड़ दिया। विज्ञान के संकाय अध्यक्ष ने कहा कि गणित में जिस तरह के अधिवेशन का आयोजन कराया जा रहा है या यह काबिले तारीफ है। इसी तरह का आयोजन अन्य विभाग को भी करना चाहिए। गणित विभाग ने विश्वविद्यालय को अन्य विभाग के लिए एक चैलेंज प्रदान करने का काम किया है। हम इसके लिए विभाग के सारे शिक्षकों को बधाई देते हैं। शिक्षा के संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर सुधीर मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय का यह कदम इस तरह के आयोजन से शोध एवं नवाचार का वातावरण बनता है और उच्च शिक्षण संस्थानों में यह नियमित रूप से होते रहना चाहिए। गणित के विभाग अध्यक्ष डॉ सुनील सुमन ने कहा कि गणित एवं कंप्यूटर विज्ञान के समर पर जोड़ दिया और कहा कि कंप्यूटर विज्ञान की पढ़ाई गणित के ज्ञान के बिना असंभव है वही आज के अधिवेशन में वक्ता के रूप में डॉक्टर जे सी बंसल एवं डॉक्टर दिवस आशीष दास ने अपने विचार रखे। आज के अधिवेशन में लगभग डेढ़ सौ शोधार्थियों एवं शिक्षकों ने अपने शोध पत्र दो दिनों के अंदर प्रस्तुत किया आज के समापन गोष्ठी की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के पूर्व कार्यकारी कुलपति प्रोफेसर के एन पासवान ने किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रतिकुलपति प्रोफेसर बी आर के सिन्हा ने किया। संगोष्ठी में विज्ञान, विधि, शिक्षा के संकाय अध्यक्ष विभाग अध्यक्ष एवं कुल सचिव, डॉ संजय तिवारी, डॉ कुमार, विशाल, डॉ मनोज कुमार, सुश्री नितिशा भारती, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ अमर किशोर, आदित्य भारती, डॉ प्रयाग प्रसाद सहित सैकड़ों शोधार्थी मौजूद रहे।

# कुलपति कार्यालय में परीक्षा समिति की बैठक

### 23वां दीक्षांत समारोह फरवरी 2026 में आयोजित करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया अन्तर्गत कुलपति कार्यालय में परीक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण एवं विस्तृत बैठक कुलपति प्रो. एस.पी. शाही की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा 23वें दीक्षांत समारोह की तिथि, डिग्री वितरण प्रक्रिया का समय-सीमा निर्धारण तथा परीक्षा से संबंधित लंबित कार्यों का शीघ्र निपटारा रहा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 23वां दीक्षांत समारोह फरवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा। इसके मद्देनजर विश्वविद्यालय प्रशासन ने विशेष रूप से निर्देश जारी किए कि सत्र 2023-25 की स्नातकोत्तर डिग्रियां तथा वर्ष 2025 की पीएचडी डिग्रियां अविलंब जारी की जाएंगी। ताकि सभी योग्य अभ्यर्थी दीक्षांत समारोह में विधिवत रूप से सम्मिलित होकर अपनी डिग्री प्राप्त कर सकें। कुलपति प्रो. शाही ने बैठक में कहा कि विश्वविद्यालय के सभी परीक्षा-संबंधी कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विभिन्न इकाइयों को स्पष्ट निर्देश दिया कि डिग्री मुद्रण, सत्यापन तथा वितरण कार्य पारदर्शिता, गति और गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रमुख पदाधिकारी में कुलसचिव डॉ बिनोद कुमार मंगलम परीक्षा नियंत्रक, डॉ पार्थ प्रतिम दास, विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो एस एन पी यादव ''दीन'', विधि संकाय के संकायाध्यक्ष, सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद के प्राचार्य तथा कई विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में दीक्षांत समारोह की रूपरेखा, अतिथियों के चयन, मंच संचालन, प्रमाण-पत्र तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, पंजीयन प्रक्रिया तथा छात्रों के आगमन-प्रबंधन पर भी विशेष विचार-विमर्श किया गया। कुलपति ने सभी संबद्ध विभागों को निर्देशित किया कि वे आगामी सप्ताह से कार्यवाही की सघन मॉनिटरिंग प्रारम्भ करें, ताकि फरवरी 2026 का दीक्षांत समारोह उत्कृष्ट, समयबद्ध और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

## सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं सिटी मैनेजर के नेतृत्व में शहर अतिक्रमण मुक्त

### जिलाधिकारी एवं डॉ प्रेम कुमार का आभार जता रहे शहरवासी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गया जिलाधिकारी डा शंशाक शुभंकर एवं पूर्व मंत्री डॉ प्रेम कुमार के कड़े निर्देश पर गया शहर में अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं सिटी मैनेजर पूरी तरह से आम जनमानस को दिक्कत नहीं हो इसके लिए के पी रोड से गोदाम मोड़ तक डिवाइडर के दोनों तरफ नाजायाज रोड और नाली पर अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। केपी रोड से अतिक्रमण हट जाने से सड़क जो कल तक सिकुड़ी हुई नजर आ रही थी वो आज काफी चौड़ी नजर आने लगी है जिसके कारण गया जिले और दूसरे प्रदेशों से आने वाले लोगों को पैदल और वाहन से चलने वाले लोगों को काफी फजीहत हो रही थी। इस पर आम जनमानस का कहना है कि यह कार्रवाई रोज होनी चाहिए। सदर अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व टीम जाने के बाद फिर से अतिक्रमण लग जाता है जो रात तक रहती है एवं महिलाओं का कहना है कि गया मार्केट में भी अतिक्रमण है और डिवाइडर पार करने पर दिक्कत होती है इस पर भी जिलाधिकारी एवं नगर विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ प्रेम कुमार से मांग की है। शहर वासी का चर्चा का विषय बना है कि लहरिया टोला मोड़ पर अतिक्रमण है उस पर कार्रवाई क्यों नहीं हुआ इस पर गरीब लोगों का चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों ने इस कार्रवाई के लिए नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार, गया जिलाधिकारी एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं नगर आयुक्त एवं पुलिस प्रशासन के प्रति आभार जताया है। वहीं दूसरी तरफ फूटपाथ के दुकानदारों की मांग है कि उनके रोजगार छीन न जाए, इसके बारे में भी जिला प्रशासन को विचार करना चाहिए ताकि उनके घर परिवार की कहीं दाल रोटी भी न छीन जाए।

## मोस्ट वांटेड नवीन शर्मा गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** खिजरसराय थाने की पुलिस ने शनिवार की शाम बड़ी सफलता हासिल करते हुए क्षेत्र के मंडई गांव से कई नक्सली मामलों में फरार चल रहे मोस्ट वांटेड नवीन शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के लिए यह कार्रवाई एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। अभियुक्त कई वर्षों से फरार था। लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम पुलिस को सूचना मिली कि नवीन शर्मा अपने घर मंडई गांव आया हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने तत्काल एक विशेष टीम गठित की।

## गम्हरिया माइनर कैनाल की खुदाई को लेकर रैयतों में आक्रोश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** प्रखंड के काज पंचायत अंतर्गत इटवा गांव के समीप उत्तरी कोयल नहर से सिंचाई के लिए निकाली जा रही गम्हरिया माइनर कैनाल की खुदाई को लेकर स्थानीय रैयतों और किसानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। कैनाल निर्माण की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और परियोजना के खिलाफ विरोध जताया। किसानों का कहना है कि उनकी जमीन से नई नहर की खुदाई पूरी तरह अनावश्यक है। उनका तर्क है कि वे सदियों से उत्तरी कोयल नहर से जुड़ी गंगारिया पइन के माध्यम से अपनी खेती की सिंचाई करते आए हैं। ऐसे में नई कैनाल खोदने से उनकी उपजाऊ भूमि का नुकसान होगा और इसका कोई व्यावहारिक लाभ भी नहीं दिखता। ग्रामीणों ने साफ कहा कि वे इस परियोजना के लिए अपनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं। किसानों ने यह भी मांग की कि नई नहर बनाने के बजाय पुरानी पइन को ही दुरुस्त कर पानी की सप्लाई पुनः बहाल की जाए। यही उनके लिए सबसे उपयुक्त और स्थायी समाधान होगा। मौके पर पहुंचे गुरुआ अंचल अधिकारी एवं अन्य कर्मियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे और किसी भी कीमत पर भूमि अधिग्रहण का विरोध करने का निर्णय दोहराया। रैयतों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार और प्रशासन ने बिना पर्याप्त विचार-विमर्श के नहर निर्माण का काम आगे बढ़ाया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। किसानों ने कहा कि उनकी मांगें अनसुनी रहीं तो वे धरना-प्रदर्शन, सड़क जाम जैसे व्यापक विरोध कार्यक्रम चलाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी आजीविका भूमि पर निर्भर है, इसलिए उनकी सहमति के बिना किसी भी तरह का निर्माण कार्य स्वीकार्य नहीं होगा। प्रशासन और किसानों के बीच संवाद की अगली पहल का इंतजार जारी है।

## किसानों की समस्या सुनने को कोरिडोर पहुंची अधिकारियों की टीम, समाधान का दिया भरोसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कोरिडोर में चल रहे सीमांकन कार्य को लेकर उत्पन्न विवाद के बीच शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार शुक्रवार को उद्योग विभाग और बियाडा के अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण के लिए पहुंचे। ग्रामीणों ने बीते दिनों सीमांकन कार्य को रोक दिया था जिससे कार्य बाधित हो गया है। निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि लेमबोगढ़ा और गाजीचक पंचायतों में किसानों की नाराजगी सबसे अधिक है। किसानों की मांग है कि पहले मुआवजे का भुगतान किया जाए, तभी सीमांकन कार्य आगे बढ़ने दिया जाएगा। किसानों की आपत्तियों और समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद एसडीओ ने आश्वासन दिया कि प्रशासन जल्द ही विशेष कैंप लगाकर उनके सभी मुद्दों का समाधान करेगा। उन्होंने कहा कि मुआवजा भुगतान से संबंधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए नियमों के तहत पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी, ताकि कार्य बिना बाधा के आगे की ओर बढ़े।

## मध्य विद्यालय नदरपुर में व्यवस्था की जांच करने पहुंचे जिला पार्षद कामेश्वर सिंह यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** डोभी प्रखंड के नदरपुर मध्य विद्यालय नदरपुर में व्यवस्था को लेकर जांच करने पहुंचे दक्षिणी क्षेत्र के जिला परिषद कामेश्वर यादव। बच्चों से बातचीत के दौरान उन्हें पता चला कि प्रभारी द्वारा मनमानी ढंग से स्कूल का संचालन किया जा रहा है। इससे बच्चे तथा स्थानीय लोग में काफी नाराजगी है। निरीक्षण के दौरान उन्हें पता चला कि मिड डे मील में भी अनियमितता बरती जा रही है जिससे बच्चों ने जिला पार्षद से मौखिक और लिखित शिकायत भी किया। बच्चों की उपस्थिति के अनुसार और दैनिक सूची के अनुसार उन्हें भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। शौचालय की भी व्यवस्था नहीं रहने से बच्चों में नराजगी है। इस संबंध में जिला पार्षद ने पत्रकारों को बताया कि जो व्यवस्था में कमी है वह हम प्रभारी द्वारा सुधरवाने का प्रयास करेंगे और उच्च अधिकारी से यहां की कमियों को पूरा करने के लिए मांग करेंगे ताकि बच्चों की पढ़ाई लिखाई बाधित न हो सके। वहीं प्रभारी शिया देवी से पत्रकारों ने दूरभाष से संपर्क किया जिसमें उन्होंने बताया कि दो कमरा है जिसमें 8 वीं तक कक्षा चलने में कठिनाई होती है।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षा पर जोर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** एकल अभियान टिकारी संच की दो दिवसीय मासिक अभ्यास वर्ग का समापन किया गया। ज्ञातव्य हो कि टिकारी स्थित विश्व हिंदू परिषद प्रांगण में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग लगाकर आचार्य आचार्या को पांच आयाम पंचमुखी शिक्षा के बारे में प्रशिक्षित किया गया। पंच मुखी शिक्षा में प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य शिक्षा, ग्राम विकास शिक्षा, जागरण शिक्षा, संस्कार शिक्षा के बारे में अंचल से आए प्रशिक्षक ने सभी संच के आचार्य आचार्या को प्रशिक्षत किया। प्रशिक्षण सत्र 28 नवंबर को शुभारंभ किया गया था जिसका समापन 29 नवंबर को किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ व समापन भारत माता, सरस्वती माता के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। मौके पर आचार्य-आचार्या के साथ-साथ प्रशिक्षक, संच के समिति गण की मौजूदगी शत प्रतिशत रही। प्रशिक्षक में अंचल से आए अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रमुख रामलखन दास, अंचल अभियान प्रमुख सूर्यदेव कुमार, अंचल ब्यास प्रमुख आरती कुमारी, भाग मूल्यांकन प्रमुख अनिल कुमार, संच ब्यास आशुतोष मिश्र, संच प्रमुख महेश कुमार सहित संच के अधिकारी गण में संच अध्यक्ष गणेश प्रसाद, संच सचिव शिव बल्लभ मिश्र व संच अंतर्गत कई आचार्य व आचार्या की उपस्थिति रही।

संपादकीय

# सवालों के घेरे में 'गंभीर'

टेस्ट क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के साथ स्वदेशी मैदानो पर भारतीय क्रिकेट टीम के दयनीय प्रदर्शन ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं और टीम को कोच गौतम गंभीर की कोचिंग भी संदेह के घेरे में आ गई है। हालांकि गंभीर ने अपनी आलोचनाओं के जवाब में कहा है कि ऐसा करते समय उनकी सफलताओं और उपलब्धियों को नजरअंदाज न किया जाए। भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा हाल में चैम्पियंस ट्रॉफी और एशिया कप जीतने, जीतने, भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा वन- डे विश्व कप अपने नाम करने और यहां तक कि भारतीय महिला नेत्रहीन क्रिकेट टीम द्वारा भी पहला टी-20 वर्ल्ड कप जीतने की खुशियों के बीच भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम की हालिया टेस्ट श्रृंखला में बेहद खराब परफार्मेंस ने क्रिकेट प्रेमियों को निराश कर दिया है। यही हाल रहा तो अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम से क्या उम्मीद की जाए? जबकि भारत इस कप का डिफेंडिंग चैम्पियन है। वर्तमान टेस्ट श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका के आगे यह टीम बेहद कमजोर नजर आ रही है। घरेलू मैदानो पर इस टेस्ट सीरीज में मिली हार के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर को निशाने पर हैं। गुवाहाटी टेस्ट के दौरान जब पहली पारी में ही भारतीय बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा गया था तो सोशल मीडिया पर गंभीर को हटाने की मांग ने जोर पकड़ा था। अब जब टीम दो मैचों की टेस्ट सीरीज 0-2 से गंवा बैठी है तो एक बार फिर गंभीर सबके निशाने पर आ गए हैं। हालांकि कोच गौतम गंभीर ने भी अब इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और कहा है कि उनके भविष्य पर फैसला भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) करेगा। आलोचना का कारण यह भी है कि विगत 13 महीनो में भारत के घरेलू मैदान पर दूसरी बार किसी विदेशी टीम ने क्लीन स्वीप किया है। इससे पहले अक्तूबर-नवंबर 2024 में न्यूजीलैंड ने भारत को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराया था। अब दक्षिण अफ्रीका ने गुवाहाटी टेस्ट 408 रन से जीतकर भारत का दो मैचों की टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ कर दिया। कोलकाता टेस्ट को दक्षिण अफ्रीका ने 30 रन से अपने नाम किया था। दक्षिण अफ्रीका ने भारत के सामने 549 रन का लक्ष्य रखा था। विश्व टेस्ट चैंपियन ने भारत को दूसरी पारी में 140 रन पर समेट दिया और 408 रन से जीत दर्ज की। हालांकि गंभीर के कोच रहते भारत ने इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई थी। लेकिन यह भी सच है कि गंभीर के कोच रहते भारत ने 18 में से 10 टेस्ट गंवाए। दरअसल गंभीर की आलोचना भारतीय क्रिकेट टीम में लगातार बदलाव के कारण हो रही है, विशेषकर लाल गेंद के प्रारूप में अधिक ऑलराउंडर खिलाने पर उनका विशेष ध्यान रहा है, जिस कारण वो आलोचना के केन्द्र में हैं। इस बारे में गंभीर का कहना है कि टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए आपको बेहद तेजतर्रार और प्रतिभाशाली क्रिकेटरों की जरूरत नहीं है। हमें सीमित कौशल वाले मजबूत व्यक्तित्व वाले खिलाड़ियों की ज़रूरत है। वे अच्छे टेस्ट क्रिकेटर बनते हैं। गंभीर का मानना है कि खराब प्रदर्शन के लिए केवल खिलाड़ियों और कोच पर निशाना साधने से कुछ नहीं होगा। यह टीम में व्यापक बदलाव का समय है। सच्चाई यही है कि हमें लाल गेंद के क्रिकेट में काफी सुधार करना है। बहरहाल खराब प्रदर्शन के लिए केवल गौतम गंभीर को जिम्मेदार ठहराना गलत है। यह पूरी टीम की जिम्मेदारी है। कहीं न कहीं आपसी तालमेल की कमी है। बेहतर है कि खामियों को बूझकर उसमें सुधार किया जाए।

# कर्नाटक की सियासत में अब डीके रहेंगे या सिद्धारमैया

**डीके शिवकुमार राजनीतिक रूप से कर्नाटक में अपनी पकड़ मजबूत करते आ रहे हैं। वे लंबे समय से पार्टी के मुख्य नेतृत्व में सक्रिय रहे हैं और उनकी पकड़ पार्टी के अधिकांश कार्यकर्ताओं व नेताओं के बीच है। ऐसे में उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी के मामले में कोई समझौता करने का मन नहीं बनाया। शिवकुमार का मानना है कि उनके अनुभव, जनाधार, और राजनीतिक योगदान के कारण वे इस पद के लिए अधिक योग्य हैं। उन्होंने सीधे तौर पर यह भी संकेत दिया है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी से कम पर वे कभी सहमत नहीं होंगे।सिद्धरमैया, जो अभी प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं, वे भी अपनी कुर्सी छोड़ने के मूड में नहीं दिख रहे हैं। उनकी भी पार्टी में अपनी पकड़ है और वे भी इस पद के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सिद्धरमैया के समर्थक भी उनकी सरकार को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और किसी भी तरह की बगावत को पार्टी हित के खिलाफ मानते हैं।**

स्वदेश कुमार

कर्नाटक की राजनीति में इस समय एक बड़ा राजनीतिक घमासान चल रहा है, जिसका केन्द्र बिंदु उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बीच मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर टकराव है। दोनों के बीच विवाद इतना गहरा हो गया है कि जिससे पार्टी के अंदर मतभेद साफ नज़र आने लगे हैं। कांग्रेस पार्टी के लिए यह परिस्थिति चुनौतीपूर्ण बन गई है क्योंकि दोनों नेताओं की महत्त्वाकांक्षाएं और राजनीतिक दबाव पार्टी की लाइन के खिलाफ जाकर संकट उत्पन्न कर रहे हैं।

डीके शिवकुमार राजनीतिक रूप से कर्नाटक में अपनी पकड़ मजबूत करते आ रहे हैं। वे लंबे समय से पार्टी के मुख्य नेतृत्व में सक्रिय रहे हैं और उनकी पकड़ पार्टी के अधिकांश कार्यकर्ताओं व नेताओं के बीच है। ऐसे में उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी के मामले में कोई समझौता करने का मन नहीं बनाया। शिवकुमार का मानना है कि उनके अनुभव, जनाधार, और राजनीतिक योगदान के कारण वे इस पद के लिए अधिक योग्य हैं। उन्होंने सीधे तौर पर यह भी संकेत दिया है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी से कम पर वे कभी सहमत नहीं होंगे।सिद्धरमैया, जो अभी प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं, वे भी अपनी कुर्सी छोड़ने के मूड में नहीं दिख रहे हैं। उनकी भी पार्टी में अपनी पकड़ है और वे भी इस पद के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

सिद्धरमैया के समर्थक भी उनकी सरकार को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और किसी भी तरह की बगावत को पार्टी हित के खिलाफ मानते हैं। इसलिए उनके लिए यह कुर्सी छोड़ना कोई आसान फैसला नहीं है।इस बीच, पार्टी के आलाकमान के लिए स्थिति काफी पेचीदा हो गई है। दोनों नेताओं के बीच हो रहे इस टकराव ने कांग्रेस के रणनीतिक कमजोरियों को



उजागर कर दिया है। बगावत इतनी बढ़ चुकी है कि अगर पार्टी नेतृत्व समय पर सही और संतुलित निर्णय नहीं लेता है तो इसका असर विधानसभा चुनावों पर भी पड़ सकता है। खासकर जब पार्टी को कर्नाटक में अपनी पकड़ और संगठन को मजबूत करने की जरूरत है।

कुछ राजनीतिक विश्लेषकों की राय में अगर कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी इस विवाद को शांति से नहीं सुलझाते हैं, तो पार्टी को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। यह टकराव आज केवल मुख्यमंत्री पद का नहीं रहा, बल्कि दोनों के समर्थक भी अलग-अलग मोर्चे पर खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि शिवकुमार के समर्थक तो यहां तक कि बीजेपी से भी संपर्क करने में गुरेज नहीं कर रहे, जो कांग्रेस पार्टी के लिए चिंताजनक स्थिति है। यह संकेत है कि अगर पार्टी आलाकमान ने समय रहते स्पष्ट निर्देश या मध्यस्थता नहीं की, तो शिवकुमार के नेतृत्व में पार्टी के भीतर अलगाव या विघटन की संभावना भी जताई जा रही है।पार्टी नेतृत्व ने फिलहाल इस मामले में चुप्पी साध रखी है, लेकिन खबरों के अनुसार राहुल गांधी ने पक्षों की बात सुननी शुरू कर दी है। इसके बाद ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाएगा। परंतु इधर दोनों पक्षों के खेमे भी अपनी-अपनी दलीलों को पार्टी अध्यक्ष तक पहुँचा चुके हैं। दोनों ओर से इसकी उम्मीद जताई जा रही है कि जो भी फैसला आएगा, वह उनके लिए स्वीकार्य होगा। लेकिन राजनीतिक धरातल पर देखा जाए तो ऐसा होना मुश्किल लगता है क्योंकि दोनों नेताओं की महत्वाकांक्षाएं इतनी मजबूत हैं कि वे दोनों ही कम समझौता करने को तैयार नहीं हैं।

इस विवाद की वजह से कांग्रेस पार्टी के अंदर सशक्त नेतृत्व की कमी उजागर हो रही है। ऐसी स्थिति में पार्टी के लिए जरूरी होगा कि वह जल्द से जल्द इस मुद्दे का समाधान निकाले ताकि आगे बढ़कर चुनाव तैयारी और संगठन के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। यदि लंबे समय तक यह विवाद बना रहा तो इससे पार्टी के कार्यकर्ता भी निराश हो सकते हैं और विरोधी दलों को भी यह मौका मिलेगा कि वे इसका राजनीतिक लाभ उठाएं।

यह मुद्दा कर्नाटक की राजनीति में भी हलचल मचा रहा है। विपक्षी दल इसे कांग्रेस में अंदरुनी फूट के रूप में दिखा रहे हैं और अपनी ताकत बताने का मौका तलाश रहे हैं। यदि कांग्रेस ने इस विवाद को संभाला नहीं तो कर्नाटक में उसकी सरकार खतरे में पड़ सकती है। ऐसे हालात में पार्टी नेतृत्व के सामने चुनौती यह है कि वे दोनों प्रमुख नेताओं के बीच सामंजस्य बनाएं और पार्टी की एकजुटता को बनाये रखें। राजनीतिक जमावट और नेताओं के बीच सत्ता की होड़ ऐसी स्थिति उत्पन्न कर रही है कि कांग्रेस के लिए समय रहते सही निर्णय लेना बेहद जरूरी हो गया है।

कर्नाटक की राजनीति में मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए यह लड़ाई अब केवल पद की नहीं बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाली भी हो गई है। पार्टी आलाकमान की भूमिका इस मामले में निर्णायक साबित होगी और राहुल गांधी की मंशा पर सभी की नजरें टिकी हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि राहुल गांधी किस तरह का निर्णय लेंगे और वह कैसे दोनों पक्षों को संतुष्ट करेंगे। लेकिन इतना तय है कि कांग्रेस के लिए अब यह मामला केवल नेतृत्व का नहीं, बल्कि समूचे संगठन की स्थिरता का प्रश्न बन चुका है। प्रदेश की राजनीति में जो भी हो, उसका असर राष्ट्रीय स्तर पर भी देखे जाने की संभावना है, क्योंकि कर्नाटक हमेशा से कांग्रेस की महत्वपूर्ण राजनीतिक जंग का मैदान रहा है।इस समय कांग्रेस नेतृत्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह गणना से काम लेकर विवाद को जल्द से जल्द समाप्त कराए। तभी पार्टी अपनी राजनीतिक प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकेगी और आगामी चुनावों में बेहतर स्थिति में नजर आएगी।

अध्यात्म

## किसी भी प्रलोभन में फंसकर रुकना नहीं चाहिए

राजा प्रजा में से किसी को अपना उत्तराधिकारी बनाना चाहता था, राजा ने घोषणा करवा दी कि अगले दिन जो भी व्यक्ति मुझसे मिलने राजमहल आएगा, वही राजा बनेगा। वही व्यक्ति अपने लक्ष्य तक पहुंच सकता है जो किसी प्रलोभन में फंस कर रुकता नहीं है। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में एक राजा की कोई संतान नहीं थी, वह बूढ़ा हो गया तो इस बात की चिंता होने लगी कि मेरे बाद इस राज्य को कौन संभालेगा?

राजा ने अपने गुरु से पूछा इस समस्या का हल पूछा। गुरु ने कहा कि राजन् अपनी प्रजा में से किसी योग्य व्यक्ति को उत्तराधिकारी बना देना चाहिए। ये बात राजा को समझ आ गई, उसने अपने मंत्री से कहा कि प्रजा के बीच ये घोषणा करवा दें कि कल जो भी व्यक्ति सूर्यास्त से पहले मुझसे मिलने राज महल तक आ जाएगा, उसे इस राज्य का उत्तराधिकारी घोषित किया जाएगा। ये बात सुनकर मंत्री ने कहा कि महाराज ये तो बहुत ही आसान है, पूरी प्रजा ही राजा बनने के लिए यहां पहुंच जाएगी। राजा ने कहा कि ऐसा नहीं होगा, मुझ तक सिर्फ योग्य व्यक्ति ही पहुंचेगा। आप घोषणा करवा दीजिए। मंत्री ने राजा की आज्ञा का पालन किया और प्रजा तक संदेश पहुंचा दिया। अगले दिन बड़ी संख्या में लोग उत्तराधिकारी बनने के लिए राज महल की ओर निकल पड़े। महल के बाहर राजा ने एक बड़े मेले का आयोजन किया था। मेले में शराब थी, नाच-गाना हो रहा था, तरह-तरह के स्वादिष्ट पकवान थे। कई तरह के खेल वहां हो रहे थे। पूरी प्रजा उस मेले में ही उलझ गई। अपनी-अपनी पसंद के हिसाब से लोग मजा लेने लगे। सभी ये बात भूल गए कि उन्हें राजा से मिलने जाना है। तभी वहां एक युवक ऐसा आया जो इन प्रलोभनों में नहीं फंसा, उसे सिर्फ अपने लक्ष्य तक पहुंचना था। वह सीधे राज महल की ओर चल दिया। मुख्य द्वार पर दो पहरेदार खड़े थे। उन्होंने युवक को रोका, लेकिन वह किसी तरह उनसे बचकर राज महल में प्रवेश कर गया। अंदर पहुंचते ही उसे राजा, मंत्री और उनके मिल गए। राजा ने उस युवक को राज्य का उत्तराधिकारी नियुक्त कर दिया।

### सीख

इस प्रेरक कहानी की सीख यह है कि हम अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए रास्ते में रुकना नहीं चाहिए। सफलता मिलने तक हमें आगे बढ़ते रहना चाहिए।

# पहचान, आस्था और भारतीय पुनर्जागरण

**अयोध्या की पावन धरती पर श्रीराम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा का फहराना केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों संपन्न यह ऐतिहासिक कार्य उन करोड़ों भारतीयों की आस्था और धैर्य का प्रतिफल है, जिन्होंने पीढ़ियों तक इस सपने को अपने ह्रदय में संजोए रखा। हिंदू शास्त्रों में मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण को अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण माना गया है। आगम शास्त्रों के अनुसार, ध्वज मंदिर की आत्मा है और यह देवता की उपस्थिति का प्रत्यक्ष प्रतीक माना जाता है। वास्तु शास्त्र में उल्लेख है कि जब तक मंदिर के शिखर पर ध्वज नहीं फहराया जाता, तब तक मंदिर का निर्माण अधूरा माना जाता है। धर्म ध्वजा को 'ध्वज स्तंभ' या 'गरुड़ ध्वज' भी कहा जाता है। यह केवल एक कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि दिव्य शक्ति का वाहक है। प्राचीन परंपरा के अनुसार, ध्वज के फहराने से मंदिर में देवता का आवाहन पूर्ण होता है और वह स्थान दिव्य ऊर्जा से परिपूर्ण हो जाता है।**

जयदेव राठी

राम मंदिर के शिखर पर फहराई गई धर्म ध्वजा का निर्माण विशेष रूप से पारंपरिक विधियों का पालन करते हुए किया गया है। ध्वज का प्रतीकात्मक अर्थ यह ध्वज़ भगवा रंग में है, जो हिंदू और विशेष रूप से राम परम्परा में त्याग, उत्साह, बलिदान और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। ध्वज पर सूर्य, और कोविदार वृक्ष जैसे प्रतीक अंकित हैं। सूर्य सूर्यवंशी राम का प्रतीक, दिव्यता, प्रकाश और ऊर्जा। आध्यात्मिक मूल, ब्रह्मांडीय ध्वनि, धर्म और शांति का संकेत। कोविदार वृक्ष ? जीवन, समृद्धि, प्रकृति की निरंतरता, और संभवतः धार्मिक इतिहास से जुड़ा एक प्राचीन प्रतीक। पीएम मोदी ने इस ध्वज की 13 अलग-अलग अर्थों की व्याख्या की है, जिसमें 'संकल्प, सफलता, आदर्श, सामाजिक सद्भाव' शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह ध्वज 'भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण' का ध्वज है। जो हिंदू धर्म में त्याग, साहस और धर्म का प्रतीक माना जाता है। ध्वज पर श्रीराम से संबंधित पवित्र प्रतीक अंकित हैं। ध्वज का आकार और माप भी वास्तु शास्त्र के अनुसार निर्धारित किया गया है। 161 फीट ऊंचे मंदिर के शिखर पर स्थापित यह ध्वज दूर से ही दिखाई देता है। इसे इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह विभिन्न मौसमों और मौसमी परिस्थितियों में भी सुरक्षित रहे। धर्म ध्वजा के अनावरण के लिए विद्वान ज्योतिषाचार्यों द्वारा विशेष शुभ मुहूर्त का चयन किया गया था। वैदिक पंचांग के अनुसार, यह समय ग्रहों की स्थिति, नक्षत्र और तिथि के आधार पर निर्धारित किया गया। मंदिर निर्माण के विभिन्न चरणों की तरह, ध्वजारोहण के लिए भी ब्रह्म मुहूर्त और देव मुहूर्त का विशेष ध्यान रखा गया। ध्वजारोहण समारोह पूर्णतः वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुआ। सर्वप्रथम गणेश पूजन, नवग्रह पूजन और वास्तु शांति के मंत्रोच्चार किए गए। इसके बाद ध्वज का पंचामृत से अभिषेक किया गया। विद्वान पुरोहितों ने वैदिक मंत्रों के साथ ध्वज में प्राण प्रतिष्ठा की। इस विधि में विशेष मंत्रों के माध्यम से ध्वज को दिव्य ऊर्जा से संपन्न किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधिवत रूप से ध्वज को शिखर पर फहराया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद, घंटा-घड़ियाल की ध्वनि और वेद पाठ का वातावरण अत्यंत दिव्य हो गया।

प्रधानमंत्री मोदी इस ऐतिहासिक कार्य में प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुए। पारंपरिक रीति से ध्वज को अपने हाथों से ऊपर खींचा। इस दौरान उनके चेहरे पर अपार प्रसन्नता और भक्ति भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा था। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यह क्षण केवल वर्तमान पीढ़ी का नहीं, बल्कि उन असंख्य भारतीयों की आस्था का प्रतिफल है जिन्होंने सदियों तक इस दिन का इंतजार किया। जैसे ही धर्म ध्वजा मंदिर के शिखर पर फहराई गई, पूरे अयोध्या नगर में अभूतपूर्व उत्साह और भक्ति का वातावरण बन गया। लाखों श्रद्धालुओं ने एक साथ जय श्री राम के नारे लगाए। मंदिर परिसर में उपस्थित संतों, महंतों और आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। सरयू नदी के तट पर, राम की पैड़ी पर, हनुमानगढ़ी



में और अयोध्या के प्रत्येक कोने से घंटा-घड़ियाल की ध्वनि और शंखनाद सुनाई दिया।

ध्वज का धार्मिक महत्व शास्त्रों में कहा गया है - ÷ध्वजो देवस्य चिह्नं स्यात÷ अर्थात ध्वज देवता का चिह्न है। राम मंदिर पर फहराई गई यह ध्वजा न केवल मर्यादा पुरुषोत्तम राम की उपस्थिति का प्रतीक है, बल्कि यह धर्म, न्याय और सत्य की विजय का भी प्रतीक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, जिस मंदिर में ध्वज फहराता है, वहां देवता सदैव विराजमान रहते हैं। ध्वज की छाया में आने वाले भक्तों के पाप नष्ट होते हैं और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। अयोध्या का इतिहास उतना ही प्राचीन है जितना भारतीय सभ्यता का स्वयं। रामायण के अनुसार, यह नगरी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि रही है। सदियों तक यहाँ भव्य राम मंदिर खड़ा रहा, जो भारतीय संस्कृति का केंद्र था। 1528 में मुगल आक्रांता बाबर के सेनापति मीर बाकी द्वारा मंदिर विध्वंस की घटना भारतीय इतिहास का एक दुखद अध्याय है। इसके बाद के लगभग 500 वर्ष संघर्ष, प्रतीक्षा और आस्था की अग्निपरीक्षा बन गए। 1992 में विवादित ढांचे के विध्वंस के बाद लंबी कानूनी लड़ाई शुरू हुई, जो 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले के साथ समाप्त हुई। 2020 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भूमि पुजन के साथ मंदिर निर्माण की शुरुआत हुई। नागर शैली की स्थापत्य कला में निर्मित यह भव्य मंदिर न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि भारतीय शिल्पकला का उत्कृष्ट नमूना भी है।

राजस्थान के गुलाबी बलुआ पत्थर से बना यह मंदिर 360 फीट लंबा, 235 फीट चौड़ा और 161 फीट ऊंचा है। मंदिर के निर्माण में देश भर के हजारों कारीगरों, शिल्पकारों और मजदूरों ने अपना योगदान दिया। राम मंदिर का निर्माण भारतीय समाज के लिए आत्मसम्मान और सांस्कृतिक पहचान का प्रश्न था। यह केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक बन गया। सदियों के औपनिवेशिक और विदेशी शासन के बाद, यह स्वतंत्र भारत की सांस्कृतिक पुनर्स्थापना का संकेत है। इस मुद्दे ने भारतीय राजनीति को भी गहराई से प्रभावित किया, लेकिन अंततः न्यायपालिका के निर्णय ने इसे संवैधानिक समाधान की दिशा में ले गया। ध्वजारोहण के अवसर पर अयोध्या में लाखों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। देश के कोने-कोने से, विदेशों से भी भक्तगण इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने पहुंचे। कई श्रद्धालुओं की आंखों में खुशी के आंसू थे, जो पीढ़ियों की प्रतीक्षा के बाद इस दिव्य दृश्य को देख पा रहे थे। विभिन्न आध्यात्मिक संगठनों, संत समाज और धार्मिक संस्थाओं ने विशेष भजन-कीर्तन और सत्संग का आयोजन किया।

राम मंदिर अयोध्या को एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र बना रहा है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिला है और रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और अन्य क्षेत्रों में व्यापक विकास देखा जा रहा है। विश्व भर में फैले भारतीय प्रवासियों के लिए यह क्षण विशेष गर्व का है। यह दर्शाता है कि प्राचीन सभ्यताएं अपनी जड़ों से जुड़कर आधुनिक युग में भी प्रासंगिक बनी रह सकती हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ कुछ दायित्व भी आते हैं। समाज को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह मंदिर सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे का केंद्र बने। श्रीराम मंदिर पर धर्म ध्वजा का फहराना भारतीय इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है। यह न केवल धार्मिक आस्था की विजय है, बल्कि लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में विश्वास का प्रमाण भी है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद यह क्षण भारतीय समाज के धैर्य, संयम और न्याय में विश्वास की पुष्टि करता है। धर्म ध्वजा का फहराना केवल एक अनुष्ठान नहीं था, बल्कि यह करोड़ों भारतीयों की आस्था का शिखर था। जब ध्वज ने हवा में लहराना शुरू किया, तो ऐसा लगा मानो स्वयं भगवान राम अपने भक्तों को आशीर्वाद दे रहे हों। राम मंदिर केवल पत्थरों की संरचना नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। यह अतीत का गौरव, वर्तमान की उपलब्धि और भविष्य की आशा का संगम है। धर्म ध्वजा के शिखर पर लहराने के साथ, यह मंदिर पूर्णता को प्राप्त हुआ और अब यह सदियों तक भारतीय संस्कृति, धर्म और आस्था का प्रतीक बना रहेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अपनी योग्यता के अनुरूप काम करके आत्मसन्तुष्टि का अनुभव करेंगे। जीवनसाथी के साथ अनबन दूर होगी। आपके काम में काफी स्थिरता रहेगी।

**वृषभ**
छोटी-छोटी बातों पर त्वरित प्रतिक्रिया आपकी छवि के लिये नुकसानदेह सिद्ध हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको स्थानान्तरण के अवसर मिल सकते हैं।

**मिथुन**
आज आपको कुछ विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। बदलते मौसम को लेकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यथार्थवादी बने रहें।

**कर्क**
आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर की साज-सजावट में आप अत्यधिक ध्यान देंगे। प्रबन्धन सम्बन्धी कार्यों से जुड़े लोगों को बेहतरीन लाभ मिलेगा।

**सिंह**
आपके काम में स्थिरता बनी रहेगी। शत्रु पक्ष आपका नुकसान पहुँचाने को लेकर तत्पर रहेगा। विरोधियों के ऊपर विजय प्राप्त होगी।

**कन्या**
आपकी लापरवाही बड़ी परेशानी को आमन्त्रण दे सकती है। आपके ऊपर अचानक काम का दबाव बढ़ सकता है। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ सकता है। रक्तचाप के रोगियों को तनाव से बचना चाहिये। विरोधी आपकी छवि को बिगाड़ने में लगे रहेंगे।

**वृश्चिक**
आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिये अत्यन्त शुभ रहेगा। आपके सामने करियर के अनेक विकल्प आयेंगे। आपकी जीवनशैली अनुशासित रहेगी।

**धनु**
नयी स्किल सीखने में तत्पर रहेंगे। बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। आपका आत्मविश्वास जागृत होगा। दूसरों के मामले में सोच-समझकर ही सलाह दें।

**मकर**
आज काम की अधिकता रहेगी। कार्यक्षेत्र में अपने संसाधनों का सार्थक सदुपयोग करने के कारण आपको लाभ मिलेगा। आप आज साहित्य और सिनेमा का आनन्द ले सकते हैं।

**कुंभ**
आज बिना माँगी सलाह देने के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। अनावश्यक विवादों से दूर रहें।

**मीन**
वैवाहिक जीवन का भरपूर आनन्द लेंगे। घर की साज-सजावट का काफी ध्यान रखेंगे। कारोबार में बड़ा लाभ मिलने की सम्भावना बन रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांग बच्चों ने दिखाया जौहर

**भगवानपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीआरसी भवन में शनिवार को स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों ने आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। दिव्यांग बच्चों के बीच सेकरेस दौड़, म्यूजिकल चेयर रेस, चम्मच नींबू रेस, चित्रांकन और जलेबी रेस प्रतियोगिता आयोजित किया गया।समावेशी शिक्षा के प्रखंड साधन सेवी कमल कुमार मौर्य ने बताया कि सेकरेस दौड़ में प्राथमिक विद्यालय जमालपुर के रवि कुमार अव्वल रहे। म्यूजिकल चेयर रेस में यूएमएस दामोदरपुर हिन्दी धर्मशीला कुमारी प्रथम रही। चम्मच नींबू रेस में पीएस जमालपुर के किशन कुमार, चित्रांकन में पीएस भगवानपुर की प्रतिज्ञा कुमारी और जलेबी रेस में जीएमएस कविया के निकेत कुमार अव्वल रहे। खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर दिव्यांग बच्चों में खासा उत्साह देखा गया।

### चार गिरफ्तार

**बलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि कांड संख्या 503/25 के आरोपित थाना क्षेत्र के पोखरिया निवासी धर्मेंद्र यादव के पुत्र अशोक यादव, रामचंद्र यादव के पुत्र नाथो यादव एवं नाथो यादव के पुत्र निशांत कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वही कांड संख्या 483/25 के आरोपित नुरजमापुर निवासी वकील यादव के पुत्र गुजो यादव को भी गिरफ्तार किया गया है। सभी गिरफ्तार आरोपित को शुक्रवार को न्याय विरासत में भेज दिया गया है।

### पुरुष नसबंदी के लिए जागरूकता मेला

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत पुरुष नसबंदी के लिए जागरूकता मेला का आयोजन पीएचसी नावकोठी में शनिवार को किया गया। इसका उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चैधरी ने किया। उन्होंने कहा कि परिवार कल्याण कार्यक्रम में बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस मेला का आयोजन हुआ है। इसमें नव दंपति को शादी के बाद परिवार में बच्चों की संख्या सीमित रखने तथा दो बच्चों के जन्म में उचित अंतराल रखने हेतु अस्थायी गर्भ निरोधक साधन कंडोम, छाया, अंतरा आदि का वितरण किया गया। स्थायी गर्भनिरोधक हेतु नसबंदी तथा बंध्याकरण है। इन साधनों को अपनाने की अपील की। मौके पर बी सीएम उषा कुमारी, एएनएम बेबी, बबीता, दीपा, नंदन, सोनी आदि, सीएचओ प्रियदर्शनी,जूली,सुमानी,सहित आशा कार्यकर्ता,राहुल कुमार,कृष्ण नंदन,पंकज,कपूर,लाभुक आदि मौजूद थे।

### दिव्यांग बच्चों के बीच सांस्कृतिक आयोजन

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के विभिन्न स्कूल में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों का प्रखंड स्तरीय खेल कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बीआरसी भवन नावकोठी में शनिवार को हुआ। इसका उद्घाटन संभाग प्रभारी रौशन कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को अन्य सामान्य बच्चों के समांतर लाने हेतु बिहार शिक्षा परियोजना के संयोजकत्व में 06-18 आयुवर्ग के बच्चों के बीच विभिन्न तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसमें सिया लषण मिडिल स्कूल समसा के कक्षा 6 के प्रियांशु कुमार ने बोरा रेस में , कक्षा 7 की रौशनी कुमार चित्रकला में, सिया लषण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समसा के बारहवीं कक्षा के म्युजिकल चेयर में, कन्या मध्य विद्यालय पहसारा के कक्षा सप्तम के प्रेम कुमार गायन में , मध्य विद्यालय छतौना के कक्षा 5 के पीयूष कुमार चम्मच नीबू रेस, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बगरस विष्णुपुर के कक्षा 8 की श्वेता कुमारी जलेबी रेस में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आगाज प्रेम कुमार द्वारा राष्ट्रीय गीत से हुआ। मौके पर हरेराम रजक, अमित कुमार, नवनीत कुमार, रवि कुमार, अभिभावक मौजूद थे।

### मारपीट की घटनाओं में नौ लोग घायल

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी थाना क्षेत्र के गौरी व डुमाईगढ़ गांव में दो अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में महिलाओं और बच्चियों समेत कुल नौ लोग जख्मी हो गए। पहली घटना गौरी गांव की है, जहां धान का बोरा हटाने को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद बढ़ गया और लाठी-डंडे से मारपीट हो गई। इस घटना में बीरेन्द्र यादव, उनकी पत्नी मीरा देवी, पुत्री अनिता कुमारी और सपना कुमारी घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। दूसरी घटना डुमाईगढ़ गांव की है, जहां भूमि विवाद को लेकर कथित तौर पर एक पट्टीदार ने रेखा देवी, मनीष कुमार, अंजली कुमारी और तीन वर्षीय अंशिका कुमारी के साथ मारपीट की। चारों का उपचार भी मांझी सीएचसी में जारी है। दोनों मामलों में पुलिस जांच में जुटी है।

### शराब के नशे में उत्पात मचाने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के गंजपर गांव से शराब के नशे में उत्पात मचाने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान सिवान जिले के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के गभीड़ाड़ गांव निवासी राजेश सिंह व एकमा थाना क्षेत्र के हंसराजपुर गांव निवासी अनुरंजन सिंह के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि दोनों को आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक प्रक्रिया के तहत छपरा भेज दिया गया है।

### वृद्ध महिला सड़क दुघर्टना में घायल, रेफर

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक के गोपालवाड़ी गांव में बाइक सवार वृद्ध महिला सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल को इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। बताया गया कि वृद्ध महिला बाइक पर सवार होकर मशरक आ रहीं थीं कि गोपालवाड़ी गांव में स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित हो गई और सड़क पर ही गिर पड़ी। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।घायल इसुआपुर थाना क्षेत्र के डोईला गांव निवासी स्व मंशी शर्मा की 70 वर्षीय पत्नी पानपति कुंवर हैं।

### दो दिवसीय इंटर कॉलेज बैडमिंटन टूर्नामेंट संपल

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर के खेल कैलेंडर 2025-2026 के अनुसार आरडी एंड डीजे कॉलेज के बॉयज कॉमन रूम में आज दो दिवसीय इंटर कॉलेज बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन हो गया। यह ज्ञातव्य है कि इंटर कॉलेज बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन नवंबर 28 से नवंबर 29 को किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में मुंगेर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो डॉ संजय कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएसडब्ल्यू प्रो डॉ महेश्वर मिश्रा, कुलसचिव डॉ घनश्याम राय, आरडी एंड डीजे कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो डॉ बिजेंद्र कुमार, डीएसएम कॉलेज झाझा के प्राचार्य डॉ अजफर शम्शी, मुंगेर विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव डॉ संजय मांझी, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ अंशु राय ,डॉ प्रियरंजन तिवारी मौजूद रहे। आरडी एंड डीजे कॉलेज के क्रीडा सचिव मुनींद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीम ने प्रतिभाग किया जिसमें महिला की चार टीम और पुरुष के 6 टीम शामिल है।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना : 10 लाख महिलाओं को पहली किस्त जारी

## सारण की 17,608 महिलाएं लाभांवित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों से बिहार राज्य की 10 लाख महिलाओं के बैंक खातों में स्वरोजगार के लिए 10-10 हजार रुपये की प्रथम किस्त की राशि भेजी गई। इस योजना से सारण जिले की 17,608 लाभार्थी महिलाएं भी शामिल हैं।

अब तक सारण जिले की 5,11,229 महिलाएं इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर चुकी हैं। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला मुख्यालय तथा सभी प्रखंडों में वेबकास्टिंग के माध्यम से किया गया, जिसमें हजारों महिलाएं सीधे जुड़ीं। समाहरणालय सभागार, छपरा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में छपरा की विधायक छोटी कुमारी, जिलाधिकारी अमन समीर, उपविकास आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल सहित कई अन्य पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में जीविका दीदियाँ मौजूद रहीं।

यह योजना 26 सितम्बर को प्रधानमंत्री की उपस्थिति में मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई थी।



### कटाव को लेकर सांसद से मिले ग्रामीण

**बलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के भवानंदपुर पंचायत अंतर्गत शिवनगर गांव के समीप हो रहे गंगा कटाव से बचाव को लेकर ग्रामीणों ने गुरूवार को केन्द्रीय मंत्री सह सांसद गिरीराज सिंह को आवेदन दिया है। दियारा विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष सह ताजपुर पंचायत के मुखिया शिवनंदन कुमार उर्फ शिवदानी के नेतृत्व में ग्रामीण रामानुज राय, कृष्ण कुमार, राजेश कुमार, अरूण साह, अमित कुमार आदि बेगूसराय के आईओसी गेस्ट हाउस पहुंचकर आवेदन सौंपा। आवेदन मिलते ही मंत्री गिरीराज सिंह के द्वारा जल संसाधन विभाग के आलाधिकारी से दूरभाष पर बात कर शिवनगर के समीप करीब 500 मीटर में कटाव निरोधक कार्य चलाये जाने की बात कही। जिस पर विभागीय अधिकारी के द्वारा सहमति प्रदान करते हुये आने वाले समय में टेंडर कराकर कटाव निरोधक कार्य चलाये जाने का आश्वासन दिया गया। इस कार्य के लिये मुखिया शिवनंदन कुमार उर्फ शिवदानी के साथ ग्रामीणों ने माननीय मंत्री का आभार प्रकट किया है।

## पीएचसी में एएनएम, सीएचओ की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** एपीएचसी तथा एचएससी में पदस्थापित एएनएम की बैठक पीएचसी नावकोठी में शनिवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चैधरी ने की।

उन्होंने कहा कि शतप्रतिशत टीकाकरण हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए लक्ष्य प्राप्त करने की प्रत्येक एएनएम की जबाबदेही है। टेलीमेडिसीन, जननी बाल सुरक्षा, गैर संचारी रोग, परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत पुरुष नसबंदी, बंध्याकरण, टीकाकरण आदि की समीक्षा की गई। टीकाकरण कार्यक्रम की उपलब्धि कम रहने पर असंतोष जाहिर की गई। इसमें वृद्धि लाने का निर्देश दिया गया। इस कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोताही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य उपकेंद्र के कार्य का बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। मौके पर बी सीएम उषा कुमारी,सीएचओ सुमानी,जूली,प्रियदर्शनी एएनएम विभा कुमारी, मीना, सोनी, स्वर्णिम स्नेही, बबीता, नंदन, दीपा, विश्व भारती आदि मौजूद थे।

### जनता दरबार का आयोजन

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें दो नये मामले सुनवाई हेतु दर्ज किये गए ।


पूर्व से लंबित एक भी मामले का निष्पादन नहीं किया गया। दर्ज मामले में नावकोठी निवासी राकेश कुमार पिता हरेराम सिंह बनाम सच्चितानंद राय पिता रघुनंदन राय, रजाकपुर निवासी के बीच रैयती भूमि विवाद का मामला है। वहीं दूसरी ओर चीनी लाल महतो पिता स्वर्गीय रामस्वरूप महतो बनाम जितेन्द्र महतो एवं राहुल महतो पिता दीपक महतो निवासी हसनपुर बागर के बीच आपसी हिस्सेदारी का मामला है। जनता दरबार में कुल अब 9 मामले लंबित है। सभी लंबित मामले के फरियादी को सुनवाई के लिए अगली तारीख निर्धारित की गयी।मौके पर अंचलाधिकारी सूरज कुमार , राजस्व अधिकारी लवली कुमारी, एस आई युगल किशोर मंडल, प्रधान सहायक गोपाल कुमार, कार्यपालकं सहायक अमरजीत कुमार तथा अन्य फरियादी मौजूद थे।

## बेगूसराय मंडल कारा में छापेमारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** बेगूसराय मंडलकारा में शनिवार की सुबह जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनीष द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी की गई।

इस दौरान मंडलकारा के सभी पुरुष बंदी कक्ष, महिला कक्ष, कारा गोदाम, उच्च सुरक्षा कक्ष, कारा अस्पताल कक्ष, पाठशाला एवं कारा के अंदर संपूर्ण परिसर की छापेमारी की गई। छापामारी के दौरान स्थिति सामान्य पायी गई।मौके पर नगर आयुक्त नगर निगम, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की पूरी टीम मौजूद थी।



### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बंगरा पूरब टोला गांव स्थित नहर सड़क पर शनिवार सुबह ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मकेर थाना क्षेत्र के बाघाकोल के खलपुरा गांव निवासी लक्ष्मण भगत के 30 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार के रूप में हुई है। रंजन कुमार गोपालगंज के मोहम्मदपुर में प्राइवेट शिक्षक थे तथा ससुराल मशरक के चांद कुदरिया गांव में था। वह घर से स्कूल जा रहे थे तभी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक एक चार वर्षीय बच्ची के पिता थे। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## पति के लघुशंका जाने के दौरान पत्नी से छीनतई, बैंक व पुलिस पर लापरवाही का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मशरक (सारण)।** मशरक के गोला रोड में शनिवार को एक महिला से रुपये से भरा थैला छीन लिए जाने का मामला सामने आया है। पानापुर थाना क्षेत्र के रसौली गांव निवासी संतोष कुमार साह ने बताया कि बेटी के शादी समारोह में छेका के लिए उन्होंने सेन्ट्रल बैंक, स्टेशन रोड शाखा से 30 हजार रुपये निकाले थे।

पत्नी का इलाज कराने के लिए गोला रोड स्थित डॉ. अनीता कुमारी के क्लिनिक पर रुकने के दौरान, उनके लघुशंका जाने का फायदा उठाकर बाइक सवार अपराधियों ने महिला को धक्का देकर साइकिल के हैंडल से रुपयों से भरा बैग छीन लिया। बैग में



तीन हजार रुपये नगद, पासबुक, अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट और अन्य कागजात थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि सेन्ट्रल बैंक परिसर अवांछनीय तत्वों का अड्डा बन चुका है। बैंक परिसर में सुरक्षा व्यवस्था शून्य है और पुलिस भी जांच के नाम पर खानापूर्ति करती है। कई कांडों में अब तक न तो उद्भेदन हुआ है और न ही पीड़ितों को रकम वापस मिली है।

## बारात में हुई फायरिंग व मारपीट

### व्यवसायी ने दो पर लगाया जानलेवा हमले का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** तेघड़ा थाना क्षेत्र के पकठौल निवासी 26 वर्षीय विकास कुमार ने भगवानपुर थाना में आवेदन देकर दो आरोपियों पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने और गाड़ी तोड़ने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना गुरुवार 27 नवंबर की रात लगभग 9:55 बजे बनवारीपुर राजेंद्र चैक पर हुई। जब शिकायतकर्ता अपनी मारूति अक्स एल-6 (बीआर 09 एपी 6349) से लखनपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।पीड़ित के अनुसार, वह बारात गुजरने के कारण अपनी गाड़ी सड़क किनारे खड़ी कर रहे थे। तभी अतरूआ निवासी राज कुमार साह तथा बनवारीपुर निवासी अजय साह करीब 10 अज्ञात लोगों के साथ लोहे के रॉड और हथियार लेकर उनकी गाड़ी के पास पहुँच गए। आरोप है कि राज कुमार साह ने साथियों को जान से मारने का आदेश दिया और इसके बाद अजय साह ने गाड़ी का गेट खोलने की कोशिश की। लेकिन लॉक होने के कारण सफल नहीं हो सके। इसके बाद सभी ने रॉड और ईंट से कार को तोड़ना शुरू कर दिया।शिकायत में कहा गया है कि इसी दौरान राज कुमार साह ने गोली चलानी शुरू कर दी। जिससे बारात में भगदड़ मच गई। फायरिंग की आवाज सुनकर पास में मौजूद पीड़ित के नाना लक्ष्मी प्रसाद चैरसिया सहित कई लोग मौके पर पहुँचे। तब पीड़ित ने गाड़ी आगे बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन दोनों मुख्य आरोपी लगातार फायरिंग करते रहे।पीड़ित के अनुसार, पूरी घटना पास के एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल से गोली का अग्रभाग बरामद भी किया।विकास कुमार ने यह भी आरोप लगाया है कि लगभग एक सप्ताह पहले दोनों आरोपियों ने उनसे पाँच लाख रुपये रंगदारी की मांग की थी। और पैसे नहीं देने पर उनकी हत्या की नीयत से यह हमला किया गया।पीड़ित ने भगवानपुर थानाध्यक्ष से आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### खेतों व जंगलों में लगी आग फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मशरक (सारण)।** मशरक के यदु मोड़ के पास एनएच 227ए रामजानकी पथ किनारे खेतों और जंगलों में आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया और आसपास की फसलों को अपने चपेट में लेना शुरू कर दिया। सरपंच बिनोद प्रसाद ने बताया कि खर-पतवार में लगी आग तेज हवा के कारण तेजी से फैलने लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कठिन मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती, तो बड़ी क्षति होने की संभावना थी।

## चैनपुर रेलवे ओवरब्रिज जर्जर, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

### दो साल में ही टूट-फूट ने खोली निर्माण की पोल, चार बार की मरम्मत भी बेअसर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मशरक (सारण)।** एनएच 227ए रामजानकी पथ पर चैनपुर स्थित रेलवे ओवरब्रिज इन दिनों अपनी अत्यंत खराब स्थिति को लेकर लोगों में दहशत का कारण बना हुआ है। महज दो वर्ष पूर्व करोड़ों रुपये की लागत से बना यह पुल जगह-जगह टूट चुका है और कई स्थानों पर सरिया तक बाहर झांक रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल की ढलाई उखड़ने लगी है और कई हिस्सों में गहरे गड्ढे बन गए हैं। ग्रामीण टुन्ना सिंह ने बताया कि पुल पर इतनी दरारें हैं कि दूर से ही इसकी कमजोरी साफ दिखती है। ग्रामीण सनोज सिंह उर्फ जलेबी सिंह ने पुल के निर्माण में घोर लापरवाही और घटिया सामग्री के इस्तेमाल की आशंका जताई। पिछले दो वर्षों में पुल की चार



बार मरम्मत की गई, लेकिन केवल ऊपर-ऊपर पैचवर्क होने से स्थिति फिर बिगड़ गई। बारिश में गड्ढे और गहरे हो जाते हैं, जिससे दोपहिया सवारों के फिसलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। नारायणी सेवा संस्थान के समन्वयक अखिलेंद्र सिंह ने बताया कि भारी वाहनों की तेज आवाजाही के कारण स्थिति और खराब हुई है। लोगों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है।

# किसना ने छपरा में अपना एक्सक्लूसिव शोरूम किया लॉन्च

## राज्य में 13वें एक्सक्लूसिव शोरूम की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने बिहार के छपरा में अपने 13वें एक्सक्लूसिव शोरूम के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। माधव बिहारी लेन, सलेमपुर स्थित इस शोरूम का उद्घाटन छपरा विधायक छोटी कुमारी, मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया, किसना के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर्स मनोज एवं किशन बर्णवाल ने संयुक्त रूप से किया।

लॉन्च का जश्न मनाने के लिए, किसना हीरे के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर 50 प्रतिशत तक की छूट, सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर 25 प्रतिशत तक की छूट, तथा आईसीआईसीआई बैंक के




क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत इंस्टेंट डिस्काउंट दे रहा है। इस अवसर पर घनश्याम धोलकिया, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, हरी कृष्णा ग्रुप ने कहा कि बिहार हमारे सबसे मजबूत और तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। छपरा में हमारे नए शोरूम का शुभारंभ हमारे राष्ट्रीय रिटेल विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह लॉन्च हमारे ह्यहर घर किसनाह्ल के विजन को और मजबूती देता है, क्योंकि हम भारत की हर महिला तक हीरे के आभूषण सुलभ बनाने के और करीब पहुँच रहे हैं। किसना के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर्स मनोज एवं किशन बर्णवाल ने कहा कि हम छपरा के केंद्र में किसना को लाने पर गर्व महसूस करते हैं। बिहार के लोग प्रामाणिकता, गुणवत्ता और मूल्य की सराहना करते हैं और किसना इन सभी अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरता है। हम ग्राहकों को उनके शहर में ही आधुनिक और विश्वसनीय ज्वेलरी अनुभव प्रदान करने के लिए उत्सुक हैं। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के सीईओ पराग शाह ने कहा कि बिहार ने किसना को अपार स्नेह दिया है। हम अपने नवीनतम वेडिंग, स्पेशल ओकेजन और रोजमर्रा के पहनावे वाले कलेक्शंस को ग्राहकों के और करीब लाने के लिए उत्साहित हैं। यह नया शोरूम हमारे सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक में हमारी उपस्थिति को और मजबूत करता है और सुनिश्चित करता है कि हर परिवार अपने खास पलों को किसना के साथ संजो सके। समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, किसना ने लॉन्च इवेंट के दौरान रक्तदान शिविर, जरूरतमंदों के लिए भोजन वितरण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु वृक्षारोपण अभियान का भी आयोजन किया।

## बच्चों के बीच चेतना सत्र आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के मिडिल स्कूल पालीडीह, मेहदौली, अतरुआ, कन्या महेशपुर, प्रखंड कॉलोनी,चंदौर सहित विभिन्न विद्यालयों में चेतना सत्र के दौरान बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता,आस-पड़ोस की साफ-सफाई,पानी की स्वच्छता, हाथ धोने का सही तरीका व रसोईघर व शौचालय की स्वच्छता आदि की जानकारी दी गई।

फोकल शिक्षक ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, घर व परिवेश की स्वच्छता, विद्यालय की स्वच्छता, हाथ धुलाई,शौचालय की स्वच्छता आदि की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से स्वयं की साफ सफाई जैसे प्रत्येक दिन नहाने, नाखूनों की अच्छे से सफाई, नहाने के बाद साफ सुथरे कपड़े पहनने एवं बालिकाओं में मासिक धर्म से संबंधित स्वयं की साफ सफाई रखने, खुले में शौच करने में हाथों की सफाई एवं मल से होने वाली बीमारियों, खाना बनाने से पूर्व रसोई की साफ-सफाई एवं खाद्य सामग्रियों को सुरक्षित रखने का तरीका, भोजन से पूर्व हाथ की अच्छे से सफाई की जानकारियां दी।

जब हम सभी साफ सुथरे होते हैं तो हम एक स्वच्छ व स्वस्थ समुदाय का निर्माण करते हैं।हमें स्वच्छता को अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।इन छोट-मोटे आदतों को सभी बच्चें अपनाएं। साथ इससे संबंधित बच्चों को मॉकड्रिल भी कराया। मौके पर एचएम अशोक कुमार सिंह, शिक्षक अजनीश, अनिल, नुपूर,श्वेता सहित स्कूली बच्चे मौजूद थे।

# पत्थर से सिर कुचलकर पारा शिक्षक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोटो थाना क्षेत्र के पुरनापानी हाट में पारा शिक्षक मुकरू देवगम की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

मृतक 40 वर्षीय मुकरू देवगम मुफस्सिल थाना अंतर्गत पुराना चाईबासा बारी पोखरिया गांव के निवासी थे। वह टोटो के सुंडी सुरनिया गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पारा शिक्षक के पद पर कार्यरत थे और लगभग 20 वर्षों से बच्चों को पढ़ा रहे थे।



जानकारी के अनुसार, मुकरू देवगम को शुक्रवार को शिक्षा विभाग से सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति पत्र मिलने वाला था, लेकिन वह स्कूल गए और छुट्टी के बाद हाट पहुंचे। रात तक वह घर नहीं लौटे। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो मुकरू देवगम मृत पाए गए।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अपराधियों ने पत्थर से सिर कुचलकर हत्या की है। परिजनों ने बताया कि मृतक का किसी के साथ कोई विवाद या दुश्मनी नहीं थी। वह हमेशा समय पर स्कूल जाता और लौटता था। उसकी एक 6 वर्षीय बेटी है। परिजन और गांववाले इस हत्या की घटना से गहरे सदमे में हैं।

पुलिस ने शव को सदर अस्पताल चाईबासा पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। टोंटो थाना के थाना प्रभारी सुकुमार हेम्ब्रम ने बताया कि हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक के चचेरे भाई विरेंद्र देवगम के बयान पर अज्ञात पर हत्या की प्राथमिकी की गयी है। पुलिस अनुसंधान चल रहा है। बहुत जल्द हत्याकांड का पता कर लिया जायेगा। इधर, मुकरू देवगम के परिजनों का कहना है कि शुक्रवार को ही नियुक्ति पत्र मिलने वाला था, इसलिए यह घटना और भी दर्दनाक बन गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की त्वरित जांच कर अपराधियों को कड़ी सजा दिलाई जाए। इस घटना ने पूरे इलाके में चिंता और सनसनी फैलाई है। पुलिस ने इलाके में निगरानी बढ़ा दी है और ग्रामीणों से भी सहयोग मांगा है।

## संयुक्त छापेमारी में दर्जनभर से अधिक लोग हिरासत में



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**झरिया (धनबाद)।** झरिया में गुप्त सूचना के आधार पर झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन के नेतृत्व में कई थानों की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा शनिवार को संगठित अपराध के खिलाफ व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। कार्रवाई के तहत झरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चौथाई कुलहि स्थित बंधन लॉज समेत विभिन्न क्षेत्रों से एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस हिरासत में लिए गए सभी लोगों से पूछताछ कर रही है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने लॉज से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए हैं। फिलहाल पुलिस की छापेमारी और जांच की प्रक्रिया जारी है। वहीं, मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अभी किसी भी प्रकार की जानकारी साझा करने से बच रही है।

## अंशुमान सिंह और सपना चौहान का भोजपुरी गाना "सटावा जनी राइफल करेजवा पर" पटना में हुआ रिलीज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भोजपुरी संगीत जगत में एक बार फिर धमाका करते हुए रितु रमन फिल्म प्रोडक्शन द्वारा अपना नया गाना सटावा जनी राइफल करेजवा पर आज पटना के होटल मौर्या में भव्य तरीके से रिलीज किया गया। इस मौके पर एक्टर अंशुमान सिंह राजपूत, एक्ट्रेस शिल्पी राघवानी एवं निमार्ता सी.बी. रमन मौजूद थे। रिलीज होते ही यह गाना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो गया है। गाने में अभिनेता अंशुमान सिंह राजपूत और खूबसूरत अदाकारा सपना चौहान की शानदार केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। दोनों कलाकारों की भाव-भंगिमाएँ, एक्सप्रेशन और रोमांटिक अंदाज ने गाने को शुरूआत से ही विशेष पहचान दिलाई है।

इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए गाने के निमार्ता सी.बी. रमन ने बताया कि भोजपुरी संगीत उद्योग में गुणवत्तापूर्ण कंटेंट की बढ़ती माँग को देखते हुए यह प्रोजेक्ट एक बड़ा प्रयास है। प्रोडक्शन टीम में कृष्णा मुरारी रमन और मनोरमा रमन का क्रिएटिव मार्गदर्शन भी गाने को अलग पहचान देता है। इस पूरे प्रोजेक्ट में राजकुमार सर का विशेष सहयोग रहा, जिसके लिए उन्हें विशेष धन्यवाद दिया गया है। गाने में अंशुमान सिंह और सपना चौहान का अभिनय शानदार है। दोनों की ऑन-स्क्रीन जोड़ी ने गाने में रोमांस और मनोरंजन का बेहतरीन संतुलन स्थापित किया है।

अंशुमान सिंह ने कहा कि यह गाना उनके दिल के बेहद करीब है और इसकी शूटिंग के दौरान उन्होंने हर एक फ्रेम में अपनी पूरी ऊर्जा और सच्चाई के साथ अभिनय किया है। उन्होंने बताया कि ‖सटावा जनी राइफल करेजवा पर‖ एक एंटरटेनिंग और रोमांटिक फील लिए हुए गाना है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सपना चौहान के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को दर्शकों का मिल रहा प्यार उनके लिए प्रेरणा है। अंशुमान सिंह ने सभी फैन्स से अपील की कि वे गाने को अधिक से अधिक देखें, शेयर करें और अपना प्यार ऐसे ही बनाए रखें।

आपको बता दें कि गाने को अपनी सुमधुर आवाज दी है लोकप्रिय गायक साजन बाबू और पूनीता प्रिया ने। लिखित शब्दों में जज्बात और मस्ती का मेल देखने को मिलता है, जिसके पीछे रचनाकार धीरज दीवाना का बेहतरीन लेखन है। संगीत को आकर्षक और आधुनिक अंदाज में सजाया है ट्यून है ने, जिससे गाना युवाओं के बीच तुरंत हिट हो गया है। गाने में ध्वनि की गुणवत्ता और वोकल्स को बेहद खूबसूरती से परिष्कृत किया गया।

वहीं, वीडियो का निर्देशन राहुल झा और जीतेन्द्र जीटू जिट्ज ने मिलकर किया है। एडिटिंग और विजुअल इफेक्ट्स को बारीकी से सँवारा है पंकज सॉ ने, जबकि डीआई उत्कृष्ट कार्य रोहित सिंह द्वारा किया गया है। इसके पी आर ओ रंजन सिन्हा हैं।

# विद्यालयों में अविभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनिहारी /कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सभी प्रारंभिक विद्यालयों में शनिवार को विभागीय निदेश के आलोक में अविभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. शिक्षा के क्षेत्र में हुई व्यापक गुणात्मक विकास में अविभावकों की भी भूमिका निर्धारित कर उनके सुझाव और सहयोग की प्रत्याशा में इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन किये गये हैं।

इस संगोष्ठी के माध्यम से अविभावकों से उनके अध्ययनरत बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने, बच्चों के विद्यालय में अधिगम्यबोध, उनके शिक्षण स्तर मे आयी प्रगति की भी समय समय पर अवलोकन करने के सुझाव शिक्षकों द्वारा दिये गये. विद्यालय के पठन पाठन, सहित छात्र हितोपयोगी सुझाव भी आमंत्रित किये गये ताकि शिक्षा मे गुणात्म सुधार लाये जा सकें।

## पुलिस ने तीन शातिरों को दबोचा

**पटना।** बेउर जेल में बंद एक कुख्यात के इशारे पर उसके गुर्गे एक से दो दिन बाद शहर में एक बड़े ज्वेलरी शाप और रामकृष्णा नगर के जगनपुरा में एक महिला के घर को निशाने पर लेने वाले थे।

दोनों जगह डकैती की वारदात को अंजाम देने के पहले ही एसटीएफ और पटना पुलिस की संयुक्त टीम ने कंकड़बाग के ईस्ट इंदिरा रोड नंबर तीन से गिरोह के तीन अपराधियों को दबोच लिया है।

तीनों की निशानदेही पर चौथे अपराधी को राजीव नगर से गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक सेमी आटोमेटिक पिस्टल, 12 गोली, एक मैग्जीन और पांच मोबाइल जब्त किया गया है। इनकी पहचान नवादा के हिसुआ निवासी राहुल कुमार सिन्हा, औरंगाबाद के उपहरा निवासी मंटू कुमार उर्फ संजय, समस्तीपुर के चकमहेशी निवासी अजय कुमार पांडेय उर्फ राजीव कुमार और नालंदा के एकंगरसराय अमित कुमार उर्फ वीरू उर्फ शेखर सिंह के रूप में हुई। इनमें राहुल कंकड़बाग, मंटू राजीव नगर रोड नंबर नौ और अजय कंकड़बाग के द्वारिका कालेज के पास किराये के मकान में रह रहा था।

# सेवाओं में आरक्षण संबंधी प्रावधानों पर जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** सेवाओं में आरक्षण संबंधी राष्ट्रपति के निदेशों पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बीएसएल के मानव संसाधन - ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में किया गया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में बोकारो स्टील के एचआर प्रभाग के प्रतिनिधि, सेल एससी-एसटी कर्मचारी फेडरेशन, बोकारो इकाई के सदस्यों सहित कुल 41 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य कर्मचारियों को आरक्षण सम्बन्धी प्रावधानों एवं दिशा-निदेशों, इसका लीगल फ्रेमवर्क तथा सरकारी निदेशों के अनुसार एससी, एसटी, ओबीसी, पीडब्ल्यूबीडी और ईडब्ल्यूएस श्रेणियों के लिए आरक्षण रोस्टर के उचित प्रबंधन विषय को साझा करना था।सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) शिप्रा निवेदिता हेमरोम ने कार्यक्रम के फैकल्टी राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के पूर्व अनुसंधान अधिकारी श्री डीके बाला का परिचय प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी द्वारा मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ए के शरण तथा कार्यवाहक मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास) की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने संकाय सदस्य और उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) बनर्जी ने प्रतिभागियों से कार्यक्रम का पूरा लाभ उठाने और आरक्षण निदेशों को गहराई से समझने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का समन्वय वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास) प्रीति कुमारी ने आर रंजन एवं श्री एससी मुर्मू के साथ मिलकर किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन) सुस्मिता सोरेन द्वारा किया गया।

## भाजपा ने जारी किया आरोप पत्र

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को राज्य सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले वर्ष पूर्ण होने पर जो आरोप पत्र जारी दिया उसमें जनता से धोखा देने का आरोप लगाया है। प्रदेश कार्यालय में अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू, विधानसभा में सचेतक नवीन जायसवाल, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रसाद और रविनाथ किशोर ने आरोपपत्र जारी किया।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा के इस आरोप पत्र में राज्य सरकार के सात चुनावी घोषणा की जांच की गई है। भाजपा ने पाया है कि दूसरे कार्यकाल के पहले साल में सरकार कोई वादा पूरा नहीं कर पाई।

# अतिक्रमण के खिलाफ चला संयुक्त अभियान

## हटायी गयी 200 से अधिक दुकानें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** शहर में अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन और नगर निगम का संयुक्त अभियान तेज हो गया है। शनिवार को केपी रोड क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इसके तहत दो सौ से अधिक अवैध दुकानों को हटाया गया।

लंबे समय से सड़क की चौड़ाई कम कर रहे और यातायात बाधित करने वाले इन अवैध ठेलों, खोमचों और अस्थायी दुकानों पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान नगर निगम की एक जेसीबी, कई ट्रैक्टर और बड़ी संख्या में मजदूर तैनात किए गए थे।

पूरे क्षेत्र में सुबह से ही पुलिस बल, नगर निगम कर्मी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे, ताकि किसी तरह की अराजकता या विरोध की स्थिति न बने। प्रशासन की इस कार्रवाई से सड़कें पहले की तुलना में काफी खुली और सुगम दिखाई देने लगीं।

सदर अनुमंडल पदाधिकारी किसलय श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी हाल में सड़कें अवैध कब्जों के हवाले नहीं की जाएंगी।

सड़कें जनता की हैं न कि कब्जाधारियों की। अतिक्रमण हटने से आम लोगों, पैदल यात्रियों और वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही शहर को लंबे समय से जकड़े हुए जाम की समस्या को भी इससे काफी हद तक कम करने की उम्मीद है।

अभियान केवल केपी रोड तक ही सीमित नहीं रहा। सोमवार को गोलपत्थर इलाके में भी रेत और ईंट रखने वाले अवैध दुकानदारों पर कार्रवाई की। यह सभी दुकानें बेंडिंग जोन और पार्किंग स्थल पर कब्जा कर बैठी थीं। इन अवैध निमार्णों के हटने से गोलपत्थर क्षेत्र में भी आवागमन बेहतर हुआ है।

केपी रोड में अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर निगम ने जुमार्ना के रूप से अवैध दुकानदारों से 54 रुपये बसुला है। नगर निगम नगर प्रबंधक ने बताया कि अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानों से 52 हजार रुपये जुमार्ने के रूप में वसूले गए है।

उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का उद्देश्य किसी को परेशान नहीं है। बल्कि शहर को व्यवस्थित और अतिक्रमण मुक्त बनाना है। शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुगम बाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेंगे। अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गई है कि वे खुद ही अपनी दुकानें निर्धारित क्षेत्रों में शिफ्ट कर लें। अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।



सीटी मैनेजर ने कहा कि एक केपी रोड से हटाएं गए दुकानों को एक सप्ताह में वेंडिंग जोन में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। ताकि उन्हें रोजगार में परेशानी न आए। दुकानों को स्थापित करने के बाद सड़कों पर दोबारा अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा।

वहीं, लोगों ने राहत महसूस की और प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना की। केपी रोड से लंबे समय से फैलते अतिक्रमण के कारण आवाजाही बेहद मुश्किल हो गई थी। सड़क संकरी हो चुकी थी और सुबह से रात तक जाम लगा रहता था।

## ट्रक से शराब बरामद

बक्सर। औद्योगिक पुलिस को शुक्रवार की देर शाम गोलंबर से एक ट्रक तस्करी की शराब जब्त करने में बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ने ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जब्त ट्रक से बरामद शराब की गिनती करने पर 9526 बोतल शराब पाई गई है। औद्योगिक थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार की शाम पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ट्रक नंबर पीबी11 सीएन 9491 से भारी मात्रा में ब्रांडेड शराब की खेप यूपी से गंगा पुल होते पटना की ओर जाने वाली है। सूचना के आलोक में औद्योगिक पुलिस टीम गोलंबर पर वाहन जांच लगाकर ट्रक के आने का इंतजार कर रही थी। रात 8:10 बजे ट्रक जैसे ही गोलंबर पर पहुंचा कि पुलिस ने उसे घेर लिया। ट्रक की तलाशी लेने पर अंदर चारों तरफ पहले भूसे की बोरियां दिखाई दीं, जिन्हें हटाते ही भूसे की बोरियों के पीछे शराब की पेटियां दिखाई देने लगीं।

ट्रक जब्त कर शराब की पेटियों की गिनती करने पर कुल 9526 बोतल ब्रांडेड शराब पाई गई, जिनका आकलन करने पर 3529.83 लीटर शराब पाई गई।

# एसकेएमसीएच में बढ़ रहा बिचौलियों का प्रभाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** एसकेएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड पर निजी अस्पताल के बिचौलिया का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। मरीज को निजी अस्पताल ले जाने से रोकने पर मारपीट भी कर रहे हैं। उनकी वहां पर्याप्त सुरक्षा नहीं हो रही। इसका खमियाजा मरीज और स्वजन को भुगतना पड़ रहा है।

गुरुवार की देर रात भी कुछ यही हुआ। हादसे में घायल एक मरीज को एसकेएमसीएच से निजी अस्पताल ले जाने के लिए बिचौलिया ने दबंगई दिखाई। मरीज की पर्ची फाड़ दी। इस खींचतान में मरीज ने दम तोड़ दिया। मरीज जिले के अम्मा गांव का सूरज कुमार था। सूरज के भाई दिग्विजय ने बताया कि सड़क दुर्घटना में जख्मी होने पर उसे रात करीब ढाई बजे एसकेएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड लाया था। यहां चिकित्सक भर्ती करने को बोले थे।

इसी दौरान तीन-चार की संख्या में कुछ लोग आए और सूरज को बाहर ले जाने लगे। जब वह रोके तो कहा कि जो चिकित्सक भर्ती करने को बोले थे वही फोरलेन के पास एक अस्पताल ले जाने को बोले है। एंबुलेंस आ रही है। उसी से ले जाना है।

जब वह एसकेएमसीएच में ही इलाज को अड़ गए तो दलाल मारपीट को तैयार हो गए। सूरज की पर्ची छीनकर फाड़ दी। डर के कारण वह छुप गया। बाद में ट्राली कर्मी ने मरीज को अंदर रख दिया। कुछ देर बाद वह देखा कि सूरज ट्राली पर पड़ा है। उसकी हालत गंभीर थी। जब वह चिकित्सक को कहने गए तो चिकित्सक देखने आए। जब तक सूरज की मौत हो चुकी थी।

अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. सतीश कुमार सिंह ने बताया कि मरीज के स्वजन या इमरजेंसी के गार्ड किसी ने उन्हें ऐसी सूचना नहीं दी है। कंट्रोल रूम के हेल्थ मैनेजर ने भी नहीं बताया है। अपने स्तर से मामले को तहकीकात करवाएंगे।

इमरजेंसी वार्ड से सौ मीटर की दूरी पर एसकेएमसीएच ओपी है। इमरजेंसी वार्ड में प्रत्येक शिफ्ट में आधा दर्जन गार्ड तैनात रहते है। फिर भी यहां इलाज को पहुंचे मरीजों को जबरन उठाकर निजी अस्पताल ले जाने का मामला सामने आ रहा है। मरीज के स्वजन कहते है कि अगर वह विरोध करें तो मरीज का इलाज तो दूर वह खुद इलाज को भर्ती हो जाएंगे। निजी गार्ड कहते है कि उनसे भी सभी भिड़ जाते हैं। बिचौलिया की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे है।

# धुरियाही में कटाव के कहर से ग्रामीण हलकान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार ग्रामीण ।** गंगा की गोद में बसी धुरियाही पंचायत दशकों से बाढ कटाव का दंश झेलता रहा है।लम्बे अरसे से कटाव का मार झेलते रहने से इसका बडा भू भाग,कृषि योग्य,आवासीय भूमि कटाव की चपेट मे आकर नदी मे समा चुका है। अब यह शेष बचे रिहायसी क्षेत्र, कृषि योग्य भूमि, सरकारी भवनों व आमजन की आसियाने को लीलने को आतुर है।विगत कुछ दिनों से धुरीयाही पंचायत के वार्ड संख्या तीन, चार, पांच, छः में नदी किनारे कटाव तेज हो जाने से पास बसे ग्रामीण भयातुर हैं। इन्हें कटाव से ऊपजी विस्थापन की चिंता सताने लगी है। एसडीएम मनिहारी त्रिलोकी नाथ सिंह ने बाढ नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता के साथ कटावस्थल का जायजा लिया। संबंधित विभाग के अभियंता ने जानकारी दी कि उक्त स्थल पर कटावरोधी कार्य कराये जाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जा चुका है। सरकार के स्तर से स्वीकृति मिलने से कार्य आरंभ की जाएगी। ग्रामीण रामप्रसाद मंडल, ग्रामीण सुबोध कुमार यादव मुखिया प्रत्याशी रहे विक्रम यादव ने बताया कि अबतक तकरीबन तीन सौ घर नदी में समा चुके हैं। तकरीबन दो हजार से अधिक परिवार विस्थापित होकर पलायन कर ऊंचे स्थलों पर शरण ले रखे हैं। इस बीच शुक्रवार को जिप सदस्य सुमति देवी ने कटावस्थल का दौराकर ग्रामीणों से मिलकर जानकारी ली। धुरियाही मे जारी कटाव की गंभीरता को देखते हुए अविलंब कटावरोधी कार्य कराये जाने कीक्षमांग सरकार एवं प्रशासन से की है।



## डीएवी में कला और शिल्प प्रदर्शनी ने मोहा सबका मन

# रंगों के साथ छात्रों ने उकेरी संवेदनाओं और कल्पनाओं की अविस्मरणीय दुनिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** डीएवी सेक्टर -4 में इस सप्ताहांत पर एक भव्य और सुव्यवस्थित कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों, अतिथियों और कला-प्रेमियों ने भाग लेकर छात्रों का उत्साहवर्धन और सराहना की। बच्चों के अंदर निहित अपरिमित प्रतिभा को प्रदर्शित करने हेतु आयोजित इस प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा निर्मित सौंदर्य, साज-सज्जा और उत्कृष्ट कलाकृति के प्रतीक बने। हैंडमेड शिल्प के नमूने सभी आगंतुकों के विशेष आकर्षण का केंद्र और कौतुहल का विषय रहे ।

प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनूप कुमार दत्ता, एज्युकिटिव डायरेक्टर ऑपरेशन (बीएसएल) के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में सूरज शर्मा प्राचार्य चिन्मया विद्यालय, अभिषेक कुमार प्राचार्य जीजीपीएस सेक्ट -5 , अनुपाल सागर प्राचार्य डीएवी इस्पात 8/बी एवं सुनील कुमार प्राचार्य डीएवी इस्पात 12/ई की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगा दिए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि कला शिक्षा बच्चे के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा है और ऐसे आयोजनों से छात्रों में रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल विकसित होता है। उन्होंने कहा कि डीएवी एक शैक्षणिक संस्था ही नहीं अपितु राष्ट्र सेवा हेतु समर्पित संस्था है और यहां के बच्चे हर क्षेत्र में राष्ट्र कल्याण और विकास हेतु कार्यरत हैं ।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल एवं पेंटिंग देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सभी लब्धप्रतिष्ठ जनों ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया और बच्चों के सूक्ष्म दृष्टि और कला कौशल की भूरि भूरि प्रशंसा की।




प्रदर्शनी में कक्षा 5 से 11 तक के लगभग 1000 छात्रों ने अपनी-अपनी कलात्मक कृतियों को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी में वॉटरकलर पेंटिंग, स्केचिंग, चारकोल आर्ट, ओरिगामी, पेपरझमेशी मॉडल, मिट्टी की मूर्तियाँ, वेस्ट टू बेस्ट प्रोजेक्ट, लैंडस्केप, स्टिलझलाइफ, डिजिटल आर्ट तथा सांस्कृतिक विरासत को दशार्ने वाले पोस्टर विशिष्ट रूप से सभी आगंतुकों को लुभा रहे थे।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने कहा कि आने वाले समय में कला, विज्ञान और साहित्य से जुड़े ऐसे और भी आयोजनों को विद्यालय में निरंतर बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी रचनात्मक क्षमताओं को विकसित करने का अवसर मिलता रहे।

# मदनपुर में 50 लाख की लागत से बना बायोगैस प्लांट

## बायोगैस प्लांट से 20 घरों का धुआं मुक्त हो गया रसोईघर, दो हजार लीटर प्रतिदिन बायोगैस की जा रही तैयार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड के खिरियावां पंचायत के भगन बिगहा गांव के लोगों के जीने का तरीका कुछ बदल गया है। इस गांव में हर दिन लकड़ी व गोइठा जुटाने और उस पर खाना बनाने की जद्दोजद होती थी वहां बिना धुआं और लकड़ी के खाना बन रहा है। बता दें कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत महिलाओं की जिंदगी धुआं रहित हुई है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2028 में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत शुरू की गई गोबरधन योजना के तहत बायोगैस एवं जैविक खाद तैयार करने के लिए प्लांट लगाया गया है। यह प्लांट ग्रामीणों के लिए काफी लाभकारी साबित हो रहा है। बायोगैस प्लांट का संचालन बेहतर ढंग से किया जा रहा है। ग्रामीणों से 50 पैसे प्रति किलो गोबर खरीदा जा रहा है। गोबर खरीदने के बाद उससे बायोगैस बनायी जा रही है। इस गैस को ग्रामीणों को 25 रुपये प्रति यूनिट बेचा जा रहा है। 20 ग्रामीणों ने इसका कनेक्शन लिया है। 20 घरों की रसोई धुआं मुक्त हो गई है। कई ग्रामीणों को गोबर के पैसे से ही गैस आपूर्ति हो जा रही है। यह बायोगैस प्लांट दो मीट्रिक क्षमता का है। इधर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक अजीत शरण ने बताया कि सिलेंडर से आधी कीमत पर बायोगैस मिल रही है। एक घर में करीब 15 से 20 यूनिट की बायोगैस खर्च हो पाती है। यानी 500 रुपये से भी कम राशि का रही है। इसका लाभ सीधा ग्रामीणों को मिल रहा है। 80 घरों में कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए ग्रामीणों से बातचीत भी की जा रही है। बता दें कि बायोगैस प्लांट की शुरुआत वर्ष 2024 में हुई। उसी वर्ष ग्रामीणों को प्लांट से गैस उपलब्ध होने लगी। भगन बिगहा गांव के 20 घरों की रसोई धुआं मुक्त हो गई है। गांव की महिला पार्वती देवी, रंजू देवी, सुमित्रा देवी ने बताया कि इस बायोगैस प्लांट का हमलोगों को काफी लाभ मिल रहा है। अब सिलेंडर खरीदने से बच रहे हैं। सिलेंडर से आधी कीमत पर बैस उपलब्ध हो जा रही है। अब चल्हे पर धुआं में भी खाना नहीं बनाना पड़ रहा है। धुआं नहीं लगने के कारण स्वास्थ्य भी ठीक होगा। यह प्लांट हमलोगों के लिए काफी बेहतर है। बताया कि 50 लाख रुपये की लागत से प्लांट का निर्माण कराया गया है। करीब 0.15 एकड़ में प्लांट बना है। संयंत्र की प्रोसेसिंग क्षमता दो हजार किलोग्राम प्रतिदिन है। प्रतिदिन 80 घनमीटर बायोगैस का उत्पादन किया जाता है। इस प्रक्रिया से रोजाना करीब दो हजार लीटर बायो स्लरी तैयार होती है।

**बायोगैस प्लांट से क्या है लाभ**

प्रतिदिन दो टन गोबर संसाधित करने की क्षमता, 20 परिवारों को बायोगैस का लाभ, 100 खेतों में जैविक खादो का प्रयोग, 70 से 80 प्रतिशत लकड़ी की खपत में कमी, संयंत्र संचालन से स्थानीय युवाओं को रोजगार, 500 से 800 मासिक बचत होगा।

# बाल विवाह मुक्त अभियान हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। महिला एवं बाल विकास निगम, जहानाबाद के तत्वाधान में बाल विकास परियोजना कार्यालय, हुलसगंज में जेंडर आधारित हिंसा एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्वाति कुमारी ने महिलाओं एवं बालिकाओं पर होने वाली विभिन्न प्रकार की हिंसा तथा बाल विवाह को एक गंभीर सामाजिक कुरीति बताते हुए इसके दुष्परिणाम और रोकथाम के उपायों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों तथा 21 वर्ष से कम उम्र के लड़कों का विवाह कराना दंडनीय अपराध है।

इस कानून के तहत बाल विवाह की रोकथाम, दोषियों पर कार्रवाई तथा पीड़ित




बच्चों को सुरक्षा और सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों के अधिकारों और उनके सुरक्षित भविष्य की रक्षा करना है।इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख ने बाल विवाह उन्मूलन के लिए उपस्थित सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई तथा प्रत्येक पंचायत, वार्ड एवं टोले में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। अंचलाधिकारी सदाव आलम ने भी बाल विवाह रोकथाम के लिए अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।कार्यक्रम में शैलेश कुमार (जेंडर स्पेशलिस्ट, जिला हब), पिंटू कुमार (डेटा ऑपरेटर), महिला प्रवेक्षिका उषा कुमारी, प्रखंड स्तरीय कर्मीगण तथा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थी।

# पीएनबी पचरुखिया का शाखा हुआ डिजिटिलाइजेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के पचरूखिया स्थित पीएनबी बैंक की शाखा का पूर्ण रूप से डिजिटीलाइजेशन सहित पूर्ण रूपेण वातानुकूलित किया गया। जिसका उद्घाटन फीता काटकर मण्डल प्रमुख प्रवीण कुमार, उप मण्डल प्रमुख धर्मेंद्र कुमार ब्रह्मचारी, शाखा प्रबंधक धीरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के उपरांत मण्डल प्रमुख प्रवीण कुमार ने कहा कि शाखा को डिजिटल करके सभी सेवाएं उपलब्ध कराया गया है।इसके लिए अलग अलग काउंटर की व्यवस्था की गई है ताकि उपभोक्ताओं किसी प्रकार की कठिनाई न हो और हर तरह की बैंकिंग सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि बैंक में लोन के लिए अब ज्यादा दौड़ना नही पड़ेगा।अब



यह शाखा अपने उपभोक्ताओं को पहले से बेहतर सुविधा प्रदान करेगी। बैंक द्वारा कई ग्राहकों को ऋण की स्वीकृति पत्र भी दिया। बैंकिंग सेक्टर बढ़ावा देने के लिए बेहतर सेवा देने वाले उपभोक्ता श्यामकिशोर सिंह,नन्दकिशोर शर्मा, सचिन कुमार, सूर्यवंश शर्मा, प्रवीण कुमार शर्मा को बैंक द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को उदय कुमार,कृष्णा सिंह, नवल किशोर सिंह, अंजित कुमार, सत्यम रंजन ने सफल बनाने में सहयोग सराहनीय रहा।

# प्राथमिक विद्यालय पौथू में बेंच की जगह दरी पर बैठ पढ़ते हैं छात्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। राज्य सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए कई प्रयास कर रही है परंतु धरातल पर नजारा कुछ और ही है। यह तभी संभव है जब विद्यालय में पर्याप्त संसाधन होंगे। शिक्षकों की संख्या होगी। जबतक सरकार विद्यालयों में संसाधन उपलब्ध नहीं कराती है बच्चे जमीन पर बैठकर शिक्षा ग्रहण कैसे करेंगे। रफीगंज प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय पौथू का हाल इन दिनों काफी बदहाल है। यहां छात्र-छात्राएं जमीन पर बैठक पढ़ाई करने को मजबूर है। किसी तरह यहां पढ़ने वाले छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यालय में शिक्षकों की कमी है। छात्रों की संख्या 186 है परंतु मात्र दो शिक्षक कार्यरत है। 186 छात्र-छात्राओं



को दो शिक्षक कैसे पढ़ाते होंगे सोचा जा सकता है। वर्ग एक से पांच तक पढ़ाई होती है ऐसे में एक वर्ग को पढ़ाने के लिए एक शिक्षक नहीं हैं। प्रधानाध्यापक अभय कुमार शर्मा ने बताया कि किसी तरह बच्चे बेंच के अभाव में दरी पर बैठते हैं। विद्यालय को अबतक बेंच नहीं उपलब्ध कराया गया है। बच्चें जमीन पर बैठने में अभी ठंड के दिनों में अधिक परेशानी होती है। छात्र शुभम कुमार, मुन्ना, मुन्नी कुमारी ने बताया कि हमलोग के विद्यालय को छोड़ सभी जगह बेंच उपलब्ध है। जब भी पदाधिकारी निरीक्षण करने आते हैं तो विद्यालय की स्थिति को देखते हैं परंतु यहां से जाने के बाद समस्या भूल जाते हैं। विद्यालय में समस्याएं काफी है परंतु किसी का ध्यान नहीं है। प्रधानाध्यापक अभय कुमार शर्मा बताते हैं कि विद्यालय में बेंच न होने एवं बच्चों को जमीन बैठने की सूचना वरीय अधिकारियों को दी गई है। जबतक बेंच उपलब्ध नहीं हो जाएगा बच्चे जमीन पर बैठकर शिक्षा ग्रहण करेंगे। शिक्षकों की कमी के कारण भी शिक्षण कार्य में काफी परेशानी होती है। इसकी जानकारी विभाग को दी गई है।

## मध्य विद्यालय सईरा में कमरे के अभाव में बरामदे में पढ़ने को मजबूर बच्चे

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। रफीगंज प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय सईरा का हाल इन दिनों काफी बेहाल है। यहां कमरे का अभाव है। कमरा के अभाव में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। कहीं शिक्षक हैं तो छात्र नहीं, कहीं छात्र है तो शिक्षक नहीं और कहीं दोनों है तो भवन का अभाव है। भवन के अभाव में छात्र-छात्राएं बरामदा में बैठकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। शिक्षकों ने बताया कि वर्ग एक एवं दो के विद्यार्थी बरामदा में बैठकर पढ़ते हैं। वर्ग चार एवं पांच के बच्चें भी बरामदा में बैठक शिक्षा ग्रहण करते हैं। विद्यालय में मध्याह्न भोजन नियमित बनता है। एक कमरे में मध्याह्न भोजन का सामग्री रखा जाता है। विद्यालय में नामांकित छात्रों की संख्या 300 के करीब है जिसमें 250 से 270 छात्र-छात्राएं नियमित विद्यालय आते हैं। पांच कमरों में दो कमरा जर्जर है जिस कारण बरसात के दिनों में शिक्षण कार्य प्रभावित होता है।

# हुलासगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुरुष नसबंदी पखवारा के तहत कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हुलासगंज में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हुलासगंज प्रखंड के सभी आशा कार्यकर्ताओं को पुरुष नसबंदी के महत्व एवं इसके लिए समुदाय में जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन से हर्ष कुमार पांडेय एवं काजल सुथार की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को अभियान की सफलता हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिवार नियोजन के प्रति पुरुषों की भागीदारी बढ़ाना तथा समुदाय




को सुरक्षित और जिम्मेदार जनसंख्या नियंत्रण के प्रति संवेदनशील बनाना था। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चंद्रशेखर प्रकाश ने बताया कि पुरुष नसबंदी ज्यादा सुरक्षित और आसान है लेकिन प्रायः देखा जाता है पुरुष को नसबंदी कराने में हिचकिचाहट होती है। उन्होंने बताया कि पुरुषों को नसबंदी के लिए आगे आना चाहिए तथा जनसंख्या नियंत्रण में अपना योगदान राष्ट्र के प्रति निभाना चाहिए।

# इंटर सेंटअप टेस्ट की प्रायोगिक परीक्षा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। बिहार इंटरमीडिएट शिक्षा परिषद पटना द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत इंटरमीडिएट सेंटअप टेस्ट की प्रायोगिक परीक्षाओं का द्वितीय दिवस को परीक्षा केंद्र पर अनुशासित एवं पारदर्शी माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा दिवस में मुख्य रूप से जीव विज्ञान, मनोविज्ञान एवं भूगोल विषयों की सैद्धांतिक एवं आंतरिक प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रायोगिक परीक्षा में विषयवार परीक्षकों द्वारा विद्यार्थियों से पाठ्यक्रमानुसार प्रयोगात्मक एवं व्यवहारिक ज्ञान पर आधारित आंतरिक प्रश्न पूछे गए। जीव विज्ञान के प्रयोगों में विद्यार्थियों की प्रयोगशाला कौशल, उपकरणों का संचालन, स्लाइड तैयार करना, अवलोकन प्रस्तुत करना तथा संबंधित वैज्ञानिक सिद्धांतों की समझ का मूल्यांकन किया गया। मनोविज्ञान विषय में परीक्षकों द्वारा विभिन्न मनोवैज्ञानिक परीक्षणों, व्यवहार विश्लेषण,



मानसिक प्रक्रियाओं तथा प्रयोगात्मक रिपोर्ट निर्माण संबंधी प्रश्न पूछे गए। भूगोल विषय के अंतर्गत विद्यार्थियों की मानचित्र अध्ययन क्षमता, सर्वेक्षण संबंधित प्रयोग, भौगोलिक उपकरणों का उपयोग तथा व्यावहारिक विवेचन पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रधानाध्यापक डा. राकेश कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक निरंजय कुमार ने बताया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा प्राप्त मार्ग निर्देशिका के आलोक में प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के दौरान प्रयोगशालाओं एवं कक्षों में आवश्यक संसाधन, प्रयोग सामग्री, उपकरण, उत्तरपुस्तिकाएं, उपस्थिति पत्रक तथा संबंधित अभिलेखों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। विद्यार्थियों को परीक्षा देने में कहीं भी किसी प्रकार की बाधा न हो, इसके लिए परीक्षा केंद्र प्रशासन ने पूर्व से ही उचित तैयारी की थी। परीक्षा व्यवस्था की निगरानी हेतु केंद्र के केंद्राधीक्षक एवं प्रधानाध्यापक डा. राकेश कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक निरंजय कुमार और संयुक्त परीक्षा नियंत्रक शिवम कुमार ने पूरे समय निरीक्षण करते हुए वरीय पदाधिकारी को प्रतिवेदन समर्पित किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित परीक्षकों से परीक्षा संचालन की स्थिति, मूल्यांकन प्रक्रिया, प्रतिदिन रखे जाने वाले अभिलेखों, अनुशासन व्यवस्था और परीक्षा आचार संहिता के अनुपालन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी परीक्षाएं बिहार इंटरमीडिएट शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही संचालित हों। परीक्षा नियंत्रक ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित परीक्षार्थियों की जांच करते हुएआवश्यक कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि सभी विद्यार्थी निर्धारित समय पर उपस्थित थे तथा परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संचालित हो रही थी। किसी भी प्रकार की अनियमितता, गड़बड़ी या व्यवधान की सूचना प्राप्त नहीं हुई। परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित करने में विद्यालय शैक्षणिक स्टाफ, प्रायोगिक परीक्षक एवं अन्य सहयोगी कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर शिवम कुमार, संजय मेहता, धर्मेंद्र कुमार, गौतम जायसवाल, सुशील कुमार, अजीत कुमार गौतम, रवि रंजन कुमार आलोक कुमार सिह सहित मौजूद रहे।

# किसान भवन में बीज वितरण को लेकर उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन कार्यालय में शनिवार को बीज उपलब्ध कराने को लेकर किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही पुरुष और महिला किसान अलग–अलग कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतज़ार कर रहे थे। कार्यालय परिसर में इतनी भीड़ जमा हो गई कि मौके पर अफरा–तफरी जैसा माहौल बन गया। किसानों का आरोप है कि विभाग द्वारा बीज वितरण के लिए बुलाया तो जाता है। लेकिन समय पर बीज उपलब्ध नहीं कराया जाता। कई किसान लगातार दो–तीन दिनों से कतार में लग रहे हैं, फिर भी उन्हें बीज नहीं मिल पा रहा है। मखदुमपुर के किसान अजय कुमार, रामाश्रय यादव, कांति देवी और पूनम देवी ने बताया कि वे




सुबह से कतार में खड़े हैं, लेकिन भीड़ इतनी अधिक है कि अपनी बारी आने की कोई संभावना दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि खेतों में बुआई का समय निकलता जा रहा है। किसानों ने बताया कि बीज नहीं मिलने से फसल लगाने में देरी हो रही है।किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि बीज वितरण की प्रक्रिया पूरी तरह अव्यवस्थित है। उन्होंने बताया कि कई बार किसानों को बार–बार लौटना पड़ता है। उनका कहना है कि अगर प्रशासन समय पर पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध कराए और वितरण प्रक्रिया को व्यवस्थित करे, तो किसानों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की हैं कि बीज वितरण की व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए, अलग–अलग पंचायतों या गांवों के लिए अलग समय–सारणी बनाई जाए।

# अंचल कार्यालय में लगा जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा अंचल कार्यालय में शनिवार को विवादित जमीनी मामले का सुनवाई किया गया। जनता दरबार में ग्रामीण अपनी-अपनी विवादित जमीनी मामले की समस्या समाधान के लिए बड़ी संख्या में आए थे। सीओ कौशल्या कुमारी, अपर एसआई सरोज कुमार, एएसआई वरूण कुमार, राजस्व कर्मचारी विनय कुमार, अंचल सहायक दीपक प्रसाद ने जनता दरबार आए 16 विवादित मामलों की सुनवाई किया। जिसमें बघोई गांव से आए गनौरी सिंह बनाम लाल सिंह के मामले को सुनवाई करते हुए निष्पादन किया गया। सीओ कौशल्या कुमारी ने बताया कि अन्य सभी फरियादियों को पूरी कागजत के साथ उपस्थित होने के लिए नोटिस दिया गया।

## अंचलाधिकारी ने लगाया जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित निर्वाचन कार्यालय में अंचलाधिकारी रंजीत कुमार उपाध्याय ने भूमि विवाद के मामले को निपटाने के उद्देश्य से जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में नए छह मामले आए वही पुराने चार मामले को निष्पादित किया गया। इस बाबत शनिवार के दिन अंचलाधिकारी रंजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि राज सरकार एवं जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगाया जाता है। जनता दरबार में 6 मामले आए जिसमें संबंधित पक्ष को देखकर अगली तिथि पर बुलाया गया है। वही पुराने रहे चार मामले को निष्पादित कर दिया गया है।

# गैस की कालाबाजारी से लोग त्रस्त, अधिक मूल्य पर खरीदने को मजबूर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा क्षेत्र में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी धड़ल्ले से चल रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक मूल्य देकर ब्लैक में गैस सिलेंडर खरीदना पड़ रहा है। गौरतलब है कि हसपुरा बाजार के श्री भास्कर नगर एवं बाजार में अधिकतर गैस का कनेक्शन अरवल जिला के रामपुर चाय के पास स्थित बाला विगहा गांव के रघुनी शिवाजी भारत गैस एजेंसी का है। ग्रामीणों ने बताया कि इस एजेंसी का सर्विस सही नहीं है। पहले हसपुरा बाजार में महीने में दो बार उनकी गाड़ी आती थी,परंतु तीन महीने से सर्विस बंद है। उपभोक्ताओं ने




आरोप लगाते हुए बताया कि जब भी एजेंसी में फोन करते हैं तो बताया जाता है कि गैस सिलेंडर अभी उपलब्ध नहीं है। लेकिन बाजार में अधिक मूल्य पर गैस सिलेंडर हर समय उपलब्ध है। बैजनाथ प्रसाद, धर्मेंद्र चौधरी, राजू कुमार, मुन्ना राम, मिरू आलम, तेतरी देवी, सरिता देवी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि सरकार एक तरफ गरीबों के उत्थान के लिए कई तरह की सरकारी योजनाएं चला रही है लेकिन गैस की कालाबाजारी होने से हमें दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक तो जहां गैस की एजेंसी कीमत 950 रुपया प्रति सिलेंडर है,वहीं बाजार में 1100 रूपये प्रति सिलेंडर खरीदना पड़ रहा है। इसके बाद एजेंसी से ना लेने के कारण सब्सिडी गायब। बताया कि उर्मिला गैस एजेंसी दाऊदनगर की सर्विस प्रतिदिन हसपुरा बाजार में मिलती है। इसका नरसन रोड में मिनी ब्रांच भी है। उपभोक्ताओं ने हसपुरा बाजार में गैस की कालाबाजारी रोकने एवं रागिनी शिवाजी भारत गैस एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई करने की प्रशासन से मांग की है। एजेंसी में फोन करने के बाद वहां के स्टाफ राकेश ने बताया कि यह सही बात है कि तीन महीने से सर्विस हसपुरा बाजार में बंद है, क्योंकि हमारे पास जो गाड़ी थी, वह चुनाव ड्यूटी में लगी हुई थी। अब से लगातार सर्विस मिलेगी। पूछने पर बताया कि 4 दिसंबर को हसपुरा बाजार में गैस सिलेंडर की गाड़ी जाएगी।

# करहारा रोड में 9.64 करोड़ की लागत से बन रहा ट्रामा सेंटर

## दो मंजिला ट्रामा सेंटर का बनेगा भवन, निर्माण की खुद मॉनटिरंगि कर रहे डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद में ट्रामा सेंटर की मांग काफी लंबी समय से की जा रही थी। ट्रामा सेंटर के अभाव में दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को गंभीर समस्याओं का सामाना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार ने इस दशिा में सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ट्रामा सेंटर का नर्मिाण कार्य शुरू कयिा है। बता दें कि ट्रामा सेंटर सदर प्रखंड के ओरा पंचायत के जीटी रोड से 50 मीटर की दूरी पर करहारा रोड पर नर्मिाण कराया जा रहा है। बता दें कि भवन के नर्मिाण पर कुल नौ करोड़ 64 लाख रुपये की लागत आएगी। नर्मिाण कार्य की शुरुआत छह अक्टूबर 2025 को हुई है। इसे एक वर्ष के अंदर पूरा करने का लक्ष्य नर्धिारति है। बताया जाता है कि वर्ष 2026 में यह टामा सेंटर स्थानीय लोगों के लएि समर्पति कयिा जाएगा। डीएम श्रीकांत शास्त्री के अनुसार इस ट्रामा सेंटर में सभी आवश्यक सुवधिाएं उपलब्ध होगी। सरकार का उद्देश्य है कि नर्मिाण कार्य शीघ्रता से पूरा हो ताकि मरीजों को बेहतर उपचार मलि सके। सड़क दुर्घटनाएं, गंभीर चोटों और आपातकालीन चकित्सिा स्थतियिों में यह केंद्र जीवन बचाने के लएि कारगर साबति होगी। बता दें कि ट्रामा सेंटर आधुनकि तकनीक, प्रशक्षिति चकित्सिकों और उन्नत मशीनों से सुसज्जि होगा। बहिार चकित्सिा सेवा एवं अवर संरचना नगिम लमिटिड के परयिोजना प्रबंधक शुभम कुमार ने बताया कि यह भवन दो मंजलिा बनेगा। दो ऑपरेशन थयिेटर, 10 बेड का आइसीयू शामलि हैं। बताया कि सामान्य बेड की संख्या 20 होगी। ट्रामा सेंटर के नर्मिाण से जलिे में गंभीर दुर्घटनाओं, तेज ब्लीडगिं, सरि या रीढ़ की चोटों और हृदयघाट जैसे स्थतियिों में त्वरति उपचार की सुवधिा उपलब्ध होगी। बता दें कि ट्रामा सेंटर नहीं रहने से जलिे के गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार कराने के लएि पटना, गया या बड़े नजिी अस्पतालों में भ्ोजना पड़ता था परंतु अब ट्रामा सेंटर के नर्मिाण होने के बाद स्थानीय मरीजों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। ट्रामा सेंटर का लाभ केवल औरंगाबाद के लोगों को ही नहीं बल्कि समीपवर्ती जलिों के मरीजों को भी मलिेगा। ससमय नर्मिाण कार्य प्रारंभ इसको लेकर डीएम श्रीकांत शास्त्री स्वयं मॉनटिरंगि कर रहे हैं।

# झुलते बिजली तार से कभी भी हो सकता है हादसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के ओबरा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरंडा के रास्ते में झूलती हुई बिजली की तार छात्रों और ग्रामीणों के लिए खतरा बन गई है। यह जर्जर तार करंट से प्रभावित है जिसके नीचे से विद्यालय जाने वाले छात्र गुजरते हैं। इससे छात्रों पर तार टूटकर गिरने का खतरा बना रहता है। बिजली तार के टूटने से होने वाले हादसों की आशंका ने अभिभावकों को चिंतित कर रखा है। विशेषकर बरसात के दिनों में इस क्रम में छात्र, शिक्षक और अभिभावक सभी बिजली तार की चपेट में आने से भयभीत रहते हैं। यह समस्या कई वर्षों से बनी हुई है। विद्यालय के शिक्षकों ने विभाग को इस बारे में सूचित



किया है परंतु विभाग ने अबतक कोई कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीणों का कहना है कि कोई घटना झघटने के बाद ही अधिकारी सजग होंगे। शिक्षकों ने बताया कि 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन तार झूल रही है और विद्यालय के समीप प्राथमिक स्वास्थ्य कें द्र भी है। छात्र, मरीज और ग्रामीण सभी इस खतरे से गुजरते हैं। ग्रामीण बंभोला सिंह ने बताया कि विभाग को इस स्थिति के बारे में ध्यान आकृष्ट कराया गया है। शिक्षक धीरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि बिजली विभाग को सूचना दी गई थी परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता ने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है परंतु सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

Advt. No. - TC-01/25

**SAVE ECO MISSION TRUST, PATNA**

R.No. - 10, Sanjay Gandhi Nagar, Kankarbagh, Patna-20, Phone no. - 8797303476

**Vacancy**

A proposed College invites application

- Principal (1 post), Asst. Prof. for BBA (15), BCA (15), B.LIS (5)
- Admin. Mang. (2), CLERK (3), Comp. Lab Asst. (5), Accountant (2), Librarian (1), Office boy (4), MTS (2), Counsellor (4), Tele caller (5)
- Qualification As per AICTE & PPU Patna norms
- Apply within 7days. E-mail missionsaveeco2016@gmail.com/ or by hand at Trust office address

# 25 हजार के इनामी मुकेश उर्फ छोटन हथियार के साथ गिरफ्तार

**एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस जब्त**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। प्रॉपर्टी डीलर मुकेश उर्फ छोटन हत्याकांड का 25 हजार इनामी फरार अभियुक्त मनीष कुमार पिता मधेश्वरा प्रसाद उर्फ घमंडी प्रसाद साकिन दौलतबाद कादरीगंज को मसौढी पुलिस ने नौआबाग गांव के.पास नेशनल हाइवे-22 पर से गिरफ्तार किया है। उसके पास एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस को जब्त किया है। जहां शनिवार को इस मामले में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मसौढी थाना कांड संख्या 298 /25 के फरार अभियुक्त मनीष कुमार पिता मधेश्वर प्रसाद उर्फ घमंडी प्रसाद जो पटना गया एनएच 22 पर अपराध करने वाला है, प्राप्त सूचना को सत्यापन करते हुए दलबल के साथ पूरी टीम जब वहां पहुंची तो वह पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस बल के द्वारा खदेड़ कर उसे पकड़ा गया है। उसके पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस को जब्त किया गया है। साथ ही सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा ने बताया कि यह पहले से मुकेश उर्फ छोटन हत्याकांड के मामले में फरार चल रहा था जिस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था, उस पूरे मामले का जिक्र करते हुए कहा कि बीते 12 अप्रैल 2025 को मुकेश और छोटन को गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में 14 अप्राथमिकी अभियुक्त थे जिसमें से नौ अपराधियों की गिरफ्तारी हो गई है। बाकी बचे छह लोगों पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया है। इस पूरे टीम में पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार एवं सहायक अवर निरीक्षक परशुराम सिंह के साथ पुलिस बल मौजूद थे।

## प्राथमिक विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ**। शनिवार को बिहार के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मासिक संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य दो महत्वपूर्ण थीम "निपुण बनेगा बिहार हमारा" और "हर बच्चा होगा अब स्कूल का हिस्सा" का संदेश हर अभिभावक तक पहुंचाना रहा, ताकि सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय से जुड़े रहें और किसी भी बच्चे की पढ़ाई बाधित न हो। फुलवारी शरीफ प्रखंड कॉलोनी स्थित विद्यालय की शिक्षिका नीतू शाही ने बताया कि संगोष्ठी के दौरान विद्यालयों ने विद्यार्थियों की सीखने की प्रगति, भाषा एवं गणित विषय में निपुणता की स्थिति, विद्यालय द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक प्रयासों तथा समावेशी शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां अभिभावकों के साथ साझा कीं। अभिभावकों को नवंबर माह के मासिक मूल्यांकन का परीक्षाफल भी दिखाया गया। नवंबर माह का स्टूडेंट ऑफ द मंथ वर्ग 3 की छात्रा पूजा कुमारी को चुना गया।

# जलजमाव से मुक्ति के लिए विधायक श्याम रजक की पहल, पटना डीएम संग उच्चस्तरीय बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ**। फुलवारी विधानसभा क्षेत्र को जल जमाव की समस्या से स्थायी समाधान दिलाने के लिए पूर्व मंत्री सह विधायक श्याम रजक ने पटना जिलाधिकारी त्याग राजन के साथ पटना समाहरणालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई, सोन डिवीजन के कार्यपालक अभियंता, डीडीसी पटना और पटना सदर अनुमंडल पदाधिकारी मौजूद रहे। श्याम रजक ने फुलवारी प्रखंड के कुरथौल, चिलबिली, कुरकुरी, सकरैचा, ढिबड़ा, वभनपुरा, परसा पंचायत सहित सभी घनी आबादी वाले क्षेत्रों में होने वाले जलजमाव की गंभीर समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराया. उन्होंने बताया कि दरियापुर क्षेत्र में गाद भर जाने से जल निकासी बाधित हो रही है और बादशाही पइन की समुचित सफाई न होने के कारण स्थिति और गंभीर हो जाती है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि बादशाही पइन की पूर्ण सफाई कराई जाए ताकि फुलवारी विधानसभा को जलजमाव से पूर्ण मुक्ति मिल सके। जिलाधिकारी त्याग राजन ने तुरंत संबंधित पदाधिकारियों को



निर्देश देते हुए आश्वासन दिया कि जलजमाव की समस्या हर हाल में खत्म की जाएगी साथ ही सभी पंचायतों और दरियापुर वितरणी की पूर्ण उड़ाही कराने का आदेश भी दिया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, फुलवारी शरीफ प्रखंड के बीस सूत्री सदस्य राजू रजक और बंटी चन्द्रवंशी भी उपस्थित रहे।

# कार्यपालक अभियंता को एक वर्ष की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना / फुलवारीशरीफ**। बिहार सरकार की भ्रष्टाचार उन्मूलन नीति को बड़ी सफलता मिली है। निगरानी विभाग द्वारा दर्ज मामले में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, प्रमंडल–II, पटना के कार्यपालक अभियंता-cum-वरीय परियोजना पदाधिकारी बिनय कुमार सिंह को निगरानी की विशेष अदालत ने दोषी करार देते हुए एक वर्ष की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश (निगरानी) मो. रुस्तम ने विशेष मामला संख्या 80/2007 (निगरानी थाना कांड संख्या 119/2007) में फैसला सुनाते हुए आरोपी को पीसी एक्ट की धारा 7 तथा धारा 13(2) सहपठित 13(1)(डी) के तहत एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास और 40,000 रुपये जुर्माना देने का आदेश दिया। जुर्माना नहीं देने पर एक माह का साधारण कारावास भी भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 11 सरकारी गवाहों का बयान दर्ज कराया गया। इस ट्रैप केस की प्रभावी पैरवी विशेष लोक अभियोजक (विजिलेंस) विजय भानु उर्फ पुटटू बाबू ने की। मामला 24 अक्टूबर 2007 का है, जब निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने अभियुक्त बिनय कुमार सिंह को यारपुर स्थित बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, डिवीजन–II कार्यालय से रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। वह शिकायतकर्ता हरेंद्र सिंह—जो कॉन्ट्रैक्टर सुधीर कुमार सिंह के साझेदार हैं—से बिल भुगतान के एवज में 20 हजार रुपये की रिश्वत ले रहा था।

# बीडी पब्लिक स्कूल, बेउर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ**। बीडी पब्लिक स्कूल, बेउर में 29 नवम्बर 2025 को वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों से लेकर वरिष्ठ वर्ग तक के छात्रों ने अपनी कला और प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसे देखकर अभिभावक व अतिथि गदगद हो उठे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत सत्र, गणेश वंदना और स्वागत गीत से हुई, जिसके बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया।

स्वागत भाषण अमृता मैडम ने दिया, जबकि चेयरमैन एस। बी। रॉय और निदेशक अमिताभ रॉय ने शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों के उज्जवल




भविष्य पर प्रेरक संबोधन दिया। विशिष्ट अतिथि संतोष दीक्षित, गेस्ट ऑफ ऑनर ज्योति परिहार और मुख्य अतिथि प्रो। (डॉ.) फैजान मुस्तफा ने भी छात्रों को उत्साह से भरने वाला संबोधन दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों और कक्षा 10वीं के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल चले हम, मेड इन इंडिया, कृष्ण लीला, महाभारत, भारत दर्शन, सांस्कृतिक विविधता, पर्यावरण प्रस्तुति, कोरियन डांस और मोटिवेशनल डांस जैसी दिलकश प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। संगीत कार्यक्रम में बिहार का पारंपरिक गीत और कव्वाली ने खूब तालियां बटोरीं।

# फुलवारी में गर्ल्स कॉलेज और स्टेडियम बनाया जाएगा : श्याम रजक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ**। नगर परिषद के निर्वाचित मंडल की बैठक आज उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक में सदस्यों ने पूर्व नवनिर्वाचित विधायक श्याम रजक का गर्मजोशी से स्वागत किया और माला व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्याम रजक ने कहा कि फुलवारीशरीफ की हर समस्या को योजनाबद्ध तरीके से दूर किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की वर्षों पुरानी ड्रेनेज समस्या और जाम की परेशानी से लोगों को जल्द मुक्ति मिलेगी। श्याम रजक ने बैठक में यह बड़ी घोषणा भी की कि आने वाले एक वर्ष के भीतर क्षेत्र में एक गर्ल्स कॉलेज और एक स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा, जिससे स्थानीय युवाओं और छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद चेयरमैन आफताब आलम ने की। उन्होंने परिषद द्वारा प्रस्तावित आगामी योजनाओं और विकास कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में कार्यपालक पदाधिकारी




दीपक कुमार, वाइस चेयरमैन अंजुम परवीन, वार्ड पार्षद मो। शाहबाज उर्फ मिन्हाज, पार्षद प्रतिनिधि नईम अंसारी, मासूमा, ब्रजेश कुमार और पप्पू चांद सहित कई जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# ग्राम सभा का आयोजन, वर्ष 2026-27 की योजनाओं पर चर्चा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। मसौढ़ी प्रखंड के निशियावां पंचायत के ग्राम निशियावा में स्थित सामुदायिक भवन पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुखिया चंदन भारती, ग्राम पंचायत सचिव मुरलीधर सिंह, विकास मित्र नीलम कुमारी, पंचायत रोजगार सेवक नितेश कुमार, उप मुखिया दिनेश कुमार एवं सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। आयोजित इस ग्राम सभा में नल जल व्यवस्था, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड की व्यवस्था, स्वच्छ वातावरण की व्यवस्था, विधवा एवं वृद्धजन पेंशन की व्यवस्था एवं वर्ष 2026-27 के लिए नए योजना पर चर्चा किया गया। साथ ही साथ जनता की विभिन्न समस्याओं को चुना गया और उसका तुरंत निदान भी किया गया। पंचायत के विभिन टोलों में सड़क, पानी व नाली जैसे बुनियादी समस्याओं के समाधान हेतु चर्चा की गई। इसके अलावा पंचायत के मुखिया चंदन भारती ने ग्राम सभा में आए हुए सभी आम जनता से अपील की की सबसे बड़ी सामाजिक कुरूतियों बाल विवाह, दहेज उत्पीड़न, शराब सेवन से छुटकारा पाने के भी अपील की और नशे से दूर रहने पर भी चर्चा किया इसके अलावा अपने आसपास के टोले, गली नाली के कूड़ा कचरा गंदगी का अंबार ना लगावे साफ सफाई पर भी ध्यान दें।

# भगवानगंज की रूपा की छोटी सी पहल ला रही रंग सब्जी की खेती कर आत्मनिर्भर बन रही आधी आबादी

**रूपा देवी सहित खनपुरा की दीदियों ने तकनीकी प्रशिक्षण लेकर शुरू की उन्नत सब्जी खेती मिली बेहतर आमदनी की राह, हर पंचायत में खेती विस्तार की तैयारी**

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। मसौढ़ी का लाल इलाका कहे जाने वाला भगवानगंज अब सब्जी की खेती में आत्मनिर्भर बनने लगा है और यह सब जीविका दीदियों की पहल पर उनकी मेहनत अब रंग दिखाने लगा है। दरअसल जीविका के द्वारा जीविका दीदियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें खेती में बढावा देने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। ऐसें में भगवानगंज के खनपुरा के रूपा देवी ने शुरुआत मे अपने पांच कठ्ठे खेत में सब्जी की खेती की है जिसमें ब्रोकली, फ्रेश्विन, चुकंदर, गाजर, मेथी, ज्वायन मंगरेला, धनिया, टमाटर, लहसुन, शिमला मिर्च आदि लगाए हैं। रूपा कुमारी बताती है कि शुरू से ही मुझे पेड़ पौधे से काफी लगाव रहा है वर्ष 2016 में उड़ान भी हो दीपक समूह से जुड़ी थी और 2025 में नर्सरी का काम जीविका से मिला है जिसमें कई तरह के सब्जियों को उगा रहे हैं इस पूरे काम में हमारे पति अजीत कुमार का काफी सहयोग मिला है। इस पूरे मामले में जीविका के नोडल पदाधिकारी युसूफ सिद्दीकी ने बताया कि पहले यह इलाका सब्जी के लिए पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं हो पाया



है। ऐसे में आने वाले दिनों में यह समस्या दूर होने वाली है। तकनीक प्रशिक्षण प्राप्त कर बड़े पैमाने पर जीविका दीदियों ने विभिन्न पंचायतों में सब्जी की खेती प्रारंभ कर दिया है। इससे लोगों को ताजा सब्जी भी मिलेगी और समूहों को भी अच्छी आमदनी होगी। आनेवाले दिनों में हर पंचायत में दीदियों द्वारा सब्जियों की खेती किए जाने की योजना है, जिससे अपने इलाके में आपूर्ति के बाद इसे अन्य जगहों में भी भेजा जा सकेगा। इससे जहां दीदियों की आमदनी बढ़ेगी, वहीं इलाके में भी समृद्धि आएगी। जीविका समूह ने आनेवाले दिनों में सभी पंचायत की दीदियों का समूह बनाने और प्रखंड स्तर की मंडी में इसकी बिक्री की रणनीति तैयार किया है, रूपा कुमारी कहती है कि सब्जी की खेती कर पर अपने परिवार का बेहतर तरीके से जीविकोपार्जन कर रही है। वही प्रखंड जीविका परियोजना पदाधिकारी दिग्विजय नारायण समदर्श ने बताया कि सब्जी की खेती से जहां दीदियों को अच्छी आमदनी हो रही है,आनेवाले दिनों में हर पंचायतों की दीदियों को प्रशिक्षण देकर सब्जी की खेती से जोड़े जाने का प्रयास चल रहा है। यह इलाके के लिए भी वरदान साबित होगा। खनपुरा के रूपा देवी के साथ उनके परिवार में रंजीत कुमार, रोहित कुमार, अभिषेक कुमार, रवि कुमार आदि भी सहयोग कर रहे हैं।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिक्षकों की विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। मसौढ़ी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भैसवां के दो शिक्षकों के तबादला पर शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी विजय प्रसाद ने की एवं विधवत रूप से संचालन वरीय शिक्षक मो. नेयाज अहमद ने की उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय के दो शिक्षकों का तबादला हो गया है जिसमें रामानुज सिंह स्नातक शिक्षक का प्रधान शिक्षक में प्राथमिक विद्यालय रेवां मुसहरी में चले गए है तथा मो. तबरेज अंसारी विद्यालय अध्यापक का पारस्परिक स्थानांतरण में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनौली खुर्द पालीगंज में हुआ है एवं मो. आसिम अख्तर विद्यालय अध्यापक उत्क्रमित मध्य विद्यालय भैंसवां, मसौढ़ी में योगदान दिए। विदाई से सम्मान समारोह के आयोजन में दोनों शिक्षकों को सम्मानित किया गया इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा विदाई गीत एवं संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इस मौके पर सभी शिक्षक भावुक दिखे, विदाई कि मेला में विदा हो रहे शिक्षकों ने कहा की 18 नवंबर 2023 को इस विद्यालय में योगदान दिए थे उसके बाद से इस विद्यालय से परिवार जैसा लगाव हो गया था हर बच्चों में अपने बच्चे दिख रहे थे रेगुलर हमने यहां पठन-पाठन विधवत रूप से किया था।

# विज्ञान प्रदर्शनी और फूड फेस्ट का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ**। भारत के महान वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. जगदीश चंद्र बोस की जयंती पर शनिवार को एसडीवी पब्लिक स्कूल, नत्थूपुर रोड, कुरथौल, पटना में विज्ञान प्रदर्शनी एवं फूड फेस्ट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के उप-निदेशक अनिल कुमार, प्राचार्य सुरेंद्र कुमार और उप-प्राचार्य सुरेश कुमार पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संगीत शिक्षक घनश्याम कुमार द्वारा विज्ञान-थीम पर आधारित गीत की प्रस्तुति से हुई। विद्यालय के निदेशक ने इस तरह के आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत




आवश्यक बताया। वहीं उप-प्रधानाध्यापक ने अपने संबोधन में आधुनिक विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसी प्रदर्शनी बच्चों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की भावना विकसित करती है। कक्षा तृतीय से कक्षा द्वादश तक के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न नवोन्मेषी मॉडलों का ज्यूरी टीम ने निरीक्षण किया और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इसके अतिरिक्त विशेष सोच और रचनात्मकता के साथ मॉडल तैयार करने वाली टीमों को भी विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया।

# संत मेरिस स्कूल में इंटर स्कूल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मसौढ़ी। संत मेरिस स्कूल मसौढ़ी में शनिवार को इंटर स्कूल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें 33 विभिन्न विद्यालयों में भाग लिया। छात्रों ने "विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत," "समग्र विकासः विचार जो दुनिया को बदल सकते हैं," और "स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण" जैसे विषयों पर अपने नवाचार और वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया है। ये प्रदर्शनी छात्रों की प्रतिभा और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का मंच रही हैं, जहां उन्होंने व्यावहारिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले मॉडल पेश किए, जिनमें वायु-शोधन फिल्टर, सोलर ट्रैकर और पर्यावरण-अनुकूल वाहन जैसे प्रोजेक्ट शामिल थे। जिसमें प्रथम स्थान क्रेन मेनोरियल गया जी, द्वितीय स्थान डी.ए.वी. खगौल तथा तीसरे स्थान पा स्कॉलरस अबांड रहा। पुरस्कार स्वरूप (प्रथम पुरूस्कार 20 हजार) दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए फादर जेम्स जॉर्ज (विकार जेनरल सह पेस के निर्देशक) ने कहा विज्ञान हमारे जीवन से जुड़ा है। अतः विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है और इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे आकर्षक रूप से कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य फादल पैकियम बास्कर, सचिव फादर बसु डेविस, उप प्राचार्य सी मटिल्डा,रितेश एवं सभी शिक्षकों ने काथ इस आयोजन को सफल बनाने का सफल प्रयास किया गया।

# पल्स-पोलियो अभियान 14 से, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई तैयारियों की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। आगामी 14 दिसंबर से शुरू हो रहे पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान की तैयारी में सभी कर्मी जुट गए है। जिसमें 12 जानलेवा बीमारी से बचाव हेतु संचालित हो रहे राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के सुदृढ़ीकरण को लेकर एक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई, जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में पल्स-पोलियो अभियान की प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। जहाँ पल्स पोलियो साप्ताहिक टीकाकरण समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य पोलियो



उन्मूलन के लक्ष्य को बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना है कि पांच साल से कम उम्र का एक भी बच्चा पोलियो वैक्सीन की खुराक से वंचित न रहे।पोलियो अभियान के दौरान वैक्सीन वितरण ससमय किया जायेगा। बैठक में डॉ पूनम कुमारी, बीएचएम ललन कुमार सिंह,बीएम चंद्रभूषण प्रसाद,बीसीएम राकेश पटेल,बीएमई दयानंद डब्ल्यू एचओ मॉनिटर ईश्वरचंद पीसीआई एमडी इमाम,एवं अंकित कुमार आदि शामिल रहे।

# पूर्वी सिटी एसपी ने दो सिपाहियों को किया निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मसौढ़ी। धारूआ थाना क्षेत्र के सांडा पंचायत के अंतर्गत अवैध बालू खनन करके ले जा रहे ट्रैक्टर को पड़कर छोड़ने के मामले में दो पुलिसकर्मीयों पर गाज गिरी है। इस मामले पूर्वी सिटीएसपी परिचय कुमार ने कार्वाई करते हुए दोनों पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया है। बताया जाता है की प्रारम्भिक जांच में उक्त दोनो पुलिस कर्मियों की पहचान सिपाही-6168 प्रेम कुमार चौधरी, सिपाही-1871 बमबम कुमार दोनो धनरूआ थाना के रूप में हुई है। पूर्वी सिटी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि उक्त दोनो पुलिस कर्मियों का यह कृत्य उनके कर्त्तव्य के प्रति घोर-लापवाही, मनमानेपन, अनुशासनहीनता एवं संदिग्ध आचरण को परिलक्षित करता है। जिसके आरोप में सिपाही-6168 प्रेम कुमार चौधरी, सिपाही-1871 बमबम कुमार दोनो धनरूआ थाना को तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवन-यापन भत्ता




पर निलम्बित करते हुए तीन दिनों के अन्दर विभागीय कार्यवाही के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। दरअसल पुरा मामला बिते शुक्रवार की अल्हे सुबह की है। जहां सांडा गांव के दरचा नदी किनारे अवैध खनन कर बालू ले जा रहे तीन ट्रैक्टर को पकड़ने के आधे घंटे के बाद ही तीनों को छोड़ दिया गया। चर्चा यह है कि थाने के निजी चालक के कहने पर दो पुलिसकर्मी अवैध बालू लदे वाहन को पकड़ने चले गए। निजी चालक धनरुआ थाने के बलवापर गांव का है। जिसका पूरा सीसीटीवी फुटेज इंटरनेट पर वायरल हो गया था जिसको लेकर वरीय पुलिस अधिकारियों ने कार्वाई की है।

# जननी सुरक्षा योजना के तहत पांच महीने तक नहीं मिली राशि, अस्पतालों के चक्कर काटने को मजबूर

**मसौढ़ी अनुमंडल के 4,140 लाभुकों के खाते मे अब तक नही है राशि**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मसौढ़ी। जननी बाल सुरक्षा योजना के तहत प्रसूति लाभार्थियों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशी का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। बीते अप्रैल महीने से नवम्बर माह तक मसौढी अनुमंडल के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और अनुमंडल अस्पताल के लाभार्थियों के खाते में अब तक खाते में पैसा नही आया है। नतिजन छह माह से लाभार्थी महिलाएं अस्पताल और संबंधित विभाग के चक्कर काट रही हैं। आशा कार्यकर्ताओं से भी लगातार पूछा जा रहा है कि भुगतान कब तक आएगा, लेकिन उनसे भी जानकारी नहीं मिल पा रही है। विभाग के अधिकारी पोर्टल परिवर्तन को देरी की वजह बता रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मसौढ़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 1800 लाभुक, धनरूआ सामुदायिक केंद्र में 700 एवं पुनपुन में 1145 लाभुकों के खाते पैसा आने का इंतज़ार कर रहे है। मातृ स्वास्थ्य सुधार के उद्देश्य से संचालित जननी सुरक्षा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र की प्रसूताओं को 1400 रुपये और शहरी क्षेत्र की प्रसूताओं को 1000 रुपये दिए जाते हैं। यह धनराशि प्रसव के बाद पोषण, दवाओं और आवश्यक जरूरतों के लिए दी जाती है। लाभ के लिए प्रसव सरकारी या मान्यता प्राप्त अस्पताल में होना जरूरी है।योजना के तहत प्रसूताओं को छह महीने से भुगतान नहीं मिल रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पहले भुगतान पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) के माध्यम से किया जाता था। अब सिंगल नोडल अकाउंट (एसएनए) स्पर्श पोर्टल से भुगतान प्रक्रिया शुरू की गई है। पोर्टल परिवर्तन के कारण कुछ तकनीकी समस्याएं आई हैं। इस वजह से देरी हो रही है।



# डेल स्टेन ने चुनी

## भारत-साउथ अफ्रीका की कंबाइंड इलेवन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने भारत और साउथ अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज से पहले 'कंबाइंड इलेवन' चुनी है, जिसमें साउथ अफ्रीकी कप्तान टेंबा बावुमा को शामिल नहीं किया। दोनों देशों के बीच पहला मैच रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में रविवार को खेला जाएगा। साउथ अफ्रीकी दिग्गज का मानना है कि दोनों टीमों की कंबाइंड इलेवन चुनना एक 'मुश्किल' काम था, क्योंकि दोनों टीमों के पास 'बहुत सारे शानदार खिलाड़ी' हैं। डेल स्टेन की कंबाइंड इलेवन में रोहित शर्मा, क्विंटन डी कॉक, विराट कोहली, तिलक वर्मा, केएल राहुल, डेवाल्ड ब्रेविस, रवींद्र जडेजा, मार्को जानसेन, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह और लुंगी एनगिडी को स्थान दिया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर किए गए एक वीडियो में जब स्टेन से टीम चुनने के लिए कहा गया, तो उन्होंने कहा, 'दोनों टीमों को मिलाना मुश्किल है। दोनों टीमों के पास बहुत सारे शानदार खिलाड़ी हैं। निश्चित रूप से किसी को बाहर होना पड़ेगा, लेकिन रोहित बैटिंग और क्विंटन डी कॉक ओपनिंग करेंगे। विराट कोहली नंबर तीन पर, तिलक वर्मा नंबर चार पर, केएल राहुल नंबर पांच पर, और ब्रेविस नंबर छह पर होंगे। इनके अलावा, रवींद्र जडेजा, जानसेन, कुलदीप, अर्शदीप और लुंगी एनगिडी इस टीम में होंगे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज 0-2 से गंवाने के बाद भारत तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज में मेहमान टीम का सामना करेगा। इसके बाद पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज भी खेली जाएगी। इस सीरीज में कप्तान शुभमन गिल नहीं खेल रहे हैं। वे साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान चोटिल हुए थे। उनके स्थान पर केएल राहुल को टीम इंडिया की कमान सौंपी गई है। साउथ अफ्रीका की कमान टेंबा बावुमा संभालेंगे। विराट कोहली और रोहित शर्मा एक बार फिर क्रिकेट मैदान पर नजर आएंगे। भारत और साउथ अफ्रीका की टीमें 30 नवंबर को रांची में वनडे सीरीज का पहला मैच खेलेंगी।

इंडिया-दक्षिण अफ्रिकाः

# रोहित-विराट पर होगी नजर

## भारत-साउथ अफ्रीका वनडे सीरीज का आगाज





**रांची, एजेंसी।**

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाली वनडे सीरीज का काउंटडाउन अब खत्म होने वाला है। रविवार 30 नवंबर से इसका आगाज होगा। इस सीरीज में तीन मुकाबले खेले जाएंगे। एक बार फिर से सभी फैंस की नजरें उनके चहेते खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली पर भी होंगी। इस सीरीज के लिए भारतीय टीम की कप्तान केएल राहुल के हाथों में सौंपी गई है। शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर दोनों इंजरी के कारण बाहर हैं। साथ ही चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार रविंद्र जडेजा भी वनडे टीम में नजर आने वाले हैं। साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा होंगी। उनके ऊपर भी नजरें होंगी। क्योंकि साउथ अफ्रीका ने 10 साल से भारत में कोई भी वनडे सीरीज नहीं जीती है।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाली वनडे सीरीज के तीनों मुकाबले भारतीय समयानुसार दोपहर 1.30 बजे से शुरू हो जाएंगे। वहीं एक बजे मैच का टॉस होगा। इसके अलावा इन मैचों का टीवी पर सीधा लाइव प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के विभिन्न चैनलों पर होगा।

डब्ल्यूबीबीएल

## रेनेगेड्स को शिकस्त देकर प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर स्टार्स

**मेलबर्न, एजेंसी ।** मेलबर्न स्टार्स ने शनिवार को जंक्शन ओवल में खेले गए विमेंस बिग बैश लीग ( डब्ल्यूबीबीएल) 2025 के 28वें मुकाबले में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ 45 रन से मुकाबला अपने नाम किया। इस जीत के साथ मेलबर्न स्टार्स ने प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान अपने नाम कर लिया है। मेलबर्न स्टार्स 7 में से 5 मुकाबले अपने नाम कर चुकी है। इस टीम ने 1 मैच गंवाया है, जबकि 1 मुकाबला बारिश के चलते बेनतीजा रहा था। वहीं, दूसरी ओर मेलबर्न रेनेगेड्स ने 8 में से 4 मुकाबले अपने नाम किए हैं। यह टीम 4 मैच गंवा भी चुकी है। रेनेगेड्स फिलहाल



प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर मौजूद है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी मेलबर्न स्टार्स ने 20 ओवरों के खेल में 5 विकेट खोकर 160 रन बनाए। इस टीम ने महज 14 रन पर रिस मैककेना ( 4 ) का विकेट गंवा दिया था। यहां से मेग लैनिंग ने एमी जोन्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 गेंदों में 62 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। एमी जोंस 33 गेंदों में 7 चौकों के साथ 43 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। यहां से लैनिंग ने कप्तान एनाबेल सदरलैंड के साथ तीसरे विकेट के लिए 43 गेंदों में 70 रन जोड़कर टीम को 146 के स्कोर तक पहुंचा दिया। सदरलैंड ने 16 गेंदों में 27 रन बनाए, जबकि लैंनिंग 58 गेंदों में 1 छक्के और 7 चौकों के साथ 73 रन बनाकर नाबाद रहीं। विपक्षी टीम की तरफ से मिली इलिंगवर्थ ने 3 विकेट निकाले, जबकि जॉर्जिया वेयरहैम ने 2 विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में मेलबर्न रेनेगेड्स की टीम 16.3 ओवरों में महज 115 रन पर सिमट गई। इस टीम के लिए डिएंड्रा डॉटिन और निकोल फाल्टम ने 23-23 रन बनाए, जबकि इसी वोंग ने 20 रन की पारी खेली। स्टार्स के लिए मैसी गिब्सन ने 3 विकेट निकाले। दो सफलताएं किम गार्थ के हाथ में लगी।

डब्ल्यूबीबीएलः

## ब्रिस्बेन हीट को झटका, मौजूदा सीजन के शेष मुकाबले नहीं खेलेंगी कप्तान जेस



**मेलबर्न, एजेंसी।** विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2025 के बीच ब्रिस्बेन हीट को बड़ा झटका लगा है। कप्तान जेस जोनासेन दाहिने कंधे की सर्जरी के कारण मौजूदा सीजन के शेष मुकाबले नहीं खेल सकेंगी। उनके स्थान पर ऑलराउंडर चार्ली नॉट टीम की कमान संभालेंगे। जेस जोनासेन के करीब तीन महीने तक बाहर रहने की आशंका है। वह विमेंस नेशनल क्रिकेट लीग सीजन के आखिर में वापसी कर सकती हैं। चार्ली नॉट रविवार को नॉर्थ सिडनी ओवल में एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ होने वाले मैच में पहली बार ब्रिस्बेन हीट को लीड करेंगी। इससे पहले वह इस सीजन में उपकप्तान रही हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए की कप्तानी भी की है।

ब्रिस्बेन हीट ने अब तक 7 मुकाबले खेले हैं, जिसमें जीत का खाता नहीं खुल सका। इस टीम ने 6 मैच गंवाए हैं, जबकि एक मैच रद्द हो गया था। टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे निचले पायदान पर मौजूद है। क्लब की ओर से जारी एक बयान में जेस ने कहा, 'हमने सोचा था कि मैं फिजियो जोलांडी जैकब्स और मेडिकल टीम की देखभाल में खेल सकती हूं, लेकिन जैसे-जैसे हम लीग में आगे बढ़े, उस प्लान को बदलने की जरूरत पड़ी। यह निजी तौर पर एक मुश्किल समय रहा है, लेकिन मैं इससे वापसी करने और पूरी तरह ठीक होने के बाद बेहतरीन क्रिकेट खेलने के लिए मजबूत इरादा रखती हूं। उन्होंने कहा, 'यह जानकर हिम्मत मिलती है कि जब मैं पूरी ताकत से वापस आऊंगी, तो मुझे घर पर सबसे अच्छा सपोर्ट मिलेगा। इस बार यह वैसा टूर्नामेंट नहीं रहा जैसी हमने उम्मीद की थी, लेकिन जिस तरह से उन्होंने कड़ी मेहनत की और हमारे हर मैच में मुकाबला किया, मुझे उस पर बहुत गर्व है। मुझे यकीन है कि टीम इस लीग को अच्छे नोट पर खत्म करेगी।

## जब रोहित-कोहली आसपास हों तो अलग ऊर्जा का हिस्सा बनना रोमांचकः बावुमा



**रांची, एजेंसी।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रविवार से तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज शुरू होगी। पहला मैच जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। साउथ अफ्रीकी कप्तान टेंबा बावुमा का मानना है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में मैदान पर एक अलग तरह की ऊर्जा होगी, जिसका हिस्सा बनना रोमांचक होगा। स्टार स्पोर्ट्स के इंस्टाग्राम अकाउंट पर शनिवार को पोस्ट किए गए एक वीडियो में बावुमा ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह रोमांचक है। यह भारतीय फैंस के लिए रोमांचक है। दो दिग्गज वापस आ रहे हैं। वे कुछ समय के लिए भारत की धरती पर खेल रहे हैं। जब ये दो बड़े खिलाड़ी आसपास हों, तो एक अलग तरह की ऊर्जा का हिस्सा बनना हमारे लिए रोमांचक है। यह कुछ ऐसा है जिसका हम इंतजार कर रहे हैं।' टेंबा बावुमा ने भारत की इस अनुभवी जोड़ी को लेकर कहा, 'मुझे लगता है कि किसी भी दूसरे खिलाड़ी की तरह, हम भी उनके आस-पास अपनी तैयारी करेंगे। जो भी रणनीति हमारे पास होगी, हम उन्हें फॉलो करेंगे। हम जानते हैं कि ऊर्जा थोड़ी अलग होगी, लेकिन यह रोमांचक होगा। उन्होंने आगे कहा, 'एक कप्तान के नजरिए से, मुझे नहीं लगता कि मेरी टीम के लिए ज्यादा कुछ बदलेगा। मुझे लगता है कि आप जाहिर तौर पर बल्ले से प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप मैदान पर रणनीति के मुताबिक खिलाड़ियों को लीड करना चाहते हैं। इसलिए मुझे नहीं लगता कि ज्यादा कुछ बदलेगा। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज खेली थी। इसके बाद चर्चा थी कि शायद यह जोड़ी वनडे वर्ल्ड कप में न खेले, लेकिन कुछ फैंस को विश्वास है कि 'रो-को' आगामी विश्व कप में टीम इंडिया का हिस्सा होंगे।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 30 नवंबर को रांची में पहला वनडे मैच खेला जाएगा, जिसके बाद दोनों देश रायपुर में 3 दिसंबर को अगला मैच खेलेंगे। सीरीज का तीसरा मुकाबला 6 दिसंबर को विशाखापत्तनम में आयोजित होगा।

## 'मुझे टीम इंडिया के लिए फिर से खेलने का इंतजार है', वापसी पर खुश ऋतुराज गायकवाड़



**रांची, एजेंसी।** ऋतुराज गायकवाड़ को साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मुकाबलों की वनडे सीरीज में मौका दिया गया है। गायकवाड़ ब्लू जर्सी में वापस लौटकर काफी खुश हैं। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में टीम के लिए फिर से योगदान देने को लेकर उत्सुक हैं। ऋतुराज गायकवाड़ ने आखिरी बार 19 दिसंबर 2023 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे मैच खेला था, जबकि 13 जुलाई 2024 को जिम्बाब्वे के खिलाफ आखिरी बार टी20 फॉर्मेट में उतरे थे। कप्तान शुभमन गिल गर्दन में चोट की वजह से इस सीरीज में नहीं खेलेंगे, जबकि श्रेयस अय्यर स्प्लीन इंजरी की वजह से इस सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। ऐसे में ऋतुराज गायकवाड़ को सीरीज में शामिल किया गया है। केएल राहुल को टीम की कमान सौंपी गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें गायकवाड़ ने कहा, 'ब्लू जर्सी में वापस लौटकर अच्छा लगा। मुझे टीम इंडिया के लिए फिर से खेलने का इंतजार है।' भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने शुक्रवार को गायकवाड़ के वनडे टीम में शामिल होने के बारे में कहा था, 'उनका यहां होना बहुत अच्छा है। वह पिछले कई वर्षों से एक क्वालिटी प्लेयर रहे हैं। अगर उन्हें यह मौका मिलता है, तो मुझे पूरा यकीन है कि वह देश को बहुत गर्व महसूस कराएंगे। गायकवाड़ ने हाल ही में राजकोट में साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। इस दौरान उन्होंने 117, 68* और 25 रन की पारियां खेलीं।

फीफा वर्ल्ड कपः

## विश्व कप फुटबॉल के ड्रॉ का बहिष्कार करेगा ईरान

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में अगले साल 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले विश्व कप में रिकॉर्ड 48 टीमें भाग लेंगी।

ईरान ने अगले सप्ताह वाशिंगटन में होने वाले विश्व कप फुटबॉल 2026 के ड्रॉ का बहिष्कार करने का फैसला किया है, क्योंकि अमेरिका ने उसके प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को वीजा देने से इनकार कर दिया है। यह जानकारी ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने दी। एजेंसी ने ईरानी फुटबॉल महासंघ के प्रवक्ता अमीर महदी अलवी के हवाले से शुक्रवार को कहा कि अधिकारियों को वीजा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा, जो खेल संबंधी चिंताओं से परे हैं। अमेरिका ने इस संबंध में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।

अलवी ने कहा कि महासंघ ने फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा से संपर्क किया है और उम्मीद है कि वह इस मुद्दे को सुलझाने में मदद करेगा। फीफा ने भी इस संबंध में अभी तक कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने जून में ईरान समेत 12 देशों



के नागरिकों पर यात्रा प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। इस सूची में हैती भी शामिल है, जिसने पिछले सप्ताह विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में अगले साल 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले विश्व कप में रिकॉर्ड 48 टीमें भाग लेंगी।



सुल्तान अजलान शाह कपः

## भारत ने कनाडा को 14-3 से हराकर फाइनल में बनाई जगह

**इपो, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कनाडा को 14-3 से रौंदते हुए पूल की शीर्ष स्थिति हासिल की और सुल्तान अजलान शाह कप के फाइनल में प्रवेश किया। जुगराज सिंह ने चार गोल किए और शानदार प्रदर्शन से टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले भारत को टूर्नामेंट में केवल बेल्जियम से एक गोल से हार मिली थी, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-2 की रोमांचक जीत ने टीम का मनोबल बढ़ा दिया। भारत रविवार को फाइनल में बेल्जियम से भिड़ेगा। मैच की शुरुआत चौथे मिनट में नीलकंता शर्मा के गोल से हुई, उसके बाद 10वें मिनट में राजिंदर सिंह ने गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। कनाडा ने जल्दी गोल के जवाब में पेनल्टी कॉर्नर बनाकर 11वें मिनट में ब्रेंडन गुरालियुक के गोल से स्कोर 1-2 किया। इसके बाद 12वें और 15वें मिनट में जुगराज सिंह और अमित रोहिदास ने गोल कर भारत को 4-1 की बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में भारतीय युवा खिलाड़ी दबाव में भी मजबूत रहे और कनाडाई डिफेंस को रोका। इस दौरान राजिंदर (24वें मिनट), दिलप्रीत सिंह (25वें मिनट) और जुगराज (26वें मिनट) ने गोल कर बढ़त 7-1 कर दी।

तीसरे क्वार्टर में कनाडा ने आक्रमण में बदलाव किया और 35वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक से स्कोर 7-2 किया। जुगराज ने 39वें मिनट में हैट्रिक पूरी की और सेल्वम कार्थी ने 43वें मिनट में गोल कर भारत को 9-2 की शानदार बढ़त दिलाई। अंतिम क्वार्टर केवल औपचारिकता थी, लेकिन इस दौरान सबसे ज्यादा गोल हुए। रोहिदास ने 46वें मिनट में PC गोल किया, जुगराज ने 50वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक से स्कोर बढ़ाया। कनाडा ने भी 3-11 तक वापसी की, जबकि संजय (56वें मिनट) और अभिषेक (57वें और 59वें मिनट) ने गोल कर भारत को 14-3 से जीत दिलाई।

# डिमांड के अनुसार किसानों को उपलब्ध हो उर्वरक : दिलीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की समीक्षात्मक बैठक शनिवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह, सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह एवं रफीगंज विधायक प्रमोद सिंह मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित विधान परिषद सदस्य द्वारा बताया गया कि कई कंपनियों का रैक प्वाइंट अभी भी सासाराम में है इस कारण जिले तक खाद आने में भाड़ा अधिक लग जाता है। सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह द्वारा कहा गया कि सभी प्रखंडों में एक सूचना पट निर्धारित किया जाए तथा प्रतिदिन उपलब्ध खाद से संबंधित स्टॉक नोटिस बोर्ड पर चिपकाए जाए ताकि किसानों को आसानी से यह पता चल सके कि किस प्रतिष्ठान में कौन सी खाद उपलब्ध है। रफीगंज विधायक प्रमोद सिंह द्वारा बताया गया कि किसानों की खाद के संबंध में कहीं-कहीं कालाबाजारी की शिकायत आती है तो उनका उचित निराकरण किया जाए तथा नैनो यूरिया अपने मांग के आधार पर ही किसानों को दिया जाए। किसानों के बीच नैनो यूरिया का प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है। इस पर इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि मेरे स्तर से जिले में 400 एकड़ में ड्रोन द्वारा प्रत्यक्षण किया जाएगा। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिले के सभी थोक उर्वरक विक्रेता तथा सभी कम्पनियों के क्षेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज को निदेश दिया कि रबी मौसम के मुख्य समय में किसानों को उचित मूल्य पर सुगमता पूर्वक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिला के उर्वरक विक्रेताओं द्वारा तथा उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, तस्करी, मुनाफाखोरी को रोकने एवं उर्वरकों के मूल्य नियंत्रण हेतु उर्वरक प्रष्ठिानों पर नियमित छापामारी की जाए। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में उर्वरक सम्बंधी शिकायतों को निदान करने एवं किसानों की उर्वरक समस्याओं को दूर करने के लिए जिला कृषि कार्यालय में एक उर्वरक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। जिलाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि खुदरा उर्वरक विक्रेताओं अपने-अपने दुकान के सूचना पट पर उपलब्ध उविधान परिषद सदस्य द्वारा यह कहा गया कि खाद का आवंटन करते समय सभी प्रखंडों के उनकी मांग के अनुसार ही जिला स्तर से निर्धारित का उप आवंटन किया जाए। सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह द्वारा कहा गया कि सभी प्रखंडों में एक सूचना पट निर्धारित किया जाए तथा प्रतिदिन उपलब्ध खाद से संबंधित स्टॉक नोटिस बोर्ड पर चिपकाएं ताकि किसानों को आसानी से यह पता चल सके कि किस प्रतिष्ठान में कौन सी खाद उपलब्ध है। उर्वरक की मात्रा, उर्वरक का मूल्य प्रदर्शित किया जाय तथा जिला उर्वरक नियंत्रण का भी नंबर प्रदर्शित हो। इसकी जिम्मेवारी संबंधित पंचायत के कृषि समन्वयक की होगी।

# शराब मामले में एएसआइ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के कुटुंबा थाना में तैनात एएसआई महेंद्र पासवान को पुलिस ने अवैध शराब रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। घटना शुक्रवार को तब सामने आई जब थाने को सूचना मिली कि एएसआई के सरकारी आवास में अवैध शराब छुपा कर रखी है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि सूचना की पुष्टि के बाद पूरे मामले की जानकारी सीनियर अधिकारियों को दी गई। इसके बाद ओडी पदाधिकारी मिक्कू कुमार समेत पुलिस टीम ने बैरक स्थित एएसआई के कमरे का ताला तोड़कर छापेमारी की। तलाशी के दौरान कमरे में छुपाकर रखे गए 500 एमएल के छह कैन बियर बरामद किए। शराब मिलने के बाद थानाध्यक्ष के लिखित आवेदन पर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत एएसआई महेंद्र पासवान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद आरोपी एएसआई को उस समय कोर्ट से गिरफ्तार किया गया जब वो मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपियों को पकड़कर रिमांड की डिमांड के लिए कोर्ट पहुंचे थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने उन्हें हिरासत में ले लिया। प्राथमिक कानूनी औपचारिकताओं के बाद आरोपी पुलिस पदाधिकारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पूछताछ में एएसआई महेंद्र पासवान ने खुद को निर्दोष बताया है। उसने दावा किया कि उसके कमरे के पीछे वाले दरवाजे की कुंडी कई दिनों से खराब थी। इसी वजह से किसी ने साजिश के तहत कमरे में घुसकर शराब छुपा दी और इसकी सूचना अधिकारियों को दे दी। हालांकि पुलिस इस दावे की जांच कर रही है। एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय ने कहा कि कानून सभी के लिए समान है और मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। शराब बरामदगी, गिरफ्तारी और एएसआई के दावों की पूरी पड़ताल के बाद ही अगले कदम उठाए जाएंगे। पुलिस विभाग ने भी स्पष्ट कर दिया है कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, चाहे वह कोई भी हो। जांच जारी है और आने वाले दिनों में यह सामने आएगा कि एएसआई महेंद्र पासवान दोषी है या किसी साजिश का शिकार।

# भखरुआ मोड़ का नाम जगतपति चौक करने के लिए मांगी जा सकती है अनुशंसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर ने मुख्यमंत्री को लिखा था पत्र**

**औरंगाबाद/पटना।** बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण) ने दाउदनगर के भखरूआ चौक तथा दाउदनगर नासिरीगंज पुल का नामकरण शहिद जगतपति कुमार की स्मृति में करने के प्रस्ताव पर सकारात्मक रूख अपनाते हुए अपनी टिप्पणी दी है कि इस सिलसिले में इसकी उपयुक्तता के संबंध में जांच कर जिला प्रशासन से अनुशंसा हेतु प्रस्ताव भेजा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले वरिष्ठ पत्रकार तथा नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर उनसे आग्रह किया था कि 1942 की अगस्त क्रांति में औरंगाबाद के सपूत जगतपति कुमार पटना सचिवालय के समक्ष अंग्रेजों की गोलीबारी में शहीद हो गए थे। श्री किशोर ने उनकी शहादत का विस्तृत ब्यौरा देते हुए मुख्यमंत्री से मांग की थी कि दाउदनगर नासिरीगंज गंज सोन पुल का नाम शहीद जगतपति सेतु और दाउदनगर के भखरूआ चौक का नाम शाहिद जगतपति चौक कर दिया जाए तो यह न केवल राज्य सरकार की ओर से उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी बल्कि वर्तमान पीढ़ी के अलावा आने वाली पीढ़ी भी उनके राष्ट्रीय प्रेम त्याग व बलिदान से अवगत हो सकेगी। इस पत्र को मुख्यमंत्री सचिवालय के अवर सचिव के द्वारा अपर मुख्य सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को भेजा गया जिसके आधार पर अधीक्षण अभियंता पथ निर्माण विभाग बिहार ने अपना यह सकारात्मक सुझाव दिया है।

# अवैध खनन में पकड़े गए वाहनों पर लगा जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई बारूण, बड़ेम ओपी, नवीनगर, कुटुंबा एवं अंबा थाना क्षेत्रों में बारूण-नवीनगर पथ, नवीनगर-अंबा पथ एवं आसपास के विभिन्न स्थलों पर किया गया। इस अभियान में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी, खान निरीक्षक तथा बारून, बड़ेम ओपी, नवीनगर, कुटुंबा एवं अंबा के गश्ती पदाधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति एवं सहभागिता रही। जांच के क्रम में जांच दल द्वारा सर्वप्रथम बारून-नवीनगर होते हुए नवीनगर-कुटुम्बा क्षेत्र में कुल 17 वाहनों की जांच की गई, जिनमें 5 वाहन बालू लदे तथा बारह वाहन फ्लाई ऐश लदे पाए गए। बालू लदे सभी वाहनों के ई-परिवहन चालान को खान एवं भूतत्व विभाग के पोर्टल पर सत्यापित किया गया, जो सभी वैध पाए गए। इसी क्रम में धामनी के पास एक बालू लदे ट्रक की जांच के दौरान ट्रक में गीला बालू परिवहन किया जाना पाया गया, जिसपर प्रावधानों के तहत पच्चीस हजार रुपये का दण्ड अधिरोपित किया गया। 28 नवंबर को बालू लदे पांच वाहनों की गई जिसमें निर्धारित मानक क्षमता के अनुरूप तथा वैध परिवहन चालान के साथ पाए गए। इसी दिन फ्लाई ऐश से लदे कई वाहनों की भी गहन जांच की गई, जिसमें विभिन्न प्रकार के उल्लंघन पाए गए। प्रदूषण के मानक का उल्लंघन करने वाले, वाहन फिटनेस मानक का पालन न करने वाले तथा निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर चलने वाले वाहनों पर विधि सम्मत दण्ड अधिरोपित किया गया। ओवरलोडिंग के मामलों में कई वाहनों पर अलग-अलग राशि का आर्थिक दण्ड लगाया गया, जिसमें 12,500 रुपये से लेकर 1,20,500 रूपये तक के दंड शामिल हैं। प्रदूषण मानक उल्लंघन एवं फिटनेस फ़ेल पाए जाने पर भी संबंधित वाहनों पर दण्ड अधिरोपित किया गया। कुल मिलाकर दर्जनों फ्लाई ऐश वाहनों पर ओवरलोडिंग एवं मानक उल्लंघन की पुष्टि हुई तथा सभी पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनन, ओवरलोडिंग तथा पर्यावरण और परिवहन संबंधी नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध लगातार कठोर कार्रवाई की जा रही है और भविष्य में भी यह अभियान इसी प्रकार जारी रहेगा। अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या वाहन संचालक पर बिना किसी रियायत के सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज हत्या केस में पति, सास-ससुर को सात-सात साल सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के जिला जज पंचम उमेश प्रसाद ने हसपुरा थाना कांड संख्या 279/23 में दहेज हत्या के आरोप में तीन आरोपितों को सज़ा सुनाई है। कोर्ट ने पति विकास कुमार, ससुर योगेंद्र राजवंशी और सास जोखन देवी को दोषी ठहराते हुए विभिन्न धाराओं में सश्रम कारावास और जुर्माना लगाया है। अभियोजन पक्ष के एपीपी शिवपूजन प्रजापति ने बताया कि अदालत ने भादंवि धारा 304-बी के तहत आरोपितों को सात-सात साल की सज़ा और पांच हजार रुपए जुर्माना, भादंवि धारा 120-बी में सात-सात साल की सज़ा और पाँच हजार रुपए जुर्माना तथा भादंवि धारा 201 में दो साल की सज़ा एवं एक हजार रुपए जुर्माना लगाया है। इसके अलावा दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत छह महीने की सज़ा और एक हजार रुपए जुर्माना भी निर्धारित किया गया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। इस मामले में 25 नवंबर 2025 को तीनों अभियुक्तों को दोषी ठहराया गया था। प्राथमिकी सूचक नंद राजवंशी ने 10 अक्टूबर 2023 को हसपुरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री प्रियंका कुमारी की शादी विकास कुमार से की गई थी लेकिन शादी के कुछ महीनों बाद ही ससुराल पक्ष द्वारा पचास हजार रुपए दहेज की मांग की जाने लगी और मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था। 7 अक्टूबर 2023 को पीड़िता की हत्या कर शव को छिपाकर फेंक दिया गया था।

# किशोरावस्था सीखने व उत्साह की अवस्था : त्रिविक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाज के विशिष्ट व्यक्तित्व परिचय एवं उनके अनुभव द्वारा छात्र-छात्राओं के भविष्य के मार्ग प्रशस्तीकरण पर आधारित एक कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय औरंगाबाद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक त्रिविक्रम सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह, प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, आचार्य जितेंद्र सिंह एवं प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि त्रिविक्रम नारायण सिंह का जीवन परिचय कराया। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि किशोरावस्था सीखने एवं उत्साह की अवस्था है। छात्र-छात्रा देश के भविष्य है इसे हम सब बहुत कुछ सीख सकते हैं। मुख्य अतिथि के वचनों से विद्यालय के प्रार्थना सभा में उपस्थित तमाम छात्र-छात्राओं के मन मस्तिष्क में एक नई ऊर्ज़ा का संचार हुआ इस प्रकार यह आयोजन भविष्य में फलदाई साबित होने की महत्वाकांक्षा से संपन्न हुआ। मंच संचालन वरिष्ठ आचार्य राकेश पांडे द्वारा किया गया। आचार्य संजय सिंह, अभय सिंह, नंदलाल समेत सभी आचार्य तत्पर रहे। छात्र-छात्राओं के द्वारा भी मन से कार्यक्रम के अनुभव और बातों को सुना गया। इस दौरान मीडिया प्रभारी आचार्य रविरंजन मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के देव-मदनपुर रोड स्थित झिकटिया मोड़ के पास ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र में निमा आंजन पंचायत के चांद बिगहा निवासी विगन भुइयां के 20 वर्षीय पुत्र प्रमोद रिकियासन के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक प्रमोद किसी काम से मदनपुर बाजार गया था। जहां से वापस घर लौट रहा था। इसी क्रम में झिकटिया मोड़ पर एक ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद ट्रैक्टर खड़ी कर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने युवक को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर पहुंचाया। जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। तत्पश्चात पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# झोला छाप डॉक्टर की लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादेव अस्पताल में महिला एवं नवजात के मृत्यु के बाद परिजनों हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना पाकर स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिंह एवं पुलिस प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे और मामले को शांत करवाया। इस मामले में मृत महिला के पति महुआइन गांव निवासी अखिलेश चौधरी द्वारा रफीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि वे अपनी पत्नी शोभा देवी को प्रसव के लिए 27 नवंबर को दोपहर 2 बजे रफीगंज के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। सरकारी अस्पताल में डॉ. लालजी यादव और एक एएनएम द्वारा जांच के बाद बताया गया कि मरीज की स्थिति ठीक है और प्रसव सामान्य हो जाएगा। इसमें थोड़ा समय लगेगा। इसी बीच ललीता देवी ने उन्हें सरकारी अस्पताल में प्रसव ठीक से न होने की बात कहकर महादेव अस्पताल जाने की सलाह दी। पति अखिलेश चौधरी का कहना है कि आशा कार्यकर्ता की सलाह पर उन्होंने अपनी पत्नी को 28 नवंबर को महादेव अस्पताल में भर्ती कराया। महादेव अस्पताल में डॉ. महादेव यादव और अवकाश प्राप्त एएनएन राधा देवी ने कथित तौर पर परिजनों को बताया कि मरीज की स्थिति ठीक नहीं है और जितनी जल्दी हो सके, ऑपरेशन कराना होगा। ऑपरेशन से पहले उनसे 30 हजार जमा करने के लिए कहा गया। रूपये जमा के बाद शोभा देवी का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के थोड़ी देर बाद डॉक्टर ने परिजनों को बताया कि महिला और नवजात दोनों सीरियस हैं। सूत्रों के अनुसार महिला और नवजात की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने डॉक्टर और आशा कार्यकर्ता पर लापरवाही और गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने औरंगाबाद डीएम श्रीकांत शास्त्री से फोन पर बातचीत कर रफीगंज में चल रहे अवैध क्लिनिकों पर छापा मारने की बात कहते हुए इस मामले में निष्पक्ष जांच करने की बात कही।

# घरेलू हिंसा रोकने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर कुटुंबा में शनिवार को जीविका भवन का उदघाटन कर घरेलू हिंसा कम करने का संकल्प लिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी आदर्श कुमार नंदा एवं प्रखंड परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार ने संयुक्त रूप से जीविका भवन का उद्घाटन किया। ज्ञातव्य हो कि यह भवन दीदी का अधिकार केंद्र तथा समूह व गांव के संगठन की बैठक के संचालन, रिकॉर्ड और अभिलेखों को सुरक्षित रखने, गरीबी उन्मूलन, सामूहिक एकता, महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण संबंधित गतिविधियों को संचालित करने का स्थाई केंद्र प्रदान करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि जीविका ने दीदी का अधिकार केंद्र के माध्यम से महिलाओं को कानूनी, सामाजिक और आर्थिक अधिकारों के बारे में जानकारी और सहायता प्रदान करने की अनोखी पहल की है। इस केंद्र में महिलाओं को मनोवैज्ञानिक और कानूनी परामर्श दी जाएगी और उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। वहीं प्रखंड परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव, छेड़खानी तथा अन्य प्रकार के उत्पीड़न के मामलों में महिलाओं को परियोजना तथा संकुल स्तर पर जागरूक कर दिया गया है। दीदी का अधिकार केंद्र महिलाओं को कानूनी सहायता तथा सरकारी योजना की जानकारी उपलब्ध कराएगा और बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को रोकने के लिए काम करेगा। इस मौके पर विनय कुमार,कपिल देव प्रसाद,संकुल संघ के अध्यक्ष ललिता देवी, शारदा देवी, वीर बहादुर शर्मा, मृत्युंजय कुमार, रामाशीष प्रसाद, रंजीत दास, फरजाना खातून, विभा कुमारी, बिजेन्द्र कुमार तथा समूह से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

# पूर्ण कार्यों का उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र उपलब्ध कराएं : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आकांक्षी जिला तथा प्रखंड कार्यक्रम से संबंधित संकेतकों की प्रगति की समीक्षा बैठक डीएम श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न प्रक्षेत्रों की उपलब्धि, प्रगति तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई पर चर्चा की गयी। समीक्षा के क्रम में स्वास्थ्य एवं पोषण प्रक्षेत्र के संकेतकों में पिछले माह की अपेक्षा वर्तमान माह में प्राप्त कम उपलब्धि पर डीएम ने गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने इन संकेतकों में त्वरित सुधार लाने के लिए डीएचएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कृषि एवं जल संसाधन प्रक्षेत्र से संबंधित उपलब्धियों का डाटा ऑनलाइन पोर्टल पर शीघ्र अपलोड करने के लिए उद्यान के सहायक निदेशक को निर्देश दिया गया। शिक्षा प्रक्षेत्र की समीक्षा के दौरान नवसृजित प्राथमिक विद्यालयों में स्वीकृत टू एसीआर भवन निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के लिए स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य प्रक्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत नौ पीएचसी भवन तथा शिक्षा प्रक्षेत्र अंतर्गत नौ पुस्तकालय निर्माण योजनाओं में जिन योजनाओं का प्राक्कलन अब तक उपलब्ध नहीं कराया गया है, उनके प्राक्कलन को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने के लिए भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में डीएम द्वारा सभी कार्यकारी एजेंसियों को यह निर्देश दिया गया कि विभिन्न योजनाओं के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के अंदर नियमों के अनुरूप पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा पूर्ण कार्यों का उपयोगिता प्रमाण-पत्र यथाशीघ्र उपलब्ध कराये। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, सिविल सर्जन, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आइसीडीएस विनीता कुमारी, सहायक योजना पदाधिकारी प्रियंका राठौर, डीपीओ, एसएसए, रसायन व मिट्टी जांच प्रयोगशाला के सहायक निदेशक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# समाज में समरसता का माहौल बनाता है खेल : प्रमोद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन औरंगाबाद के तत्वावधान में खेल मैदान में शनिवार को क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन नव निर्वाचित विधायक प्रमोद कुमार सिंह व अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट व नारियल फोड़ कर किया गया। इसके बाद नवनिर्वाचित विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और बल्ले से गेंद उछाल कर खेल की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि खेल सामाजिक समरसता बनाने, अनुशासन, खिलाड़ियों में टीम भावना से सफलता के लिए उत्प्रेरित करता है। खेल एक ऐसा माध्यम है जो युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से केवल स्वस्थ नहीं बनाता बल्कि उनमें सामाजिक समरसता के भाव को भी उत्प्रेरित करता है। भारत सरकार और बिहार सरकार खिलाड़ियों का नौकरी देने के लिए विशेष प्रावधान किया है। खेल ही एक ऐसा माध्यम है जिससे देश-दुनिया में नाम रौशन होता है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्रा, सचिव उज्ज्वल सिंह रिशु, कोषाध्यक्ष शशांक शेखर आशु, संयुक्त सचिव अखौरी अमित सिन्हा ने बताया कि इस लीग के माध्यम से सीनियर और यू 23 आयु वर्ग ग्रुप के खिलाड़ियों का चयन होगा, जो स्टेट लीग में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। लीग में जिले के 16 टीमें भाग ले रही हैं जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। इसमें कुल-60 मुकाबले होंगे और लीग के अंत में विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही लीग के दौरान अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि पंकज सिंह चंद्रवंशी, भाजपा के वरीय नेता दिग्विजय सिंह, पूर्व जिला पार्षद सत्येन्द्र सिंह, प्रफुल्ल सिंह, प्रो. संतोष कुमार सिंह, अजय पासवान, प्रखंड जदयू अध्यक्ष लव कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** विज्ञान, प्राविधिक एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार तथा बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित श्रीनिवास रामानुजन प्रतिभा खोज परीक्षा (गणित)-2025 एवं सर सी.वी. रमन प्रतिभा खोज परीक्षा (विज्ञान)-2026 का आयोजन आज राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय औरंगाबाद में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कुल 4 पालियों में यह परीक्षा शांति एवं अनुशासन के साथ आयोजित की गई। महाविद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक के कुल 1096 पंजीकृत छात्रों में से 802 छात्रों ने परीक्षा में सक्रिय रूप से भाग लिया। परीक्षा के संचालन में महाविद्यालय प्रशासन तथा परीक्षा कर्मियों की सराहनीय भूमिकाएं रही।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
एक अखबार, पूरा बिहार
राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध
अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें
9334115121/8540866721/8789755505
पटना कार्यालय
द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093

CMYK